25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 325 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 04 सितंबर 2022 http://samajjagran.in पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

सांसद नीरज शेखर की पुत्री की पहल

देवस्थली विद्यापीठ रसड़ा में 1000 से अधिक बच्चों का होगा नेत्र परीक्षण

-वाराणसी से आएंगे दो नेत्र परीक्षण वाले चिकित्सक, बलिया से तीन
-जिन छात्रों को आवश्यकता होगी दिया जाएगा निशुल्क चश्मा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : कहावत बहुत पुरानी है कि बबूल के नीचे बबूल का पेड़ और आम के पेड़ के नीचे आम का पेड़ ही उगता है। बलिया जिले में यह कहावत का उदाहरण फिर से कृतार्थ हुआ है। जी हां हम बात कर रहे हैं राज्यसभा सांसद की पुत्री और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पौत्री रानिया शेखर की। रानिया शेखर अपने पिता और दादा जी के रास्ते पर ही समाज की सेवा में एक बड़ी पहल करने जा रही है। रानिया शेखर की पहल पर रविवार को देवस्थली विद्यापीठ रसडा.में 500 से अधिक छात्रों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण होना है और सभी को आवश्यकतानुसार निशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पौत्री, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर और डा. सुषमा शेखर की पुत्री मिलाप संस्था की डायरेक्टर है और संस्था अपने तरीके से फंड इकट्ठा कर समाज की बेहतरी के लिए काम करती है। रानिया शेखर को जब समाज के किसी वर्ग की सेवा का अवसर मिला तो उसने इसके लिए बलिया को चुना। देवस्थली स्कूल में रविवार को सभी बच्चों को बुलाया गया है। अधिकांश बच्चों का नेत्र परीक्षण होगा। आवश्यकतानुसार बच्चों को निशुल्क चश्मा भी निशुल्क रानिया शेखर की ओर से दिया जाएगा। कार्यक्रम में रानिया शेखर अपने पिता सांसद नीरज शेखर के साथ मौजूद रहेगी।

विपक्ष के मिशन 2024 की कमान संभालेंगे नीतीश?

पूरे देश का करेंगे दौरा, सामने आया ये प्लान

जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने दावा किया कि उनका एकमात्र लक्ष्य विपक्षी दलों को एकजुट करना है.

2024 में होने वाले आम चुनाव को लेकर विपक्षी एकता को एकजुट करने के प्रयास में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चौंका देने वाली योजना सामने आई है. नीतीश कुमार पूरे देश का दौरा कर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश करेंगे. बिहार के मुख्यमंत्री ने शनिवार को विपक्षी एकता का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा को विकल्प की तलाश करने वाले लोगों के कल्याण के लिए पार्टियों को अपने मतभेदों को दफनाने की जरूरत है.

जदयू की कार्यकारिणी में अहम फैसला

जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने दावा किया कि उनका एकमात्र लक्ष्य विपक्षी दलों को एकजुट करना है. पार्टी ने बाद में उन्हें इस एकता को स्थापित करने के लिए काम करने के लिए अधिकृत किया. बैठक में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया जिसमें आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार के तहत देश में एक 'अघोषित आपातकाल' है जो जांच एजेंसियों का 'दुरुपयोग' करके विपक्षी आवाजों को 'चुप' करने की कोशिश कर रही है.

भाजपा पर साधा निशाना

केंद्र की भाजपा सरकार असहमति के लोकतांत्रिक अधिकार को 'देशद्रोह' करार दे रही है. प्रस्ताव में कहा गया है कि देश भाजपा के विकल्प की तलाश कर रहा है. सभी विपक्षी दलों को अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है.

केंद्र और भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

इसमें भाजपा पर देश में सांप्रदायिक उन्माद भड़काने का भी आरोप लगाया. प्रस्ताव में कहा गया कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है. समाज में असहिष्णुता और उग्रवाद बढ़ा है. दलितों और आदिवासियों को परेशान किया जा रहा है. पार्टी ने सत्तारूढ़ भाजपा को उसकी सत्तावादी प्रवृत्तियों के लिए भी नारा दिया और दिल्ली और झारखंड सहित कई राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने के लिए सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा.

सोमवार को नोएडा आएंगे नंदी, गौशाला, स्कूल और गांवों का करेंगे निरीक्षण

नोएडा में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी सोमवार को नोएडा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह प्राधिकरण के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। नंदी का नोएडा का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 19 मई को नंदी नोएडा आए थे। उस समय उन्होंने 1976 से लेकर अब तक के कार्यों की समीक्षा की थी। 37, मलीन बस्ती, छपरौली।

जिला स्तर पर होगी समीक्षा बैठक..

औद्योगिक विकास मंत्री जिला स्तर पर समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे के अधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। साथ ही नोएडा की इंटीग्रेटड मैनेजमेंट ट्रैफिक सिस्टम (आईटीएमएस), नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-152 कोंडली-सफीपुर अंडरपास, बरौला से अगाहपुर रोड एलिवेटड के नीचे का लोकार्पण भी कर सकते है।

बैगा आदिवासियों से रुपया लेने वाले 108 एम्बुलेंस चालक पर कब होगी कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।बिरसा जनपद आदिवासी बहुल होने से यहाँ के निवासी बहुत सीधे साधे होते है जिनका फायदा 108 एम्बुलेंस वाहन चालक खूब उठा रहे हैं।जानकारी अनुसार बिरसा जनपद अंतर्गत मछुरदा ग्रामपंचायत निवासी बैगा दंपति के यहां 07 अगस्त को गर्भवती महिला को शाम करीब 5 बजे से प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया जिसपर बिरसा से 108 एम्बुलेंस ग्राम गठिया निवासी भुखाऊ बैगा के यहां पहुंची,जहां पहुंचने पर एम्बुलेंस वाहन चालक को मालूम हुआ कि महिला की नार्मल डिलीवरी घर पर ही हो चुकी है जिससे परिजनों ने अस्पताल जाने से मना कर दिया।इस पर एम्बुलेंस चालक ने(जिसकी पहचान परिजनों ने बिरसा जनपद के ग्रामपंचायत कनिया का होना बताया) नही जाने पर रुपये की मांग करने लगा जिससे डर कर परिजनों ने 1000 हजार रुपया एम्बुलेंस वाहन चालक को दिया जो बेहद ही शर्मनाक है।जिस बैगा समाज को शासन प्रशासन राष्ट्रीय मानव का दर्जा देकर इनके संरक्षण के लिए लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर करोड़ों खर्च कर कार्य कर रही है तो वही कुछ लोग इनके सीधेपन का फायदा उठा कर बैगाओं को लूटने में लगे हैं।ऐसा नही है कि यह पहला मामला है, इसके पहले और मामले उजागर हुए है जिस पर अधिकारियों ने लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जिसका नतीजा 108 एम्बुलेंस वाहन के चालको का मनोबल बढ़ता गया जिससे इस क्षेत्र के एम्बुलेंस चालक बैगाओं से रुपए की मांग कर लूट रहे हैं।इसके पहले भी करीब एक साल पहले इसी ग्रामपंचायत के बैगा परिवार से एम्बुलेंस चालक ने रुपये लिये थे जिसकी शिकायत बिरसा बीएमओ डॉ सुनील सिंह से किया गया था जिसका नतीजा कुछ नही निकला जिससे एम्बुलेंस चालको का मनोबल बढ़ता गया और आज स्थिति यह है कि बैगा ग्रामो में गए 108 एम्बुलेंस चालक बिना लिए दिए आगे नही बढ़ते जिसमे हो सकता है कोई क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हो जिसके दम पर 108 एम्बुलेंस चालक अपनी मनमानी करते है जो बेहद शर्मनाक है।हालांकि प्रदेश के आयुष मंत्री रामकिशोर कांवरे ने सख्त लहजे में कहा है कि अगर कोई एम्बुलेंस चालक किसी से रुपए की मांग करता है तो उस एम्बुलेंस की निविदा निरस्त कर कानूनी कार्यवाही की जाए लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से एम्बुलेंस चालको पर कोई कार्यवाही नही होती जिससे इनका मनोबल बढ़ रहा है और रोजाना सीधे साधे बैगाओं को ये लोग अपना शिकार बना रहे हैं।अब देखना होगा कि

किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न,,,,पूर्व मंत्री ड्रा बांधी ने आरोप लगाया भूपेश सरकार में विकास कार्य ठप्प

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर।भाजपा किसान मोर्चा बिलासपुर की बैठक बिलासपुर भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मस्तूरी विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री द्वारिकेश पांडे. जिला प्रभारी गुलाब सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष जयश्री चौकसे, मोहित जायसवाल , घनश्याम कौशिक , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश चंद्राकर, प्रदेश किसान मोर्चा के पदाधिकारी बीपी सिंह , जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दुर्गा कश्यप , प्रदीप

शुक्ला , मनीष कौशिक , रामचरण वस्त्रकार, पवन पाठक, कुशल पांडे, अभिजीत पांडेय, दुर्गा पटेल,नागेंद्र पांडेय, राजू सिंह राजपूत प्रमुख रूप से शामिल हुए । उक्त बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रभारी गुलाब सिंह चंदेल ने बताया कि बैठक में किसान मोर्चा के गतिविधियों की समीक्षा कर आगामी रणनीति पर कार्ययोजना बनाई गई। आगामी समय में मंडल व जिले की बैठक, ग्राम पंचायत स्तर पर किसान सांसद प्रतिनिधी की नियुक्ति, सभी पंचायतों में संयोजक एव सहसंयोजको की नियुक्ति सहित 9 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर रायपुर स्वागत की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भूपेश सरकार में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं, लाखों गरीब किसान प्रधान मंत्री आवास के लिए भटक रहे हैं, भूपेश सरकार द्वारा 14 लाख से अधिक आवास लौटाए जाने के कारण छत्तीसगढ़ 18 हजार करोड़ से वंचित हो गया। किसानों को स्थाई बिजली कनेक्शन नही मिल पा रहें हैं, किसान मोर्चा के कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं इस भ्रष्ठ सरकार की विदाई का समय नजदीक आते जा रहा है। इस दौरान प्रदेश किसान मोर्चे के महामंत्री द्वारिकेश पांडे ने भूपेश सरकार को माफिया सरकार बताया, उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार बढ़ गया है और इससे सर्वाधिक नुकसान किसान परिवार को है, स्कूल कालेज की नई स्थापना नही हो रही, सड़कें नही बन रही, खनन माफिया के चंगुल में प्रदेश है और इससे प्रदेश की 80 प्रतिशत आबादी जो कृषि कार्य मे लगी है वही सबसे ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं, उन्होंने इस माफिया सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मोर्चा कार्यकताओं को सड़क की लड़ाई लड़ने का आव्हान किया।

बैठक में जिला प्रभारी गुलाब सिंह चंदेल ने मोर्चा के सभी कार्यकताओं का परिचय प्राप्त कर संगठन को और मजबूत करते हुए इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। बैठक में राज्य की जन विरोधी भूपेश सरकार की नीतियों की जम कर आलोचना की गई, प्रदेश में किसान आत्महत्या पर भूपेश सरकार की दोहरी नीति जिसमे राज्य के बाहर किसानों को करोड़ो की सहायता और राज्य के किसान परिवार को चंद रुपये देने की निंदा की गई है। किसानों को मिलने वाले कृषि आदान बन्द कर दिए गए वहीं धान खरीदी में किसानों को आने वाली परेशानियों, रकबा कटौती, खाद की कालाबाजारी जैसे मुद्दों को उठाया गया एवं भ्रष्ठ भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया गया।

उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पंचायत प्रतिनिधियों ने आयोग अध्यक्ष बिसेन को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। पिछडा.वर्ग.कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन एवं क्षेत्रीय विधायक टामलाल सहारे से सौजन्य भेंट कर उन्हें क्षतिग्रस्त पुलिया ऊंचाई कम होने से आये दिन बाढ़ आने से ग्रामीणों को हो रही असुविधा के अलावा कभी भी भीषण दुर्घटना की जानकारी से अवगत कराते हुए उन्होंने उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण किए जाने की मांग

करते हुए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा आघा दर्जन गांवों का सम्पर्क टूटा उल्लेखनीय है कि अतरी नंदलेसरा के बीच निर्मित पुलिया जहां क्षतिग्रस्त हो चूका है वहीं पुलिया की ऊंचाई कम होने से हमेशा वर्षा काल मे बाढ़ आने से अनेकों ग्रामीण क्षेत्रों का सम्पर्क टूट जाता है यहां तक स्कूली छात्र छात्राओं व नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है हमेशा उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण किये जाने की मांग किया जा रहा।

सरपंच ने रखी मांग

जनपद पंचायत नंदलेसरा की सरपंच श्रीमती ललिता सुरेन्द्र कुर्वे ने जनपद कार्यालय सभागृह मे आयोजित पहली बैठक मे अधिकारीयो के समक्ष पुलिया निर्माण किए जाने की उन्होंने मांग की थी वहीं पांच तारीख को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बालाघाट विभिन्न कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए आगमन हो रहा है अतरी नंदलेसरा मार्ग पर स्थित पुलिया अपना वजूद खो चुकी है यहां तक कि ऊंचाई कम होने से प्रति वर्ष बाढ़ आने से ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इस विषय को लेकर जनपद सदस्य अजीत बिसेन, सरपंच श्रीमती ललिता सुरेन्द्र कुर्वे ने नगर के शासकीय विश्राम गृह मे.पि.व.कल्याण आयोग के अध्यक्ष गोरी शंकर बिसेन से भेंट कर समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा वहीं क्षेत्रीय विधायक टामलाल सहारे को एक ज्ञापन सौंपा जिसके पश्चात विधायक सहारे ने तत्काल मुख्यमंत्री के नाम पर पत्र लिखा वहीं पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन ने भी शीघ्र ही पुलिया निर्माण कार्य कराये जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मंडल को दिया।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 2

डॉ. धर्मवीर भारती

डॉ. धर्मवीर भारती (जन्म- 25 दिसंबर, 1926 - 4 सितंबर, 1997) आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रमुख लेखक, कवि, नाटककार और सामाजिक विचारक थे। वे साप्ताहिक पत्रिका 'धर्मयुग' के प्रधान संपादक भी रहे। डॉ. धर्मवीर भारती को 1972 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनका उपन्यास 'गुनाहों का देवता' हिन्दी साहित्य के इतिहास में सदाबहार माना जाता है।

जन्म

धर्मवीर भारती का जन्म 25 दिसंबर 1926 को इलाहाबाद के 'अतरसुइया' नामक मोहल्ले में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री. चिरंजीवलाल वर्मा और माता का नाम श्रीमती चंदादेवी था। भारती के पूर्वज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाहजहाँपुर ज़िले के 'खुदागंज' नामक कस्बे के जमीदार थे। पेड़, पौधों, फूलों और जानवरों तथा पक्षियों से प्रेम बचपन से लेकर जीवन पर्यन्त रहा। संस्कार देते हुए बड़े लाड़ प्यार से माता पिता अपने दोनों बच्चों धर्मवीर और उनकी छोटी बहन वीरबाला का पालन कर रहे थे कि अचानक उनकी माँ सख्त बीमार पड़ गयीं दो साल तक बीमारी चलती रही। बहुत खर्च हुआ और पिता पर कर्ज.चढ़ गया। माँ की बीमारी और कर्ज.से वे मन से टूट से गये और स्वयं भी बीमार पड़ गये। 1939 में उनकी मृत्यु हो गई ।[1]

शिक्षा

इन्हीं दिनों पाद्य पुस्तकों के अलावा कविता पुस्तकें तथा अंग्रेजी उपन्यास पढ़ने का बेहद शौक जागा। स्कूल खत्म होते ही घर में बस्ता पटक कर वाचनालय में भाग जाते वहाँ देर शाम तक किताबें पढ़ते रहते। इंटरमीडियेट में पढ़ रहे थे कि गांधी जी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़ दी ओर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। सुभाष के प्रशंसक थे, बचपन से ही शस्त्रों के प्रति आकर्षण भी जाग उठा था सो हर समय हथियार साथ में लेकर चलने लगे और 'सशस्त्र क्रांतिकारी दल' में शामिल होने के सपने मन में सँजोने लगे, पर अंततः मामा जी के समझाने बुझाने के बाद एक वर्ष का नुकसान करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई के लिए दाखिला लिया। कोर्स की पढ़ाई के साथ साथ उन्हीं दिनों शैली, कीट्स, वड्र्सवर्थ, टॅनीसन, एमिली डिकिन्सन तथा अनेक फ़्रांसीसी, जर्मन और स्पेन के कवियों के अंग्रेजी अनुवाद पढ़े, एमिल जोला, शरदचंद्र, गोर्की, क्युप्रिन, बालजाक, चार्ल्स डिकेन्स, विक्टर हयूगो, दॉस्तोयव्स्की और टॉल्सतोय के उपन्यास खूब डूब कर पढ़े ।[1]

लेखन और पत्रकारिता

स्नातक, स्नातकोत्तर की पढ़ाई ट्युशनों के सहारे चल रही थी। उन्हीं दिनों कुछ समय श्री पद्मकांत मालवीय के साथ 'अभ्युदय' में काम किया, इलाचन्द्र जोशी के साथ 'संगम' में काम किया। इन्हीं दोनों से उन्होंने 'पत्रकारिता' के गुर सीखे थे। कुछ समय तक 'हिंदुस्तानी एकेडेमी' में भी काम किया। उन्हीं दिनों खूबकहानियाँ भी लिखीं। 'मुर्दों का गाँव' और 'स्वर्ग और पृथ्वी' नामक दो कहानी संग्रह छपे। छात्र जीवन में भारती पर शरत चंद्र चट्टोपाध्याय, जयशंकर प्रसाद और ऑस्कर वाइल्ड का बहुत प्रभाव था। उन्हीं दिनों वे माखन लाल चतुवेर्दी के सम्पर्क में आये और उन्हे पिता तुल्य मानने लगे। दादा माखनलाल चतुवेर्दी ने भारती को बहुत प्रोत्साहित किया।[1]

उच्च शिक्षा और प्रगतिशील लेखक संघ

स्नातक में हिन्दी में सर्वाधिक अंक मिलने पर प्रख्यात 'चिंतामणि गोल्ड मैडल' मिला। स्नातकोत्तर अंग्रेजी में करना चाहते थे पर इस मैडल के कारण डॉ. धीरेन्द्र वर्मा के कहने पर उन्होंने हिन्दी में नाम लिखा लिया। स्नातकोत्तर की पढ़ाई करते समय 'मार्क्सवाद' का उन्होंने धुंआधार अध्ययन किया। 'प्रगतिशील लेखक संघ' के स्थानीय मंत्री भी रहे लेकिन कुछ ही समय बाद साम्यवादियों की कट्टरता तथा देशद्रोही नीतियों से उनका मोहभंग हुआ। तभी उन्होंने छहों भारतीय दर्शन, वेदांत तथा बड़े विस्तार से वैष्णव और संत साहित्य पढ़ा और भारतीय चिंतन की मानववादी परम्परा उनके चिंतन का मूल आधार बन गयी।[1]

शोध कार्य

डॉ. धीरेन्द्र वर्मा के निर्देशन में 'सिद्ध साहित्य' पर शोध कार्य चल रहा था। साथ ही साथ उस समय कई कवितायें लिखी गई जो बाद में 'ढंडा लोहा' नामक पुस्तक के रूप में छपी। और उन्हीं दिनों 'गुनाहों का देवता' उपन्यास लिखा। साम्यवाद से मोहभंग के बाद 'प्रगतिवादः एक समीक्षा' नामक पुस्तक लिखी। कुछ अंतराल बाद ही 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' जैसा अनोखा उपन्यास भी लिखा।[1]

इलाहबाद विश्वविद्यालय में हिन्दी प्राध्यापक

शोधकार्य पूरा करने के बाद वहीं विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक के रूप में नियुक्ति हो गई। देखते ही देखते बहुत लोकप्रिय अध्यापक के रुप में उनकी प्रशंसा होने लगी। उसी दौरान 'नदी प्यासी थी' नामक 'एकांकी नाटक संग्रह' और 'चाँद और टूटे हुए लोग' नाम से कहानी संग्रह छपे। 'ठेले पर हिमालय' नाम से ललित रचनाओं का संग्रह छपा और शोध प्रबंध 'सिध्द साहित्य' भी छप गया। मौलिक लेखन की गति बड़ी तेजी से बढ़ रही थी। साथ ही अध्ययन भी पूरी मेहनत से किया जाता रहा। उस दौरान 'अस्तित्ववाद' तथा पश्चिम के अन्य नये दर्शनों का विशद अध्ययन किया। रिल्के की कविताओं, कामू के लेख और नाटकों, ज्याँ पॉल सार्त्र की रचनाओं और कार्ल मार्क्स की दार्शनिक रचनाओं में मन बहुत डूबा। साथ ही साथ महाभारत, गीता, विनोबा और लोहिया के साहित्य का भी गहराई से अध्ययन किया। गांधीजी को नयी दृष्टि से समझने की कोशिश की। भारतीय संत और सूफी काव्य और विशेष रूप से कबीर, जायसी और सूर को परिपक्व मन और पैनी हो चुकी समझ के साथ पुनः और समझा।[1]

मुम्बई और संपादन

इसी बीच 1954 में श्रीमती कौशल्या अश्क द्वारा सुझाई गई एक पंजाबी शरणार्थी लड़की 'कांता कोहली' से विवाह हो गया। संस्कारों के तीव्र वैषम्य के कारण वह विवाह असफल रहा। बाद में सम्बंध विच्छेद हो गया। लेखन का काम अबाध चल रहा था। 'सात गीत वर्ष', 'अंधायुग', 'कनुप्रिया ' और 'देशांतर' प्रकाशित हो चुके थे। कुछ ही समय बाद बम्बई से एक प्रस्ताव 'धर्मयुग' के संपादन का आया। 'निकष' को आगे न चला पाने की कसक मन में थी ही, संपादन की ललक ने प्रस्ताव पर विचार किया और विश्वविद्यालय से एक वर्ष की छुट्टी लेकर 1960 मे बम्बई चले आये।[1]

पुनर्विवाह

धर्मयुग के संपादन में नये क्षितिज नजर आने लगे, साहित्यिक लेखन से इतर अपने देश के लिये बहुत कुछ बड़े काम किये जा सकते हैं यह समझ में आने लगा तो विश्वविद्यालय की नौकरी से त्यागपत्र देकर पूरे समर्पण के साथ धर्मयुग के संपादन में ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान एक अत्यंत शिक्षित और संभ्रांत परिवार में जन्मी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शोध छात्रा जो कलकत्ता के 'शिक्षायतन कॉलेज' में हिन्दी की प्राध्यापक बन चुकी थी, उससे विवाह किया। यही 'पुष्पलता शर्मा' बाद में पुष्पा भारती नाम से प्रख्यात हुईं।[1]

धर्मयुग पत्रिका
मुख्य लेख : धर्मयुग

धर्मवीर भारती के द्वारा संपादित 'धर्मयुग' पत्रकारिता की कसौटी बन चुका है। आज के पत्रकारिता के विद्यार्थी उनकी शैली को 'धर्मवीर भारती स्कूल ऑफ जर्नलिज्म' के नाम से जानते हैं। सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, खेलकूद, साहित्यिक सभी पक्षों को समेटते हुए राष्ट्रीय और

सत्यं ब्रूयात प्रियम ब्रूयात

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज'

उत्तम सत्य आत्मा का एक गुण है। जैसे किसी पर बनावटी आवरण पड़ा हो और वह हट जाये तो वास्तविक तस्वीर निकल आती है, वही सत्य है। जिसमें कोई, मिलावटी न हो, बनावटीपन न हो, कोई लाग-लपेट न हो वह सत्य है। ऋषि- मुनियों ने कहा है- ह्यसत्यं ब्रूयात प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात सत्यमप्रियम्।ह्न सत्य बोलो पर प्रिय बोलो, ऐसा सत्य भी मत बोलो जो अप्रिय हो अर्थात जिससे किसी प्राणी का घात होता हो, प्राणी की हिंसा होती हो ऐसा सत्य भी नहीं बोलना चाहिए।

इस संबन्ध में एक उदाहरण आता है- एक राजकुमार को ज्ञात था कि अमुक संत मन की बात जान लेते हैं। वह उन्हें झूठा साबित करने के लिए एक चिड़िया लेकर भरी सभा में उनके सामने गया। पूछता है यह चिंडिया जीवित है या मृत? वह जीवित चिड़िया के गले पर हाथ का अंगूठा लगाये था, सोच कर गया था यदि उन्होंने बोला जीवित है तो अंगूठा से गला दबा कर मार संत को झूठा सावित कर देगा। और मृत बोला तो जीवित तो है ही। सन्त सारी बात समझ गये। उन्होंने राजकुमार के प्रश्न के उत्तर में कहा- ह्यतुम यह मृत चिड़िया हाथ में लिये हुए हो। राजकुमार ने तुरत मुट्ठी खोल कर चिड़िया उड़ा दी और कहा इन संत को कुछ ज्ञात नहीं हो पाता ये झूठे हैं, देखो थोड़ी सी बात भी नहीं बता सके, इनके विषय में व्यर्थ कहा जाता है कि ये मन की बात जान कर सच बता देते हैं।संत ने कहा- राजकुमार! मैं तुम्हारे मन की सारी बात जान गया था, यदि में उसे जीवित बता देता तो तुम उसे मार देते। मेरे एक झूठ से यदि उस जीव की जान की रक्षा हो गई तो यह झूठ भी सत्य की श्रेणी में आता है। इसीलिए कहा है कि सत्य बोलें किन्तु प्रिय बोलें।

जैन दर्शन में सत्य का अर्थ मात्र ज्यों का त्यों बोलने का नाम सत्य नहीं है , बल्कि हित-मित-प्रिय वचन बोलने से है। हितकारी वचन यानि जिसमें जीव मात्र की भलाई हो , कहने का अभिप्राय ये है कि जिन वचनों से यदि किसी जीव का अहित होता हो तो वे वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही है। मित यानि मीठा बोलो अर्थात कड़वे वचन , तीखे वचन , व्यंग्य परक वचन , परनिंदा , पीड़ाकारक वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही माने गये हैं। प्रिय वचन यानि जो सुनने में भी अच्छे लगे , ऐसे वचन ही सत्य वचन हैं। हित, मित और प्रिय वचन बोलने की ही शास्त्र अनुमति देते हैं। हित अर्थात अपने और दूसरों के हितकारी वचन, मित अर्थात सीमित, अल्प केवल जितनी आवश्यकता हो उतने वचन बोलना और प्रिय के लिए तो कहा है- कटुक- कठोर- निंद्य नहिं वयन उचारै। हमारा राष्ट्रीय वाक्य है -ह्यसत्यमेव जयतेह्न, सत्य की हमेशा विजय होती होती है, सत्य कभी न कभी उजागर हो ही जाता है। सत्य के विषय में कहा जाता है- दाबी-दूबी न रहै, रुई लपेटी आग। रुई में आग लगी हो तो उसे कितना भी लपेट कर ढक दिया जाय, धीरे धीरे सुलगते सुलगते वह विकराल रूप लेकर सामने आ ही जाती है। एक सत्य को झकने के लिए व्यक्ति को अनेकों झूठ बोलना पड़ते हैं, और जो एक बार सत्य बोल देता है, वह निश्चिंत रहता है। हमें नित्य व्यवहार में भी यथा संभव सत्य बोलने का प्रयत्न करना चाहिए।



राशि फल

आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी/नवमी, रविवार, 04 सितम्बर 2022 का दिन आपके लिए कैसा रहेगा। आज आपके जीवन में क्या-क्या परिवर्तन हो सकता है, आज आपके सितारे क्या कहते हैं, यह जानने के लिए पढ़ें आज का भविष्यफल।

मेष राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय में लाभ प्राप्ति और नौकरी में तरक्की मिल सकती है। नए लोगों से मुलाकात होगी और उनसे व्यावसायिक व सामाजिक संबंध बन सकते हैं। पुराने मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होंगे। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के विवाह के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। स्नेहीजनों एवं मित्रों की तरफ से सौगात मिलेगी। किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

वृषभ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा और परिश्रम से किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी। कार्यभार में वृद्धि और व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवास होने की संभावना रहेगी। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों से लाभ होने की संभावना है। हालांकि, परिजनों के साथ गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं, इसलिए वाणी पर संयम रखें। शांत रहने से रिश्तों को अधिक मजबूत बना सकते हैं।

मिथुन राशि :- आज का दिन अनुकूलता और प्रतिकूलता से मिश्रित फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन खर्च बढने.से तनाव में रह सकते हैं। बौद्धिक कार्य और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे और उन्हें अपनाएंगे। सृजनात्मक क्षेत्र में सृजनशक्ति का परिचय देंगे। फिर भी मानसिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में मांगलिक आयोजन हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

कर्क राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। आकस्मिक धनहानि की संभावना रहेगी। सोच-समझकर निवेश करना लाभदायक रहेगा। अफवाहों से बचना होगा। अनैतिक कामों से दूर रहें और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा व्यर्थ के विवादों में उलझ सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना होगा। खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है, जिससे मन व्याकुल रहने की संभावना है।

सिंह राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, कार्यों में सफलता मिलेगी और आय में वृद्धि के योग रहेंगे। गुस्से पर काबू और वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। कहीं बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं और परिजनों के साथ भरपूर मनोरंजन कर सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। परिजनों-मित्रों के साथ मांगलिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

कन्या राशि :- आज का दिन आर्थिक योजना को लागू करने के लिए अच्छा है। लम्बे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी और जिंदगी सही दिशा की ओर मोड़ लेगी। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे। मित्रों तथा स्वजनों से मुलाकात होगी। परिवार का वातावरण सुखमय रहेगा। परिजनों के साथ समय आनंद में व्यतीत होगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखकर विवाद से बच सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

तुला राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सहकर्मियों और अधिकारियों से भरपूर सहयोग मिलेगा। वाणी पर संयम आपको लाभ दिला सकता है। शुभकार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और पठन- लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। कठिन परिश्रम का अच्छा परिणाम मिलेगा। काम में तत्परता और कुशलता आपकी प्रगति में सहायक होंगे। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी दुविधा में उलझ सकते हैं, जिसके कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले पाएंगे। कठिन परिश्रम और वैचारिक उलझनों के कारण मानसिक व शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। हालांकि, नजरिया बदलकर और सोच-समझकर काम को आगे बढ़ाएंगे, तो सफलता भी मिलेगी। इसके लिए अनुभव की आवश्यकता होगी। धार्मिक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ेगा। परिवार में विवाद होने की संभावना रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

धनु राशि :- आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। नये कार्यों की शुरूआत लाभदायक रहेगी। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति के साथ होने से आप आनंदित रहेंगे। छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन मुश्किलों से लडने.के अपने स्वभाव के चलते समस्याएं हल होंगी।

मकर राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च भी बढ़ेगा, जिससे तनाव में रह सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख शांति से दिन व्यतीत होगा और उनका भरपूर सहयोग मिलेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ संपर्क और व्यवहार लाभदायक साबित होंगे। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। खुद का शांत रखना लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, यात्रा पर जाने से बचें।

कुम्भ राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा और वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी, लेकिन सरकारी काम निकालवाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से विवाद होने की संभावना रहेगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी काम की स्वीकृति नहीं मिलने से गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा। वाक्पटुता और मीठी वाणी से अपने काम में सफल हो सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

मीन राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार ठंडा रहने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों के साथ घूमने-फिरने जा सकते हैं, लेकिन व्यवहार में आपको संयमित रहना पड़ेगा, वरना परेशानी में पड़ सकते हैं। वाहन चलाने में सावधानी रखनी होगी। वाणी की शिथिलता उग्र तकरार करा सकती है। परिजनों से अनबन हो सकती है। मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

नारद उवाच (गीता भाग 158)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

परिग्रहों परित्यज्य,
भवतात जितेन्द्रियः।
अशोकं स्थानं आतिष्ठ,
इस चामुत्र चाभयम् ।।

हे तात शुकदेव! तुम संग्रह भाव को त्याग कर जितेन्द्रिय हो जाओ` तुम उस पद को प्राप्त करो जो लोक तथा परलोक में शोक रहित व निर्भय हो`

निरामिषा न सोचंति,
त्यजेत आमिषं आत्मनः
परि त्यज्यामिषं सौम्य,
दुखतापात विमोक्ष्यसे`

जिसने भोगों का त्याग कर दिया है वह कभी भी शोक में नहीं पड़ सकता इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को भोग आसक्ति का त्याग कर देना चाहिए `ऐसा करने से भोग और संताप दोनों से मुक्ति मिल जायेगी`

तपो नित्येनदान्तेन,
मुनिनाथ संयतात्मना।
अजितं जेतु कामेन,
भाव्यं। संगेष्वसंगिना।।

जो अजित (परमात्मा) को जीतने की कामना करता होते समाज में लीन, जितेन्द्रिय,संयत चित हो कर विषयों से दूर रहना चाहिए`

गुण संगेष्वनासक्त,
एक चर्या रता सदा ।
ब्राह्मणो नचिरादेव,
सुखमायात्यनुत्तमम्।।

जो ब्राह्मण रज,। तम और सत। गुणों से अनासक्त हो कर सदा एकांत वास करता है वह शीघ्र ही मोक्ष रूपी सुख को प्राप्त कर लेता है`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853 संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 3

32 साल पुराना मामला देव थाना कांड संख्या 31/1990 के हत्या के आरोपी किशोर रिहा।

दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ औरंगाबाद (बिहार) किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी मनीष कुमार पाण्डेय ने आज 32 साल पुराना मामला देव थाना कांड संख्या 31/1990 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र किशोर को भादंसं की धारा 147/148/149/307/302 में साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। उपरोक्त तथ्यों की पुष्टी करते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि किशोर अब सफल किसान की जिंदगी जी रहा है उसे संदेह का लाभ मिला।

सिरदला में रिवाल्वर से चली गोली, कोचिंग संचालक घायल

ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा। नवादा जिले के सिरदला बाजार में डैनीझोर मोड़ के पास संचालित भाभा कोचिंग सेंटर में शुक्रवार की शाम करीबी 5 बजे गोली चलने से कोचिंग संचालक रौशन कुमार घायल हो गये। कोचिंग संचालक सिरदला थानाक्षेत्र के जेहलडीह गांव निवासी हरिश्चन्द्र यादव के पुत्र हैं। घटना के बाद अफरातफरी मच गयी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ कोचिंग संचालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरदला में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ राजीव कुमार और डॉ शत्रुघ्न प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष सरोज कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। सिरदला में कोचिंग संचालक के साथ पहली बार इस प्रकार की घटना हुई है। जिससे अन्य कोचिंग संचालकों में भय व्याप्त हो गया है। छात्र ने गोली किस कारण से चलायी और हथियार छात्र के पास कहां से आया यह साफ नहीं हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 27/21 में अनुसंधानकर्ता संतोष कुमार और बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार मेहता के वेतन रोकने का आदेश।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र चीफ, औरंगाबाद (बिहार)

किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी मनीष कुमार पाण्डेय ने मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 27/21 में सुनवाई करते हुए अनुसंधानकर्ता संतोष कुमार और बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार मेहता के वेतन रोकने का आदेश आरक्षी अधीक्षक औरंगाबाद और कोषागार पदाधिकारी औरंगाबाद को दिया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि 15/02/21 को केस दर्ज किया गया था कानून के अनुसार छोटे और गंभीर अपराध के मामलों में दो माह के भीतर वाद दैनिकी और आरोप पत्र दाखिल करना आवश्यक होता है,मगर नियम का पालन नहीं हुआ, 16 /07/ 22 को भी लेटर भेजा गया था किन्तु आज तक किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में बहुप्रतीक्षित दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया जो न्यायिक आदेश का अवमानना है इस कारण वाद प्रक्रिया लंम्बीत है अंततः विवश होकर किशोर न्याय परिषद ने वेतन रोकने का आदेश जारी किया है।

औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने किया भूमि बंदोबस्ती पर्चा का वितरण।

दैनिक समाज जागरण,विश्वनाथ आनंद/अनिल कुमार मिश्र,ब्यूरोचीफ, औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार):- औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने

भूमि बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया है ' उक्त जानकारी जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय के प्रधान सहायक एहसान अहमद ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी गोविंद चौधरी ,अंचल अधिकारी बारुण व जिला लोक शिकायत निवारण के प्रधान सहायक एहसान अहमद के उपस्थिति में जिला पदाधिकारी ने अपने कक्ष में जिला लोक शिकायत निवारण की द्वितीय अपील की सुनवाई किया था ' जिसके फलस्वरुप जिला पदाधिकारी ने अपने कक्ष में ग्राम- दूधईला, पोस्ट- सुंदरगंज, प्रखंड- बारुण, निवासी सीमा देवी को भूमि बंदोबस्ती का पर्चा दिया '

छेड़खानी के आरोपित दो दोषी को हुआ तीन साल का जेल।

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ , औरंगाबाद (बिहार)

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट ब्रजेश कुमार पाठक ने रफीगंज थाना कांड संख्या 236/20 मेंआज सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि अभियुक्त शशि कुमार यादव सैफगंज , सुजीत कुमार यादव जाखीम को भादंसं धारा 354 और पोक्सो एक्ट की धारा 8 में तीन तीन साल की सजा और दो दो हजार जुमार्ना सुनाया है, दोनो सजाएं साथ- साथ चलेंगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व ही दोषी करार देने के बाद दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया था, आज भी सजा सुनाकर जेल भेज दिया गया, अभियुक्तों पर प्राथमिकी दो नाबालिग पीड़िता के दादा ने 22/09/20 को दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने 18/09/20 को अभियुक्तों ने कजपा से टयुशन पढ़कर लोट रही दो नाबालिग लड़की से राह में छेड़खानी कर फोटो खिंचा गया था,

41 वी राष्ट्रीय सब जूनियर शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का रंगारंग शुरूआत।

दैनिक समाज जागरण गया से रमेश कुमार

41 वी राष्ट्रीय सब जूनियर शूटिंग बॉल बालक एवं बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जिसमें देश के 27 राज्यों के 718 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सीमा सुरक्षा बल के डिप्टी स्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस टीश्रृंग दोरजे विशेष अतिथि सेकेंड इन कमांड विक्रम सिंह व ड्यूटी कमांडेड व्यंकटेश रमन मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी आनंदी कुमार शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रविंद्र तोमर शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव विनय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर खेल की शुरूआत की गयी। उद्घाटन सत्र में बिहार बाल भवन किलकारी के बच्चों के द्वारा स्वागत गान तथा मैथिली लोक नृत्य एवं कत्थक नृत्य और सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा बैंड मार्च द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनसे देख भी राज्य साहब खिलाड़ी मैं एक अलग उठ जाओ उत्पन्न हुई मौके पर किलकारी के बच्चों द्वारा बिहार की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रस्तुति दी गई जिसे देख राज्य के खिलाड़ियों मैं एक अलग सी खुशी देखने को मिली डीजे द्वारा

अपने भाषण संबोधन में कहा गया कि आज सत्ता क्योंकि दुखियारी बिहार आए हैं इन्हें देख कर हमें अपनी बचपन की याद आती है और हम शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमें यहां बुलाया एवं अच्छी व्यवस्था की वही मौके पर महासचिव शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा कहा गया कि बच्चों के खाने पीने में लेकर हम सभी चीजों का उचित प्रबंध किया गया है आज बच्चे बिहार के लिट्टी चोखा एवं कई स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठाएं मंच संचालन शूटिंग वाले स्टेशन बिहार के उपाध्यक्ष अभिलाषा कुमारी द्वारा किया गया इससे पहले सभी अतिथियों का स्वागत शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव विनय कुमार सिंह एवं जनमानस फाउंडेशन के सचिव विजय कुमार के द्वारा किया गया उद्घाटन के दौरान शानदार आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई मौके पर शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर श्री महावीर तोमर जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र सिंह तोमर वाइस प्रेसिडेंट गंगा एरिया ट्रेजरर जयप्रकाश का टेक्निकल रफीक मोहम्मद वाइस प्रेसिडेंट चंदन सिंह एग्जीक्यूटिव मेंबर विनय कुमार सिंह ओपी मेहरा राजीव मेहरा अतुल निगम अकाश तोमर विजय कुमार वाइस प्रेसिडेंट अभिलाषा कुमारी, विवेक भारद्वाज मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में बिहार बल भवन किलकारी गया के प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक वेद प्रकाश सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी नादरा कौसर ब किलकारी के बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

रॉयल नाट्य की दुर्गा पुजा पंडाल रंग विरंगी लाईटो से आकर्षण का केंद्र रहेगी -सुधीर

दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल- दुर्गा पुजा मानने को हेतु रॉयल नाट्य क्लब महाबीर चौक अरवल ने की बैठकेइसकी अध्यक्षता के लिए बैठक में लोगों ने सर्वसम्मती से शिक्षक विनोद साहनी को सभापति के लिए मनोनीत कियोरॉयल नाट्य क्लब के मिडिया प्रभारी अंगद कुमार ने बताया की इस वर्ष दुर्गा पुजा मनाने के लिए नये टीम का गठन एवं इसकी आयोजन की रूप-रेखा पर चर्चा की गयी जिसमें लोगों ने सर्वसम्मती से पूर्व अध्यक्ष सुधीर कुमार को इस वर्ष के लिए भी अध्यक्ष पद पर चुना, इसके अलावे सर्वसम्मती से अन्य पदों पर टीम का गठन किया गया।जिसमें उपाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार,सचिव मंजय कुमार,उपसचिव पद पर अंगद कुमार इसके अलावे इन्हें मिडिया प्रभारी की जिम्मेवारी प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दी गयी कोषाध्यक्ष मुकेश मालाकार इनके सहायक उपकोषाध्यक्ष सन्नी प्रकाश गुप्ता को बनाया गयो इसके साथ ही वरिष्ठ रूप में संगक्षक रामाधार पासवान, संगठनमंत्री अरुण

कुमार, व्यवस्थापक नौलेश पासवान, विगत कई वर्षो से पुजा समिति के लाइसेंसधारी रहे प्रेमाधारी प्रेमी को इस वर्ष के लिए भी इसकी जिम्मेवारी पर पदोंचित किया गयो इक्कीस सदस्य कार्यकारणी मंडल के अध्यक्ष रोहित कुमार ऊर्फ साधु एवं सूचनामंत्री अमलेश कुमार को बनाया गयोबैठक में पुजा समिति के इक्कीस सदस्यीय कार्यकारणी मंडल की जिम्मेवारी चंदन पासवान,मितल पासवान,गोलू कुमार,विक्रांत पासवान,वीरू पासवान,आसु पासवान,आलोक कुमार लादेन, राकेश पासवान, जितेंद्र मालाकार, महेंद्र मालाकार,गुड्डू मालाकार,नवीन कु मार ,श्रीजीत पासवान,सुलेन्द्र मालाकार, धर्मवीर सोनी,प्रेम कुमार गुप्ता,राज कुमार गुप्ता, पवन कुशवाहा,नागेंद्र गुप्ता,पवन गुप्ता, टुन्नू मालाकर को पुजा पंडाल में कार्यो की देख रेख के लिए शिष्ट मंडल चुना गयो अध्यक्ष सुधीर कुमार का कहना है की इस वर्ष हमारा पूजा पंडाल,रंग-विरंगी लाईटो एवं पंडाल की भव्य बनावट रूपी से आकर्षण का केंद्र रहेगी।

भगवती जागरण में भक्ति गीतों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

प्रसिद्ध लोकगायक विनय पांडेय ने गीतों की से बंधा शमां, 25 वर्षो से हो रहा आयोजन

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा। वारिसलीगंज नगर परिषद के खानापुर ग्राम स्थित हरिनन्दन कुटीर में आयोजित पांच दिवसीय श्री गणेश पूजनोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार की देर रात भगवती जागरण का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित हरिनन्दन पांडेय तथा आचार्य पंडित अजीत कुमार पाण्डेय के संयुक्त निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पटना के प्रसिद्ध लोकगायक विनय पांडेय एवं उनके साथियों ने एक से बढ़कर एक कजरी, झूमर, गजल, भजन एवं सुरीले गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में जिला धर्मजागरण प्रमुख सह अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रखंड अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रमौली शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि विश्व कल्याण एवं वारिसलीगंज क्षेत्र की खुशहाली और शान्ति के लिए इस स्थान पर करीब 25 वर्षों से श्री गणेश पूजनोतसव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन रात्रि में प्रसिद्ध गायक के माध्यम से भक्ति गीतों से लोग सराबोर हो रहे हैं।

आचार्य हरिनंदन पांडेय तथा अजित पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रामीणों का भरपूर नैतिक समर्थन मिलता है। क्योंकि, पूरे गांव में सिर्फ इसी स्थान पर

श्री गणपति महाराज की पूर्ण भक्ति भाव और धूमधाम से पूजा होती है।

आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अन्य लोगों के अलावा आचार्य विपिन पांडेय, आचार्य सुभाष पांडेय, आचार्य पंकज पांडेय, इंजीनियर चन्दन कुमार, इंजीनियर वेदप्रकाश कुमार, उपेन्द्र कुमार सिंह समेत काफी संख्या में उपस्थित ग्रामीण रात भर गीत - संगीत का आनंद उठाते रहे।

अधिवक्ता धनंजय कुमार के हत्या ,किसी भी समय हो सकती है! प्रशासन से सुरक्षा की गुहार।

किसी तरह की हमले हुए तो पुलिस कप्तान एवं जिला पदाधिकारी औरंगाबाद जवाब देह होंगे - अधिवक्ता धनंजय कुमार।

दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 3 सितंबर 2022 :- जिला अधिवक्ता संघ औरंगाबाद के अधिवक्ता धन्नजय कुमार को न्यायालय से निकलते वक्त.असामाजिक तत्व और अपराधिक तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है । इस संबंध में जिला अधिवक्ता संध के अध्यक्ष द्वारा औरंगाबाद के पुलिस कप्तान को सूचना दी गई है कि धनंजय कुमार के साथ किसी भी समय कोई अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई है एवं जानलेवा हमला से इंकार नहीं किया जा सकता है। उक्त आशय की जानकारी अधिवक्ता धनंजय कुमार ने दैनिक समाज जागरण समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अनिल कुमार मिश्र को दूरभाष पर दी है। श्री कुमार ने बताया की विशेष शाखा औरंगाबाद द्वारा इस संबंध में जांच की गई है इसके बावजूद भी प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है और किसी भी समय अप्रिय घटना कारीत होने से इनकार नहीं किया जा सकता । इस संबंध में बिहार सरकार के गृह विभाग का संकल्प संख्या 3663 दिनांक 02.05.2017 के आलोक में अंगरक्षक के औचितता के संबंध में प्रतिवेदन की माँग जिला प्रशासन से की गई है, फिर भी जिला प्रशासन द्वारा कोई भी सुरक्षात्मक कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है । श्री कुमार ने समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है , अगर अधिवक्ता धनंजय कुमार के ऊपर अगर किसी प्रकार का जानलेवा हमला होता है तो जिला पदाधिकारी औरंगाबाद और पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद सीधे-सीधे जिम्मेदार होंगे अगर किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो पुलिस अधीक्षक ल जिला पदाधिकारी औरंगाबाद अपने कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकते हैं।

पूनम कुमारी नगर परिषद मधेपुरा के लोगों की मुख्य पार्षद के रूप में पहली पसंद

मधेपुरा ।

नगर परिषद चुनाव की तिथि की घोषणा विधिवत रूप से हो गई है। चुनाव की घोषणा मात्र से ही नगर परिषद मधेपुरा चुनाव को लेकर सियासी ताना-बाना दिखाना आरंभ हो गया है। मुख्य पार्षद के रूप में कई नाम सामने आने लगे हैं। इन नामों में कई पुराने और चर्चित चेहरे हैं तो कई नए चेहरे भी। भावी चेयरमैन के रूप में अलग-अलग नामों को लेकर मतदाताओं की भी चचाओं का दौर भी तेज हो गया है। इन नामों के बीच एक नाम ऐसे भी है जो आम मतदाताओं के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है और वह नाम है शहर के जाने-माने हस्ती कुशल बिजनेसमैन प्रखर समाजसेवी व दिग्गज राजनेता नगर परिषद मधेपुरा का दो टर्म मुख्य पार्षद रहे डॉ.बिजय कुमार बिमल की धर्मपत्नी पी वी वर्ल्ड (10+2) स्कूल की प्राचार्या पूनम कुमारी का । इन दिनों शहर का ऐसा कोई चौक चौराहा नहीं जहां नगर निगम चुनाव की बात हो और बिजय बाबू की धर्मपत्नी समाजसेविका पूनम मैम के नाम की चर्चा ना हो। मधेपुरा नगर परिषद मुख्य पार्षद पद के होने वाले चुनाव में आखिर ऐसी क्या विवशता है कि चेयरमैन प्रत्याशी के अलग-अलग नामों के बीच मतदाताओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है पूनम कुमारी । पत्रकारों की एक टीम जब भावी प्रत्याशी को लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग उम्र के महिला पुरुष और युवा पीढ़ी के मतदाताओं से इस विषय को लेकर चर्चा की कि आखिर ऐसी क्या विवशता है कि आज मधेपुरा नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए एक ऐसे व्यक्ति का नाम खासा चर्चा का विषय बना चुका है जो शुद्ध रूप से शिक्षाविद,व्यवसायी व समाज सेविका हैं जबकि मधेपुरा नगर परिषद को विकास की

राह पर लेकर चलने वाला कई राजनीतिक व्यक्ति का भी नाम सामने आ रहा है। इन सारे प्रश्नों के जवाब में लोगों के बीच से एक ही तथ्य सामने आया कि आज मधेपुरा नगर परिषद के लिए एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जिनमें सच्चाई के मार्ग पर कुशल नेतृत्व की क्षमता हो, साथ ही उनमें नगर परिषद के विकास को लेकर दूरदृष्टि की सोच हो। उनका इरादा पक्का हो और इच्छाशक्ति दृढ़ हो और यह सारे गुण बिजय बाबू के धर्मपत्नी पूनम कुमारी में हैं। मतदाताओं ने यह भी कहने से परहेज नहीं किया कि उनके पति डॉ बिजय के चेयरमैन कार्यकाल को दो टर्म देखा है इसका मुख्य कारण है उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति का होना। लोगों ने कहा निश्चित तौर पर जब ऐसी महिला चेयरमैन की कुर्सी पर विराजमान होंगी तो विकास को लेकर नगर परिषद मधेपुरा बिहार के अग्रणी पंक्ति पर देखने को मिलेगा। साथ हीं पूनम कुमारी का लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहना उन्हें औरों से काफी अलग बनाता है। कुल मिलाकर यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि इस बार चेयरमैन पद के सबसे प्रबल दावेदार अगर कोई है तो वे हैं पूर्व मुख्य पार्षद डॉ बिजय कुमार बिमल की धर्मपत्नी पूनम कुमारी ।

नवीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह सहित अन्य पांच हुए बरी।

दैनिक समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ, औरंगाबाद (बिहार)

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन सह स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट अशोक राज ने आज नगर थाना कांड संख्या 95/15 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए भादंसं की धारा 302/120 बी में नवीनगर विधायक विजय कुमार सिंह,राहुल शर्मा, सिकंदर कुमार, पंकज मौआर,पिंटु शर्मा और पप्पु मौआर रामांबाध को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया, उपरोक्त तथ्यो की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सरकार की ओर से एपीपी बबन कुमार और बचाव पक्ष से प्रमोद कुमार सिंह ने भाग लिया, प्राथमिकी में नवीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह के नाम नहीं था, अनुसंधान के क्रम में नाम जोड़ा गया था, प्राथमिकी 15/03/15 को विजय कुमार सिंह रामा बांध ने दर्ज कराई थी 15/3/15 को नवीन कुमार सिंह को रामा बांध बस स्टैंड पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके कारण रमेश चौक तक हंगामा हुआ था,.इस वाद में 16 गवाहों ने गवाही दी थी, नवीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डबलू सिंह ने कहा कि हमारा नाम साजिश के तहत विरोधीयों ने जोड़ वाया था ,हम निर्दोष थे, हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था आखीरकार हमें न्याय मिली।

पुलिस पर हमला मामले में 218 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी 68 नामजद, अन्य 150 आरोपित

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा। जिले के काशीचक थानांतर्गत बौरी गांव में बुधवार की रात आक्रोशित भीड़ द्वारा पुलिसकर्मियों पर पथराव करने एवं पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त करने को लेकर पुलिस ने दौ सौ से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। काशीचक के अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संजय कुमार की शिकायत पर काशीचक थाना में दर्ज उक्त मामले में 68 को नामजद एवं 150 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। घटना के दिन मौके पर संवाद संकलन करने गए पत्रकार अरविन्द कुमार का मोबाइल फोन और पैसा छीने जाने का वाकया भी प्राथमिकी में शामिल किया गया है। घटना के बाद से बौरी गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिये अधिकांश युवक घर छोड़कर भाग गये हैं। बौरी गांव के हर लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि 68 नामजदों में किस-किस के नाम हैं।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार 30 अगस्त को मंडल कारा में बौरी गांव के बंदी विजय मांझी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अगले दिन, बुधवार 31 अगस्त की

देर शाम पटना से पोस्टमार्टम बाद शव गांव लाया गया था, जहां आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया था। हमले में एक पुलिस उपनिरीक्षक और एक जमादार जख्मी हुए थे. जबकि कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आयी थी। अगले दिन सड़क जाम किया गया था। काफी जद्दोजहद के बाद गुरुवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया था। काशीचक थानाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र प्रसाद के मुताबिक, पथराव कर उपद्रव मचाने में शामिल दोषियों को चिन्हित किया जा रहा है. नामजद की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है। कोई निर्दोष न फंसे पुलिस इसका ध्यान रख रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

बता दें कि विचाराधीन कैदी विजय मांझी के मंडल कारा में आत्महत्या के पश्चात शव के पैतृक गांव पहुंचते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गये थे और पुलिस पर पथराव कर कई पुलिसकर्मियों को जख्मी कर दिया था। अगले दिन शव के साथ सड़क जाम कर काफी हंगामा मचाया था। पुलिस हिरासत में रहे लोगों को छोड़ने के बाद ही लोगों ने सड़क जाम हटाया था।

भलूआ से अमकोला,लखैपुर जाने वाले सड़क है बदहाल । किसी प्रतिनिधि का नहीं है ध्यान।

दैनिक समाज जागरण पप्पू कुमार ,बाराचट्टी गया

गया जिला के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत अमकोला, लखैपुर को जोड़ने वाली मार्ग है बदहाल आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी नर्क भरी जिंदगी में जी रहे हैं लोग।हर बार प्रतिनिधि चुनाव के समय झूठे झूठे वादे करके जनता को दे रहे हैं धोखा। मिली जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि भलुआ से लखैपुर जाने वाली लगभग 18 किलोमीटर सड़क किचड़ में तब्दील , जिसमें लगभग दर्जनों के लोग का आवागमन का मुख्य मार्ग है पर बरसात में रोड की ऐसी बदतर स्थिति हो जाती है जिससे गाड़ी तो दूर पैदल चलना दूभर हो जाता है । अमकोला पंचायत के पब्लिक

जिसमें महिलाओं ने सड़कों पर धान रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किए हैं।

वर्षो पूर्व जलाशय में डूबा मस्जिद आया बाहर, देखनेवालों की उमड़ी भीड़

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली प्रखंडे के फुलवरिया डैम में डूबी मस्जिद पानी से अचानक बाहर आ गयी. ऐसा होने से लोगों के लिए यह कौतूहल बन गयी। मस्जिद को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह मस्जिद रजौली से 5 किलोमीटर दूर फुलवरिया डैम के दक्षिण दिशा में स्थित चिरैला गांव के पास बरसों पहले पानी में डूब गयी थी। अब यह मस्जिद पूरी तरह से दिखने लगी है.

मस्जिद के दिखने की खबर शुक्रवार को पूरे इलाके में आग की तरफ फैल गयी. जिले के विभिन्न इलाकों से मुस्लिम परिवार अपने सगे सम्बंधियों के साथ पुरानी मस्जिद के दीदार करने डैम के किनारे पहुंचने लगे। पूरे दिन यह मस्जिद कौतुहल का विषय बनी रही।

युवाओं में इस मस्जिद को लेकर उत्साह काफी रहा। हाथ में चप्पल लेकर कीचड़ में घुस मस्जिद के नजदीक पहुंचने की ललक साफ दिख रही थी। मस्जिद देखने पहुंचे कई मुस्लिम परिवार की महिलाओं ने भी मस्जिद के नजदीक जाने की कोशिश की, लेकिन कीचड़ और बीच-बीच में पानी होने की वजह से वहां तक नहीं पहुंच सकीं। दूर से दीदार कर घर वापस लौट आयीं।

बता दें यह मस्जिद का लगभग 120 वर्ष पुराना है। लगभग तीन दशक से यह पानी में पूरी तरह से डूबा था।

बावजद मस्जिद को जरा सा भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

फुलवरिया डैम का निर्माण वर्ष 1984 में कराया गया था। उससे पहले इस जगह पर बड़ी आबादी होती थी। लेकिन इस क्षेत्र का अधिग्रहण डैम निर्माण के लिए किये जाने के बाद इन स्थानों पर रहनेवाले लोगों को विस्थापित कर हरदिया में बसाया गया था। डैम बनने के बाद मस्जिद को यूं ही छोड़ दिया गया था। पानी भरा रहने की स्थिति में मस्जिद का सिर्फ गुम्बद दिखाई पड़ता था। इस वर्ष वर्षाभाव के कारण जलाशय के सूखा रहने की स्थिति में पूरा मस्जिद दिख रहा है।

इस वर्ष वर्षा कम होने या यूं कहें कि सुखाड़ के कारण फुलवरिया डैम का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है, जो लोगों के लिए चिंता का विषय है. आनेवाले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो भविष्य में इस इलाके में बड़ा जल संकट हो सकता है। इसी जलाशय में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। डैम का पानी शोधन कर जंगली क्षेत्र के 90 गांवों के लोगों तक पहुंचाया जाता है। जब जलाशय सूख जायेगा तो इन गांवों तक पानी पहुंचना बंद हो जायेगा, जिससे बड़ी आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल, डैम का जलस्तर घटने से मस्जिद का दिखना कौतूहल अवश्य है, लेकिन भविष्य में खतरे का संकेत भी है।

सम्मेलन में भाग लेंगे टी पी कॉलेज के तीन प्राध्यापक

मधेपुरा ।

अर्थशास्त्र विभाग महिला महाविद्यालय, खगड़िया एवं

अर्थशास्त्र विभाग श्यामलाल महाविद्यालय (इवनिंग) यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, द्वारा संयुक्त रूप से "फोरम फॉर इंटर डिसीप्लिनरी रिसर्च मेथड्स" के बैनर तले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के दो शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है। अतः रविवार को महाविद्यालय

के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र, अतिथि व्याख्याता डॉ. राकेश कुमार भाग लेंगे। डॉ. शेखर ने बताया कि किसी भी देश के विकास में अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अमेरिका, रूस, चीन, जापान, स्वीडन एवं सिंगापुर जैसे देशों के विकास में अनुसंधान प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह भी आवश्यकता महसूस किया जा रहा है कि यदि भारत को तीव्र

विकास के पथ पर अग्रसारित होना है, तो अनुसंधान पर बल देना होगा। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। संयोजक डॉ. अनिल ठाकुर ने वर्तमान समय में अनुसंधान के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत "स्वीट स्पॉट" पर खड़ा है। शोध आज की मांग है। इसलिए हर क्षेत्र कृषि, विज्ञान, उद्योग, विनिर्माण, शिक्षा में शोध की आवश्यकता है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि खगड़िया जैसे पिछड़े क्षेत्र में इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 4

परिश्रम करने पर लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित है:- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश दोस्तो की चयन पर अभ्यर्थियों ने किया खुशी का इजहार

दैनिक समाज जागरण

पालीगंज/ खिरिमोड थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव स्थित दामोदर उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के खेल मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकड़ो युवाओं व अभ्थियो ने अपने दोस्तों का चयन बिहार पुलिस में होने पर शनिवार को खुशी का इजहार किया है। वही जर्नलिस्ट वेद प्रकाश ने बताया कि परिश्रम करने पर लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित है। जानकारी के अनुसार खिरिमोड थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव स्थित दामोदर उच्च विद्यालय के खेल मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकड़ो युवाओं व अभ्यर्थियों में से गौसगंज निवासी सोनालाल पंडित व विकास चौधरी का चयन बिहार पुलिस में हुई है। जिसको लेकर मैदान में तैयारी कर रहे युवाओं व अभ्यर्थियों में खुशी का माहौल है। वही उन अभ्यर्थियो ने अपने दोस्तों की चयन की खुशी में शनिवार की सुबह हाथों में तिरंगा लेकर खुशी का इजहार किया। वही अभ्यर्थियो की

सफलता पर जर्नलिस्ट वेद प्रकाश ने सफल अभ्यर्थियो को बधाई दिया है। साथ ही उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि मेहनत कभी ब्यर्थ नही जाता। जरूरत है तो अपनी लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने की। आगे वेद प्रकाश ने कहा कि इस मैदान में तैयारी करनेवाले अभ्यर्थियो में से कुछ न कुछ हमेशा सफलता पा रहे है। जिसको लेकर उन अभ्यथीयो में देश के प्रति समर्पण की भावना जगी है। जिसके तहत 15 अगस्त के अवसर पर झांकी निकालकर युवाओं ने मैदान में झंडोतोलन भी किया था। जिसे देखते हुए वेद प्रकाश ने इतने महत्वपूर्ण खेल मैदान को घेराबंदी व स्टेडियम के रूप में विकसित कराने की मांग सरकार से किया है। जहां हमेशा विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन भी किया जाता है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश के पहला स्वदेशी बिमान बाईक पोत विक्रांत नौसेना को सुपुर्द किया गया किया गया खुशी जाहिर।

ब्यूरो/समाज जागरण,सुपौल

जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष राम कुमार राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश को पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना को सुपुर्द किया इससे भारत अब चुनिंदा देशों की क्लब में शामिल हो चुका है। विक्रांत के मिलने से नौसेना की ताकत हिंद महासागर में और अधिक बढ़ गई है। इसमें 76% स्वदेशी सामान का प्रयोग किया गया है भारत अब इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

वहीं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह पिछड़ा अति पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट ने कहा कि "मोदी जी" के नेतृत्व में एक और अहम फैसला लिया गया है जो नौसेना के झंडे से रेड क्रॉस (सेंट जॉर्ज क्रास)को हटा दिया गया है।जो अंग्रेजों के द्वारा दिया गया गुलामी का प्रतीक था। जिसे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा भी हटाया गया था लेकिन कांग्रेस की सरकार ने फिर से गुलामी का प्रतीक चिन्ह रेड क्रॉस लगा दिया गया। जिसे मोदी जी ने आज उसे हटाने का काम किया वह हम देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नलिन जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जो ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं हम देशवासियों के लिए गौरव की बात है। भारत अर्थव्यवस्था में इंग्लैंड को पीछे छोड़कर पांचवा स्थान प्राप्त कर चुका है।इंग्लैंड भारत पर 200 वर्ष तक राज किया था उसके स्थान पर अब भारत पांचवें स्थान पर आ गया है और ब्रिटेन को छठे स्थान पर छोड़ दिया है।बिहार सरकार के कुछ तथाकथित नेताओं को यह सब नहीं दिखता है सिर्फ ईडी और सीबीआई के आलोचना की बात करती है।

पथरा दक्षिण पंचायत के वॉर्ड 3 में सॉर्ट सर्किट से 6 घर में लगी आग,लाखों की सम्पत्ति जलकर हुई खाक।

अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा,सुपौल

जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के पथरा दक्षिण पंचायत के सुरेश सिंह टोला वार्ड नंबर 3 में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लगने से 4 लोगों के 6 घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। एवं मवेशी की मौत हो गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 11:00 बजे पथरा दक्षिण पंचायत स्थित वार्ड नंबर 3 में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लगी गृह स्वामी रवि शंकर शाह लाल बहादुर शाह छोटेलाल सा उपेंद्र शाह ने बताया कि शुक्रवार की रात बारिश होने के कारण हम लोग खाना खाकर अपने अपने घर में सोए हुए थे जहां बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई आग लगने की पता हम लोगों को कुछ देर बाद चला जब एक घर में पूरी तरह आग लगने से सारा सामान जल गया एवं घर में लगी बिजली की मीटर भ्रष्ट करने की आवाज एवं आग की लौ से नींद खुली तो देखा कि घर में आग लगी हुई है जब तक कुछ समझ पाते तब तक अगल बगल के घर में भी आग लग गई आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते सभी घर को

आग अपने आगोश में ले लिया। हल्ला करने के बाद अगल-बगल के आस पड़ोस के लोग दौड़ कर आए और इसकी सूचना पिपरा थाना को दी गई आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम की तीन दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सभी घर जलकर राख हो गए थे। लगभग चार लाख रुपैया से अधिक की क्षति का अनुमान है। गृह स्वामी रवि शंकर शाह ने बताया कि घर में रखा 3 क्विंटल पाट, होंडा मोटर मशीन, पंखा, बक्सा, कपड़ा, भूसा अनाज, पलंग, चौकी, कुर्सी सहित घर में रखा तीस हजार रुपैया जो गुरुवार को पाट बेचकर घर में रखे थे वह भी जलकर राख हो गया। वही आग लगने से 9 मवेशी की मौके पर ही जलने से मौत हो गई। एवं दो गाय एवं दो बकरी आग से झुलसा हुआ है। लगभग चार लाख रुपैया क्षति का अनुमान है। आग लगी कि घटना की सूचना सीओ पिपरा को दी गई। सूचना पर सीओ रविंद्र चौपाल घटनास्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिवारों से अगलगी की घटना के बारे में जानकारी लिए एवं आवेदन देने को कहा गया। सीओ रविंद्र चौपाल ने बताया कि पीड़ित परिवारों को आवेदन के आलोक में उचित मुआवजा दिया जाएगा। आग से झुलसे हुए मवेशी का इलाज के लिए मवेशी विभाग के डॉ को भेजा गया है।

सरकार की योजनाओं सहित नशाबंदी को धरातल पर उतारने में सहयोग करें मुखियागण : डीएम

दैनिक समाज जागरण

हाजीपुर(वैशाली)जिले के सभी माननीय मुखियागण के लिए बिहार प्रशासनिक सुधारात्मक संस्थान (बीका) हाजीपुर में आयोजित एक दिवसीय कायार्शाला का डीएम ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुखियागण को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ-साथ शराबबंदी को धरातल पर उतारने में आप सभी का सहायोग अपेक्षित है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में आप लोग पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। जब भी जरूरत हो आप लोग सीधे फोन से बतायें या वाट्सऐप करें।जिलाधिकारी ने कहा कि इस जिला में योगदान देने के बाद लगभग सभी क्षेत्रों में मैंने भ्रमण किया है और ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं की फीडबैक ली है।क्षेत्र भ्रमण के दौरान आप सभी से भी मिलने का अवसर मिला।आप ही लोगों की माँग पर यह कार्यशाला आयोजित की गयी है।जिलाधिकारी के द्वारा जिला में किये गये नवाचारों के बारे में बताया गया।उन्होने कहा कि जनशिकायत के निष्पादन से लेकर भूमि विवादों को दूर करने के लिए कार्य किये गये हैं।अपना पंचायत अपना प्रशासन एक मुहिम चलाकर जिला के सभी 278 पंचायतों में जन शिकायतों के लिए कैम्प लगाये गये जहाँ पर 16 हजार आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 82 प्रतिशत का गुणवत्ता के साथ निष्पादन किया गया है।शेष पर जरूरी जाँच कर निष्पादन किया जा रहा है।इन कैम्पों में जो लोग शिकायत दर्ज नहीं करा पाये उनके लिए प्रखंड स्तर पर प्रशासन आपके द्वार का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका आयोजन भगवानपुर, वैशाली और महनार में किया जा चुका है।भूमि विवाद को दूर करने एवं विवादों का त्वरित निष्पादन हो इसके लिए त्रुटिपूर्ण 9 लाख 90 हजार

जमाबंदियों में 99 प्रतिशत का भौतिक सत्यापन कराकर त्रुटि रहित किया गया है।युवा वर्ग को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में सहुलियत हो और स्थानीय स्तर पर ही उन्हें परीक्षा तैयारी की सामग्री मिल जाय इसके लिए प्रत्येक पंचायत में सामुदायिक पुस्तकालय खोली जा रही है।इन पुस्तकालयों में गुणवतापूर्ण पुस्तकों के साथ पत्रिका भी रखवायी जा रही हैं।वहाँ पर बच्चों के बैठने एवं ग्रूप डिस्कशन की व्यवस्था भी करायी जा रही है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने योजनाओं को सरजमीं पर उतारने एवं शराबबंदी को पूर्ण सफल बनाने में सभी के सहायोग की अपील की।यहाँ पर उपस्थित सभी माननीय मुखियागण एवं पदाधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलायी गयी।जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि सभी मुखियागण अपने पंचायत की समस्या, पंचायत के विकास के लिए किया जाने वाला जरूरी कार्य तथा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लिए पंचायत की जरूरतों को एक पेज में लिखित में उपलब्ध करा दें।सभी उपस्थित मुखियागण को जिला जन सम्पर्क कायार्शाला के सौजन्य से मद्यपान से होने वाले नुकसान एवं नशामुक्ति संबंधी नुक्कड़ नाटक दिखायी गयी जिसका प्रदर्शन कलाकुंज बिहार के कलाकारों के द्वारा किया गया।आज के कार्यशाला में ग्राम सभी के गठन, ग्रामसभा की बैठक, उसके कोरम ग्राम पंचायत की स्थायी समितियों का गठन निगरानी समिति का गठन, सरकार की अनुरक्षण नीति पंचायतों के लिए निधि का श्रोत, 15 वें वित्त आयोग एवं 6 वा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त राशि का मदवार व्यय के बारे में विषेशज्ञों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी और लघु फिल्म तथा ग्राफिक्स भी दिखाया गया।इस कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायती राज कार्यालय के द्वारा किया गया था।इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ।अपर समाहर्त्ता विनोद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार अनुमंडल पदाधिकारी महनार श्री सुमित कुमार, प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता सुश्री निशा, अनुमंडल पदाधिकारी महुआ श्री संदीप कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री हरेन्द्र राम, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी श्री ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे।मंच संचालन श्री प्रवेज कौशर के द्वारा किया गया।

भगवानपुर पंचायत सरकार भवन में तीन पंचायतों के वार्ड सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

अभसेक कुमार/समाज जागरण,बिरपूर,सुपौल

जिले के बिरपूर अनुमंडल में बसन्तपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत सरकार भवन में बसन्तपुर प्रखंड के तीन पंचायत संस्कृत निर्मली, दिनबंधी और सातनपट्टी के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हो गया। पंचायत सरकार भवन भगवानपुर में आयोजित इस तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर में उक्त सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक पंचायती राज विभाग सुपौल से आए बीपीएम सुमन कुमार ने वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार और कर्तव्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंचायत अब सशक्त, स्वावलंबी व जीवंत होंगे।

उन्होंने जन प्रतिनिधियों को अपने घरों में शौचालय बनाने और उपयोग करने की सलाह देते हुए लोगों को शौचालय के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके साथ साथ ग्राम सभा की परिभाषा, गठन की प्रक्रिया, कार्य दायित्व, पंजी का संधारण, वातावरण निर्माण, योजना निर्माण, सामाजिक अंकेक्षण, मनरेगा, भत्ता आदि मुद्दों पर प्रशिक्षित किया। इसदौरान उपस्थित वार्ड सदस्यों को पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्य व जिम्मेदारी का निर्वहन करने की सलाह दी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से अलग-अलग विषय पर बिंदुवार जानकारियां दी गई। इस मौके पर भगवानपुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र दास, सुमन कुमार सिंह, जेई रितेश कुमार, कार्यपालक सहायक रामलखन कुमार सहित तीनों पंचायतों के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

सप्ताहिक हॉट परिसर में कचरे व ईश्वर पसरी रहने के कारण व्यवसाईयो ने किया रोड जाम।

सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल

जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित किशनपुर सप्ताहिक हॉट परिसर में कचरे व कीचर पसरा हुआ है। वह शनिवार को सब्जी व्यवसायियों का गुस्सा फूट पड़ा और किशनपुर थरबिटिया मुख्य सड़क को जाम कर प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सब्जी व्यवसायियों का कहना था कि हम लोगों से हर दिन बटी असूला जाता है। लेकिन हॉट परिसर में गंदगी व कचरे की अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके कारण ग्राहकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है इस हाथ में अन्य प्रखंड सहित दूरदराज के पंचायत के लोग भी सामान खरीदने भेजने के लिए आते हैं लेकिन विभाग की ओर से इस हाथ को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है वर्षों पूर्व हॉट परिसर में जो सेड बनाया गया था। उसमें भी अधिकांश हिस्से जर्जर हो चुके हैं। और एक सेड की तो नामोनिशान मिट गया है। लेकिन विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। पुरानी सेड की जगह नई सेड बनाने की दिशा में उदासीन बना हुआ है।

सब्जी विक्रेता कहते हैं कि इस हाथ में जल जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है हल्की सी बारिश होने पर जलजमाव एक बड़ी समस्या बन जाती है । और कहा कि अतिक्रमण कारी अस्थाई रूप से मकान बनाकर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं साग सब्जी बेचने वालों को बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। छोटे छोटे व्यवसाई व्यापारी मजबूरी बस सड़क पर दुकान लगाकर दुकानदारी करते हैं। सूत्रों की मानें तो किशनपुरा हॉटअपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश हैं । जमाना बीत गया लेकिन अब तक नहीं बदल सकी है किशनपुर हाट की तस्वीरें सरकार को मोटा राजस्व देने वाली किशनपुर हॉट सरकार की उदासीनता की वजह से दिन-ब-दिन सिकुड़ती जा रही है। सैकड़ों लोगों को रोजगार देने वाला वक्त हटिया सरकारी व्यवस्था के अभाव में दूरदराज से आने वाले व्यवसायियों के लिए सुविधा देने में नकाम साबित हो रही है । हाट के चारों ओर गंदगी का अंबार पड़ा है। इसकी साफ-सफाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है । पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। शौचालय की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। वही सब्जी व्यवसाई और ने

बसंतपुर जीविका बीपीएम विनय कुमार का हुआ तबादला, प्रखंड जिनका कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

अभसेक कुमार/समाज जागरण,बिरपूर, सुपौल

जिले में बिरपूर अनुमंडल अन्तर्गत बसंतपुर प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधक इकाई जीविका के पद पर लगभग 7 वर्षों से अधिक समय से बने रहे बीपीएम विनय कुमार का तबादला हो गया है। जिसके बाद शुक्रवार की शाम प्रखंड जिनका कार्यालय बसंतपुर में बसंतपुर प्रखंड के तीन संकुल स्तरीय जीविका संघ के कर्मियों के द्वारा एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह में सबसे पहले कर्मियों ने पाक, शॉल एवं माला पहनाकर बीपीएम का सम्मान एवं स्वागत किया गया। साथ ही केक काटकर उन्हें खिलाया गया। बताया जा रहा है कि जीविका के बीपीएम विनय कुमार कि जब बसंतपुर प्रखंड में नियुक्ति हुई थी तब बसंतपुर पूरे प्रखंड क्षेत्र में 1000 जीविका समूह

कार्य कर रही थी। वही बीपीएम विनय कुमार के 7 साल के कार्यकाल के बाद यह समूह की संख्या बढ़कर 22000 से अधिक हो गई। इसके साथ सतत जीविकोपार्जन के तहत 200 से अधिक जीविका दीदियों को दुकान खुलवा कर रोजगार के अवसर प्रदान कराए गए। वही जीविका समूह में लोन लेने और लोन के बाद लोन की वापसी भी समय से कराई गई। जिसके बाद जीविका समूह में कार्य करने को लेकर दीदियों में अधिक प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ी। कोरोना काल से अबतक मास्क बनाने और तिरंगा झंडा तैयार करने से विभिन्न जीविका समूहों की आमदनी बढ़ाने को लेकर भी कार्य कराए गए। अपने विदाई सम्मान समारोह के दौरान बीपीएम विनय कुमार ने कहा कि सरकार के कार्य मे स्थानांतरण का सिलसिला लगातार लगा रहता है। सभी लोगो को हमारी शुभकामनाएं हैं कि सच्चे लगन व ईमानदारी वे साथ अपने अपने कार्य को निष्पादित करें।

आकस्मिक फसल योजना अंतर्गत किसानों को मिलेगा बीज।

दैनिक समाज जागरण ,कटोरिया से धर्मेंद्र रतन आकस्मिक फसल योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के किसानों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा ।इसके लिए इच्छुक किसान ऑनलाइन आवेदन कर बीज प्राप्त कर सकते हैं। को

निशुल्क बीज वितरण मे अरहर ,उरद, तोरिया राई सरसों ,भिंडी ,मुली एवं कुल्थी का आवंटन प्राप्त हुआ है ।जिसमें उरद बीज उपलब्ध हो चुका है। इच्छुक किसान आनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। आनलाइन के पश्चात स्वीकृत ओटीपी आधार कार्ड एवं किसान निबंधन

पंजी लेकर विक्रेता के पास जाकर प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें राधानगर में दुकानदार संजय साह द्वारा घोरमारा, कटोरिया, भोरसार भेलवा, कठौन देवासी, बड़वासनी, तेतरिया चौक लकरामा पर दुकानदार कमलेश कुमार साह द्वारा लकरामा, कटियारी, जयपुर, कोल्हासार, पड़रिया मोड़ दामोदरा में शिपू चौधरी द्वारा दामोदरा, बसमत्ता, मनियां, जमदाहा एवं ऐड़रा मोथाबाड़ी में रविंद्र यादव द्वारा मोथाबाड़ी, हड़हार कुल चार वितरण केंद्र बनाए गए हैं।

बेलहर के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 139 झुनका- 2 में हुआ सेविका का चयन, कड़ी मशक्कत से हुआ संपन्न

दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित की रिपोर्ट

प्रखंड क्षेत्र के बेलहर बसमाता पंचायत के वार्ड संख्या 3 में आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 139 में सेविका के रूप में आरती कुमारी का चयन वार्ड सदस्य व उप मुखिया एंथोनी टुडू की अध्यक्षता में की गई ।वही सेविका का चयन में ग्रामीणों का एक तरफ भरपूर सहयोग रहा वहीं । योग्यता के आधार पर चयन की पूरी प्रक्रिया होने के बाद आवेदन आवेदक की सभी प्रमाण पत्र जांच उपरांत चयन किया गया। वहीं सेविका के चयन हेतु रिक्त प्रकाशन

की तिथि को उनकी न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र 40 वर्ष होना आवश्यक है ।इसी मुताबिक आज वार्ड संख्या 3 के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 139 में आरती कुमारी का चयन किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नविता कुमारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन, पुलिस प्रशासन सहित ग्रामीण एतवारी तुरी, परमेश्वर साह, तुलसी साह, ठाकुर सिंह, शशि शेखर साह,राजकुमार तुरी, आशीष साह,सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

भैंस के हमले से कांवरिया महिला जख्मी

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट :

कांवर यात्रा के दौरान सुल्तानगंज से जल भर बाबाधाम जा रहे कांवरिया महिला श्रद्धालु को भैंस ने हमला कर एक श्रद्धालु महिला को जख्मी कर दिया जिसका इलाज कटोरिया रेफरल अस्पताल में कराया गया। जख्मी महिला मधुबनी जिले के

लौकही थाना क्षेत्र अंतर्गत बनगामा गांव के झमेली सारथी की पत्नी पूनम देवी बताई गई है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने पति के साथ सुल्तानगंज से जल लेकर कर पूजा अर्चना करने बाबा धाम जा रही थी तभी सुइया थाना क्षेत्र के पास भैंस ने महिला को सिंघे से हमला कर जख्मी करे दिया। जिसका प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल कटोरिया में हुआ

कलयुगी पुत्र ने चलाई पिता पर गोली,बाल-बाल बची जान

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- पूत सपूत तो धन क्यूं संचू,पूत कपूत तो धन क्यूं संचू। जिसे एक कलयुगी पुत्र ने चरितार्थ करके दिखा दिया। जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के उपकार कोनैला के समीप एक सौतेले बेटे ने स्कूटी सवार शिक्षक पिता को गोली मारकर हत्या करने की कोशिश की। जो गोली पीठ को छूते

हुए निकल गई। जख्मी शिक्षक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के देसुवा निवासी राम कृष्ण राय के पुत्र राम सेवक राय के रूप में की गई है। घटना के संबंध में शिक्षक राम सेवक राय ने बताया कि मैंने दो-दो शादियां किया है। जिसमें पहली पत्नी ढ़गरूआ निवासी गिरजा देवी से शादी के कुछ महीनों बाद ही मेरी शादी टूट गई। शादी टूटने के बाद उसे एक बेटा हुआ था। जो मुझसे संपत्ति में हिस्सा मांगता है। जिसका केस भी न्यायालय में चल रहा है। वहीं हिस्सा नहीं देने पर उसी ने मुझ पर गोली चलाई है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सर्प दंश से उप मुखिया के पिता की मौत

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत,वार्ड संख्या 03 मिल्की टोला निवासी स्व.रामराजी राय के करीब 50 वर्षीय पुत्र सह उप मुखिया अशोक कुमार राय के पिता सुरज राय की मौत विषैले सांप के काटने से हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोज की तरह सुरज राय शुक्रवार को भी शाम में चाय पीने के लिए कल्याणपुर महावीर चौक स्थित एक चाय दुकान पर गये थे। जहां बैंच के नीचे कहीं से आकर एक विषैला सांप ने उनके बाएं पैर में काट लिया। वहीं आनन-फानन में परिजनों ने एक भगत के पास ले गया। जहां से समुचित इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था। वहीं रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

चार पियक्कड़ गिरफ्तार।

गश्ती के दौरान देवधा थाना पुलिस ने भारत नेपाल सीमा के देवधा बलहा बार्डर के पास से चार शराबियों को शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबियों में देवधा निवासी जफीर राइन, कलुआही निवासी मो

शौकत, जयनगर थाना क्षेत्र के बलडीहा निवासी रामविलास ठाकुर और यूनियन टोल निवासी मो फैयाज शामिल हैं। चारों शराबी नेपाल की ओर से शराब पीकर आ रहे थे। देवधा थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाने में मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है।

युवा क्लब पिपरा में गणेश उत्सव को लेकर तीसरे दिन भी भव्य जागरण का हुआ आयोजन,हजारों श्रद्धालुओं की उमरी भीड़।

अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा, सुपौल

जिले में पिपरा के युवा क्लब में आयोजित गणेश मोहत्सव को लेकर तीसरे दिन भी भव्य जागरण का हुआ आयोजन।हजारों श्रद्धालुओं की उमरी भीड़।

मालूम हो कि पिपरा बाजार में पहली बार गणेश उत्सव मनाया गया वहीं तीसरे दिन भी भव्य जागरण में बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति भजन एवम संगीत से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया देर शाम से शुरू हुए कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे,इस दौरान शंकर चौधरी,बसंत कुमार गुप्ता,मनोज कुमार डे,सिंह, मन्नू ,जेपी यादव,अमरेश कुमार,सुभाष चंद्रा,रंजन डे, सुनील कुमार,मनोज कुमार, मुन्ना गुप्ता,रंजीत कुमार,अमित कुमार टिंकू,आशीष गुप्ता, बंटी कुमार,सन्नी कुमार,रोहित कुमार,शंकर कुमार चंदू कुमार,पप्पू चौधरी,रूपेश कुमार,आदि सैकड़ो कार्यकताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बड़ा ही सराहनीय योगदान रहा।

अररिया जिला में टाउन हॉल में दिनांक शनिवार से बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा नवनियुक्त राजस्व

दैनिक समाज जागरण अररिया /इस्तेखार अहमद

कर्मचारियों का 15 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शाह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ उद्घाटन करता में जिला के एडीएम साहब डीसीएलआर साहब ब्लॉक के सीओ साहब अन्य अतिथि मिलकर दीप जलाकर उद्घाटन किए जिसमें

नवनीत कर्मचारियों को प्रशिक्षण के बारे में कुछ जानकारी भी दिए इसी बीच राजस्व ऑफिस के लिपिक मोहम्मद मक्की भी मौजूद थे डीसीएलआर साहब में दीप जलाने के बाद कई मुद्दे पर बात भी किए कि नए कर्मचारी आप लोग सही तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें जिस चीज की जानकारी ना हो डीएसएलआर ऑफिस से सीओ साहब से जानकारी प्राप्त करें क्योंकि आगे आपको काम करने में कोई कठिनाई ना हो कहीं कोई मामला पैदा ना होगा सही जानकारी प्राप्त होने पर आप सभी लोग सही तरह से काम करेंगे

रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत

हाजीपुर(वैशाली)जिले के महुआ प्रखंड के परसौनिया वृक्षी चौक पर छात्र रालोजपा से जुड़े कार्यकताओं ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज का भव्य स्वागत किया।बीते शाम हसनपुर ओस्ती के मुखिया रेखा चौधरी के सुपुत्र सुभाष कुमार के असामयिक निधन एवं रालोजपा नेता देव

कुमार चौधरी के पिता के निधन पर शोकाकुल परिवार से मिलने जाने के दौरान प्रिंस राज ने स्वर्गीय वृक्षी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस दौरान छात्र रालोजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार चंदन,प्रखंड अध्यक्ष धर्मवीर कुमार पासवान,पूर्व उप मुखिया उमेश राय,छात्र रालोजपा के सुजीत राघव,अभय कुमार पासवान,जितेंद्र कुमार,प्रमोद गुप्ता,सन्नी कुमार,अभिषेक कुमार सोनू,सौरभ कुमार,धीरज कुमार, कुणाल कुमार,विक्रम राय,सौरभ कुमार राय,विनय पासवान,अजय पासवान,सुभाष कुमार,करण कुमार, राकेश कुमार,रंजन कुमार,मंजय कुमार,रतन कुमार,मनोज पासवान आदि ने फूल माला से उनका भव्य स्वागत किया।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 5

400 पेंशन से निहत्थे युवक का नहीं हो रहा गुजारा, बीडीयो से लगाई न्याय की गुहार।

दैनिक समाचार जागरणे कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट

कटोरिया प्रखंड के दोनिहारे गांव के पप्पू यादव 25 वर्ष वीडियो से लगाई न्याय की गुहार। दोनों हाथ गांवाए युवक को सरकारी सहायता के नाम पर मात्र ड्ड400 सामाजिक सुरक्षा पेंशन से मिल रहा है जिससे युवक का गुजारा नहीं हो रहा है। रोजगार की तलाश में शनिवार को कटोरिया बीडीयो से न्याय की गुहार लगाने प्रखंड कार्यालय आए थे, लेकिन बीडीयो से मुलाकात नहीं होने पर निराश लौट गए। युवक ने बताया कि एक 11हजार बिजली के करंट से कुछ वर्ष पहले दोनों हाथे गवा चुका हैं। भुखमरी की स्थिति से युवक गुर्जर रहो है। युवक ने बताया कि पेड़ पर चढ़े थे। तभी एक ग्यारह हजार बिजली का तार पेड़ के संपर्क

में आ गया और मुझे जोर से करंट लगा और मैं बेहोश हो गया ।काफी इलाज के बाद चिकित्सकों ने जान बचाने के लिए दोनों हाथ काट दिए ।अब सवाल उठता है कि ऐसे व्यक्ति को सरकार से मात्र ड्ड400 सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलता है जो पर्याप्त नहीं है। युवक ने बताया कि खाना-पीना से लेकर शौचालय के कार्य में पत्नी द्वारा मदद किया जाता है ,और सरकारी सहायता के नाम पर सिर्फ ड्ड400 दिया जाता है । "जो ऊंट के मुंह में जीरा " के समान है । इस महंगाई के दौर में ड्ड400 में दो व्यक्ति का गुजारा कैसे होगा यह बड़ा सवाल है ?

पालीगंज में विधायक व अधिकारियों ने किया नहरों का सर्वेक्षण

पालीगंज/ शनिवार को प्रखण्ड व अनुमंडल क्षेत्र से गुजरनेवाली नहरों का पालीगंज बिधायक व अधिकारियों ने सर्वेक्षण किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र से गुजरनेवाली मुड़िका नहर लाइन का विस्तृत दौरा कर स्थानीय विधायक डॉ. संदीप सौरभ के साथ नहर विभाग के आला अधिकारियों ने सर्वेक्षण किया। गौरतलब है कि सोन नहर परियोजना के मुड़िका लाइन और पालीगंज लाइन (क्रमशः 9 नंबर और 10 नंबर नहर) में पिछले कई वर्षों से अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसे लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी असंतोष है। जबकि बिहार विधानसभा में नहरों की उड़ाही और उसमें जल की उपलब्धता की माँग को लेकर पालीगंज विधायक संदीप सौरभ द्वारा दो बार आवाज उठाई जा चुकी है। वही पिछले महीने इस मुद्दे पर किसानों ने पालीगंज अनुमंडल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन भी किया था। 1 सितंबर को नहरों में पानी के सवाल पर स्थानीय विधायक ने

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर वार्ता की व ज्ञापन सौंपा। मामले की गंभीरता देखते हुए मुख्यमंत्री ने अपने प्रधान सचिव से इसे तत्काल देखने और इसका समाधान करने को कहा। जिसपर सुनवाई करते हुए सोन नहर प्रमंडल के आला अधिकारियों की एक टीम ने विधायक संदीप सौरभ के साथ जरखा, पतौना, निरखपुर, मेरा, खानपुरा, सिकरिया, अकबरपुर तथा अरवल जिला के पाठकचक और नोनिया बिगहा के नहरों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने झुनाठी पुल स्थित लुआई नदी से खानपुरा नहर में पानी गिराने के लिए प्रस्ताव दिया, जिसका मुआयना भी किया गया। इस मामले में जल्द ही विभाग को प्रस्ताव बनाकर देने की बात हुई। विधायक संदीप सौरभ ने कहा है कि नहरों में पानी को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए वो कृतसंकल्प हैं और इस दिशा में संघर्ष और प्रयास लगातार जारी रहेगा!

भूमि विवाद के निपटारे को थाना में लगा जनता दरबार, की गई सुनवाई

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो चीफ:- उमाकांत साह

बांका (चांदन) भूमि विवाद के निपटारे को लेकर शनिवार 3 सितंबर को सम्बंधित थाना में लगा जनता दरबार। बता दें कि पुर्व की तरह जिला प्रशासन की ओर भूमि संबंधित मामले निपटारा को लेकर सम्बंधित थाने जनता दरबार लगाया जा रहा है। जिससे सुइया थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार व अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य के अध्यक्षता में दो नया मामला दर्ज किया गया।जो एक रैयती एक रास्ता से संबंधित था। वहीं तीन पुराने मामले का दस्तावेज अवलोकन करने पर फरियादियों को सक्षम न्यायालय जाने का निर्देशित किया गया। वहीं दूसरी ओर आनंद पुर ओपी परिसर में ओ पी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार व राजस्व पदाधिकारी आरती भूषण एवं बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह की अध्यक्षता में भूमि

विवाद से संबंधित एक मामला ही दर्ज किया जा सका।इस बाबत राजस्व पदाधिकारी आरती भूषण ने बताई कि भूमि विवाद से संबंधित नया फॉर्मेट उपलब्ध किया गया है जिसमें नए सिरे से रैयत फरियादियों का फार्म भरा जाना है। इसी प्रकार चांदन थाना परिसर में सीआई मृत्युंजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में तीन नया मामला दर्ज किया गया जिसमें एक रास्ता, एवं गैरमजरूवा,व रैयती सम्बंधित था साथ ही 4 पुराने मामले को अवलोकन किया गया। जिसमें पर्याप्त साक्ष्य नहीं रहने के कारण मामले की सुनवाई अगले शनिवार को फरियादियों को ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

जितेन्द्र कुमार/समाज जागरण, त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को शिक्षा विभाग की बीईओ और एमडीएम प्रभारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन ने की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि 267 विद्यालय में 263 विद्यालय को एमडीएम मिलता है। जबकि एसआईओ में अभी तक 68 विद्यालय बचे हैं। एजीएम को निर्देश दिया गया है कि दो दिन में एमडीएम का चावल उपलब्ध करा दें। काकी छातापुर में 161 विद्यालय को एसआईओ ज्यादा था। छातापुर में कुल 180 विद्यालय है जिसमें 173 विद्यालय में एमडीएम चल रहा

है। छातापुर में शेष बचे 7 और त्रिवेणीगंज में शेष बचे 4 विद्यालय में एमडीएम नहीं चल रहा है। बीईओ को निर्देशित किया गया है कि प्रबंध समिति का प्रभार एक सप्ताह में करके सभी जगह एमडीएम मिले। साथ ही एमडीएम का रखरखाव है वह वो प्रोपर हैं। एमडीएम का जांच करते हैं तो गंदगी रहती हैं वो पूरा क्लीन रहें और उसके साथ साथ विद्यालय जो समय पर खुल रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति बीईओ सुनिश्चित कराएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी इसमें अधिकारियों बुधवार और गुरुवार को क्षेत्रीय भ्रमण करते हैं। उनसे भी जांच कराया जा रहा है। बच्चों किताब के साथ आए और पोशाक में आए। साथ ही एमडीएम मिले। मौके पर छातापुर बीईओ रामनारायण कुमार मेहता, त्रिवेणीगंज बीईओ पूनम सिंहा आदि उपस्थित थे।

पहाड़ नाथ मंदिर का विस्तार को लेकर प्रशासनिक बैठक कर दिया सख्त निर्देश

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो उमाकांत साह की रिपोर्ट

चान्दन /बांका आनंदपुर ओपी क्षेत्र के पूर्वी कटसकरा पंचायत अंर्तगत श्री श्री 108 पहाड़ नाथ बाबा मंदिर परिसर में बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ सामुहिक बेठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप कटोरिया इंस्पेक्टर अनिल कुमार, आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, व राजस्व पदाधिकारी आरती भूषण व सुरक्षा बल शामिल थे। बता दें कि आयोजित बैठक श्री श्री 108 पहाड़ नाथ बाबा मंदिर के पुजारी नागा साधु बाबा बसंत पुरी व स्थानीय लोगों के बीच मंदिर का चढ़ावा का पैसे से मंदिर निर्माण में खर्च का ब्यौरा का हिसाब पारदर्शिता नहीं होने से विवाद चल रहा था। जिसे लेकर मंदिर के पुजारी नागा साधु ने आंनदपुर ओपी में आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाए थे। जिसे लेकर आज शनिवार 3 सितंबर को बैठक आयोजित कर मंदिर का विकास करने अथवा वहां विधि व्यवस्था की जिम्मेदारी कमीटी गठन के सदस्य को दिया गया। साथ ही कमीटी के सदस्यों ने बाबा बसंत पुरी को साफ सब्दो में कहा कि मंदिर

का निर्माण एवं यहां विधि व्यवस्था में दावेदार नहीं बन सकते हैं।
इस बात को बाबा बसंत पुरी ने कहा कि 2013 से आज तक इस मंदिर को भव्य बनाने में आमलोगों का सहयोग लेकर दर्शनीय स्थल बनाने का काम किया। यहां की विकास कार्य देख स्थानीय लोग अराजकता फैला विकास वाधक बन गया है। उन्होंने कहा कि जहां मेरा सम्मान नहीं है वहां मैं नहीं रह सकता हूं। दोनों तरफ के दलील सुनने के बाद अंत में बेलहर प्रक्षेत्र एस.डी.पी.ओ प्रेम चंद सिंह द्वारा निष्कर्ष निकाला गया कि कमेटी सदस्य के द्वारा मंदिर निर्माण कराना है। जहां प्रत्येक माह कमेटी बैठक कर विकास से संबंधित प्रस्ताव लिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पहाड़ नाथ बाबा मंदिर का निर्माण गांव के लाखों यादव के द्वारा 1978 में छोटा सा मंदिर बनाकर पूजा करते थे। जिस के गुजर जाने के बाद गांव के लोगों ने छोटा-छोटा मंदिर बनाकर पूजा कर रहे थे। इसी बीच 2013 में नागा बसंत पुरी ने आकर ग्रामीणों के सहयोग से चंदा इकट्ठा कर 2014 में यज्ञ आयोजन कर मंदिर का भव्य रूप देने का काम किया है। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष खूब लाल यादव सचिव दीप लाल यादव कोषाध्यक्ष कुलदीप यादव, मंदिर निर्माण कर्ता के पुत्र तूलो यादव, व उनकी मां भगिया देवी, पूर्व मुखिया भैरो मरिक, शिव शंकर शर्मा के अलावा दर्जनों गणमान्य के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की हुई पूजा

दैनिक समाज जागरण
बौंसी से खास रिपोर्ट

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की पूजा अर्चना की गई। सुबह भगवान का अभिषेक किया गया। आरती के बाद नित्य नियम पूजा और उसके बाद सोलह कारण पंचमेरू दशलक्षण और विधान में उत्तम आर्जव की पूजा की गई। जैन मंदिर में हो रहे पूजा अर्चना को लेकर जैन श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस मौके पर प्रबंधक कमल जैन और संजीव जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि, उत्तम आर्जव धर्म हमें छल कपट से दूर रहकर जीवन जीने की कला

सिखाता है। बताया कि, इस संसार में जो भी व्यक्ति किसी के साथ दवा करता है। उसे स्वयं के जीवन में भी दूसरे से धोखा खाना पड़ता है। ऐसे में यह धर्म हमें छल कपट ना करके सही काम करने की प्रेरणा देता है। बौंसी बाजार स्थित जैन मंदिर के अलावा बारामती मंदिर, मंदार पर्वत शिखर स्थित मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर की आकर्षक साफ सफाई के अलावा श्रृंगार भी किया गया था। इस मौके पर जैन समाज के श्रीकांत जैन, राहुल जैन, अभिषेक जैन सहित अन्य महिला व पुरुष मौजूद थे।

चोरी करने की संदेह के आरोप में लोगों ने एक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

कलुआही थाना क्षेत्र के पुरसौलिया गांव में चोरी के संदेश के आरोप में पकड़ाया युवक

दैनिक समाज जागरण
कलुआही। इमामुद्दीन

कलुआही थाना क्षेत्र के पुरसौलिया गांव में शुक्रवार की रात्रि करीब 3:00 बजे लोगों ने चोरी करने के संदेह के आरोप में पुरसौलिया निवासी अरुण कुमार राम को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गृहस्वामी पुरसौलिया निवासी मो.मुतुर्जा उर्फ भंडारी ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब तीन बजे चोरी करने की नियत से एक व्यक्ति मेरे ऑगन में घुसा और साइकिल पर हाथ देने लगा कि इतने में मेरा

निंद टूट गया और लोगों को हल्ला किया, हल्ला करने पर लोग दौड़ कर आया तो गांव के ही अरुण कुमार राम को देखा, लोगों ने उसे पकड़ कर स्थानीय सरपंच को बुलाकर सरपंच के हवाले कर दिया। सरपंच ने कलुआही थाना को सूचना देकर उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में मो. मुतुर्जा ने कलुआही थाना में लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में कलुआही के थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार से पूछा तो उसने बताया उक्त आरोपी अरुण कुमार राम मानसिक रोगी लग रहा है तथा उसके पास से चोरी का कोई सामान बरामद नहीं हुआ है मामले की जांच की जा रही है।

बिना सत्संग के मानव का जीवन अधूरा होता है -:सुनैना कृष्णा जी

जितेन्द्र कुमार /समाज जागरण, त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले के त्रिवेणीगंज बप्पा पूजा सेवा समिति के बैनर तले गणेश महोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन शुक्रवार की शाम श्री धाम अयोध्या से पधारी बाल विदुषी देवी सुनैना कृष्णा जी ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को खूब निहाल किया। रामकथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र ही धर्म है। भगवान राम अपने गुरु, माता - पिता, भाई संत, अनुचर, सहचर से कैसे व्यवहार करते हैं। धर्म को समझना हो तो उनके आदर्श को अपना लें तो धर्म का पालन हो जाएगा। क्योंकि धर्म के सारे लक्षण भगवान के चरित्र में समाहित हैं। उन्होंने कहा कि राम कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन धन्य हो जाता है तथा मनुष्य जीवन के सारे दुखों का नाश हो जाता है। उसे हर स्थिति में एक समान रहने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि राम नाम तो कण-कण में व्याप्त है। मात्र कुछ ही वक्त निकालकर अगर कोई रामकथा सुन ले तो उसका जीवन सफल हो जाता

है। आज हर किसी के जीवन में उतार-चढ़ाव है। ऐसे में रामकथा उन्हें सच्चाई का अहसास करवाती है। बिना सत्संग के मानव का जीवन अधूरा होता है। जीवन के सारे कष्टों का निवारण सिर्फ राम कथा से ही संभव है। वही बाल विदुषी देवी सुनैना कृष्णा जी के साथ आए भजन टीम ने श्रोताओं को मनमोहक राम भजन प्रस्तुत कर झूमने को मजबूर कर दिया। रामकथा के दौरान सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित गांधी पार्क श्रद्धालुओं से पटा रहा। खराब मौसम के बाद भी श्रद्धालुओं भक्ति सागर में लीन रहे। वही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। जहाँ पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ जुटी रही। इसको लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बप्पा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंघल, सचिव मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज भगत, उपसचिव शुभम चोखानी, संरक्षक उपेन्द्र चंदन आदि जुटे हुए है।

खुली छत के नीचे रहने को विवश चार बच्चे के साथ बीमार वृद्ध पिता

संवाददाता/कटोरिया (जयपुर) से श्रीकांत यादव की रिपोर्ट

बाँका/कटोरिया प्रखंड के बसमता पंचायत वार्ड संख्या 1 के अन्तर्गत मालबथान गाँव से एक बड़ी खबर सामने आ रही है बताया जा रहा है कि उक्त गांव में 4 बच्चे अपने बीमार पिता के साथ खुली छत में रहने को विवश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्ध जगदीश यादव उम्र 63 साल के पत्नी कुछ वर्ष पहले गुजर जाने से अपने पीछे चार छोटे बच्चे को अनाथ छोड़ दिया है।जिनका नाम (1) धनसी कुमारी उम्र 12 वर्ष(2)सोनियां कुमारी उम्र 10 वर्ष(3)पुत्र मनु कुमार 8वर्ष (4)छोटी पुत्री हेमा कुमारी उम्र 6 वर्ष। ये वृद्ध आदमी व चार बच्चे छाता के सहारे गुजरवसर कर रहे है। ये गरीब परिवार जिनका सहारा बिमार पिता हें।उनके छोटे बच्चे वर्षा मे झोपड़ी मे प्लास्टिक छोनी फट

जाने से वर्षा पानी आने पर भिग जाता है।पुछने पर पता चला कि डिलर यानि कोंटा के सहारे जिवन किसी तरह चल रहा हे।बोला अभी घर मे चावल नहीं हे।किसी दुसरे घर से चावल मंग कर लाते है।वृद्ध बिमार होने के कारण खेती भी नही कर सकता हैं। आवास यानी घर के बारे में पूछने पर बोला पहले जब पतनी थे तभी कुछ मिला था।ज्यादा गरीबी होने के कारण घर नही बना सका। किसी तरह एक छोटा सा घर बनाया था वो भी पतनी गुजर जाने के क्रम मे उजड़ गया हालात इतने खराब हो गये हे कि घर मे खाने के दाने तक नही हे।

मऊ मे श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर चौथे दिवस भी पूजा-अर्चना एवं आरती काफी धूमधाम से की गई

(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!

मोहनलालगंज बुधवार से पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ रोजाना दस दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हुई। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और पूजा पंडालों में भगवान विनायक की मूर्ति स्थापित कर उत्साह के साथ उनका स्वागत किया , त्योहार शुरू होते ही भक्त गणपति की मूर्ति ले आए । नगर पंचायत मऊ प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर दस दिवसीय गणेश उत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संध्या का आयोजन दुर्गा माता मंदिर में किया गया जो कि मूर्ति विसर्जन दिन शुक्रवार किया जाय गा इस अवसर पर तेरी जय हो गणेश गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के बीच मंदिर परिसर में दुगार्माता , संकट मोचन , शंकर पार्वती एवं समस्त देवी देवताओं की वैदिक मंत्रोच्चार और एवं विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके समिति द्वारा सदस्यों ने नौ दिनों के लिए भगवान गणेश प्रतिमा स्थापित की गई कार्यक्रम संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि इस बार पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए स्थानीय मूर्तिकार के द्वारा लाल मिट्टी इस्तेमाल कर रंगों से रंगी मूर्ति इको फ्रेंडली मूर्ति बनाई है ,

सुबह के समय भक्तों ने गणेश पूजन कर रिद्धि सिद्धि से अपने और सभी के लिए मंगलकामना मंगलमूर्ति से की गई भगवान गणेश की प्रतिमा को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। दर्शन पूजन के लिए मंदिर में महिलाओं की लंबी कतार लगी रही । सायंकाल गणेश जी की अति प्रिय मोदक पंचमेवा एवं फलों का भोग लगाया गया , मंदिर की ओर से पूजा पाठ की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विवेक गुप्ता,शशांक , शैलेंद्र सोनी , अनुज पांडे, सभासद प्रत्याशी मनीष तिवारी पंकज गुप्ता अनुज गुप्ता, संदीप गुप्ता,पत्रकार विवेक कुमार जिला मीडिया प्रभारी विष्णु गुप्ता पत्रकार, शिव जी, अतुल गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रशांत गुप्ता शिवा गुप्ता ,आदि सभी भक्तजनों को भगवान का भोग लगाकर प्रसाद , संध्या आरती के पश्चात भक्तों को वितरित किया गया ।

कभी भी बच सकता है नगर पंचायत चुनाव का बिगुल।

अधिसूचना 5 सितंबर तक आरक्षण रोस्टर आयोग के अनुमोदन के बाद ही होगा लागू।

`दैनिक समाज जागरण।कटोरिया से धर्मेंद्र तन की रिपोर्ट

कटोरिया नगर पंचायत चुनाव का बिगुल कभी भी बच सकता है। आयोग पूरी तरह तैयार है। हालांकि अधिसूचना आज जारी नहीं हो सका। लेकिन संभावना है कि 5 सितंबर से 7 सितंबर के बीच चुनाव अधिसूचना जारी हो जाएगा । नगर पंचायत आरक्षण की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो चुका है। कटोरिया बीडीयो प्रेम प्रकाश ने बताया कि

आयोग के अनुमोदन के बाद ही आरक्षण का सही पता लग सकेगा। फिलहाल लोगों को 2 दिन और इंतजार करना पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चेयरमैन की कुर्सी पिछड़ा यो अतिपिछड़ा की झोली में जाने की संभावना है ।पहली बार नगर पंचायत कटोरिया का चुनाव सरगर्मी भरा होगा।

प्रखंड सभागार में आयोजित वार्ड सदस्यों का गैर आवासीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड सभागार में आयोजित वार्ड सदस्यों का गैर आवासीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गई वहीं प्रशिक्षण के अंतिम दिन मास्टर ट्रेनर जेई राकेश कुमार ,लेखापाल संदीप कुमार ,देव नारायण सिंह, कार्यपालक सहायक कुमार अनिल

,महमूद आलम एवं पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा वार्ड सदस्यों को पंचायत के विकास में योजनाओं संबंधी जानकारी दी गई वहीं पर प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर जेई राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के अंतिम दिन शनिवार को वार्ड सदस्यों को विशेष रूप से 15 वीं वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गईं

शनिवार को फूलीडूमर थाने पर भूमि विवाद संबंधी जनता दरबार अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुलीडूमर/ बांका

फुल्लीडुमर थाना परिसर में शनिवार को प्रभारी अंचलाधिकारी ईशा रंजन की अध्यक्षता में भूमि विवाद संबंधी जनता दरबार आयोजित की गईं आयोजित जनता दरबार में पुराने फरियादियों के भूमि विवाद संबंधी बाद की सुनवाई की गई `जिसमें विपक्षी की अनुपस्थिति में

नोटिस जारी करते हुए फरियादियों को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का आदेश दिया गयो वहीं आयोजित जनता दरबार में एक भी नए मामले नहीं आए और न ही किसी मामले का निष्पादन किया गया

पुलिस ने दो युवक को देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण बौंसी से खास रिपोर्ट

बौंसी/बांकाः- बंधुआकुरावा पुलिस ने दो युवक को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि, नवोदय विद्यालय के पास संदिग्ध हालत में दो युवक घूम रहा था। गश्ती के दौरान दोनों युवक से रुक कर पुलिस

ने पूछताछ की। पूछताछ के दौरान संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने के बाद दोनों युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में युवक के पास से देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस जप्त किया गया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। युवक की पहचान झारखंड के गोड्डा जिले के अगिया मोड़ निवासी राजेश साह के पुत्र सोनू साह एवं सरोज दास के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि, दोनों युवक से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है।

बच्चों से भरी निजी स्कूल बस ने मारी पलटी

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्चों से भरी आरडीपीएस स्कूल विष्णु पुर डीह की बस ने शनिवार की सुबह सिंघिया-पंसल्ला मुख्य पथ के कंजारा गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब दस फीट गड्ढे में पलट गई। जिससे बस में सवार कई बच्चे गंभीर रूप से घायल

हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के काफी मेहनत के बाद बच्चों को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी अनुसार ओवर लोडिंग और चालक की लापरवाही के कारण बस ने पलटी मारी। वहीं सूचना मिलने पर पहुंचे बच्चों के अभिभावकों के द्वारा अपने-अपने बच्चों को इलाज के लिए ले जाया गया। इधर घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय थाने की पुलिस बस को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

प्रोफेसर विलक्षण रविदास के बचाव में उतरे बिहार फूले अंबेडकर युवा मंच।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट

बिहार फुले अंबेडकर युवा मंच बांका के जिला अध्यक्ष ने शनिवार को बांका समाहरणालय के सामने धरना देकर भागलपुर के प्रोफेसर विलक्षण

रविदास के साथ न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में मुकेश दास ने बताया कि 4 अगस्त को अग्नि पथ योजना के विरुद्ध लखीसराय में हुए आगजनी को लेकर नक्सली ने प्रोफसर विलक्षण रविदासे को घटना में शामिल होने की बात कही गई। इसी के आधार पर लखीसराय में प्रोफेसर विलक्षण रविदास के विरुद्ध नक्सली गतिविधि को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया है इसे के विरोध में शनिवार को बांका समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। जिसमें कटोरिया के सैकड़ों जय भीम परिवार से एकत्रित हुए और न्याय की गुहार लगाई ।लोगों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग कर केस को खत्म करने का मांग किया।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 6

बच्चा सिंह दूसरी बार एकमा व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित, 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

दैनिक समाज जागरण

एकमा (सारण)। जिले के एकमा व्यापार मंडल सहयोग समिति एकमा के आम चुनाव हेतु शनिवार को ई किसान भवन में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। शाम को हुई मतगणना के दौरान लगातार दूसरी बार बच्चा सिंह व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए।

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमोद सिंह को 106 मतों से पराजित किया। मतगणना के दौरान बच्चा सिंह को 264 व प्रमोद सिंह को 158 मत मिले। इसकी जानकारी देते हुए निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. सत्येन्द्र पाराशर द्वारा विजयी प्रत्याशी बच्चा सिंह को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा गया। जिला प्रशासन के आदेश पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच

एकमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्थित ई-किसान भवन में व्यापार मंडल सहयोग समिति का चुनाव शांति पूर्ण वातावरण में मतदान व मतगणना संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, रवि शंकर मिश्र, दीपक कुमार, दिनेश शर्मा, मंसूर आलम के अलावा एकमा थाना पुलिस सुरक्षा को लेकर मुस्तैद नजर आए।

शिक्षक दिवस पर पुरानी पेंशन देने की घोषणा कर लाखों शिक्षको को सम्मान दे सरकार: शिक्षक संघ

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू एवं संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन ने झारखंड सरकार का शिक्षक कर्मचारियों के पक्ष में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने के ऐतिहासिक निर्णय को सूबे के साढे चार लाख शिक्षक कर्मियों की ओर से संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शुभकामनायें प्रेषित की है। वहीं दूसरी ओर बिहार के महागठबंधन की सरकार से बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि अन्य दूसरे राज्य छत्तीसगढ, झारखंड, एवं राजस्थान सरकार की तर्ज पर बिहार में भी लाखों शिक्षकों कर्मचारियों के भविष्य के बेहतर

निर्माण हेतु यथाशीघ्र अंशकालीन पेंशन योजना को रद्द कर बिहार में भी पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करे। सूबे के शिक्षक कर्मचारी आशा भरी निगाहों से महागठबंधन सरकार की ओर देख रहे है। इसके साथ ही संघ के राज्याध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू ने कहा है कि अगर सही अर्थों में बिहार की सरकार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षको को वास्तविक रूप में सम्मान देना चाहती है तो सूबे के लाखों शिक्षक कर्मियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की यथाशीघ्र घोषणा कर सम्मान देने का काम करे। इस मांग का समर्थन राज्य संघ के प्रदेश प्रवक्ता बैजू कुमार, प्रदेश सचिव सुनील तिवारी,प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, डा.राजेश यादव, मंजीत तिवारी,संजय सिंह चुन्नू के साथ ही संघ के उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश गिरि आदि शामिल हैं

मशरक के स्कूलों में सुरक्षित शनिवार के तहत डायरिया बीमारी पर हुई चर्चा

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। नगर पंचायत मुख्यालय अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मशरक में "सुरक्षित शनिवार" के अन्तर्गत आज डायरिया बीमारी के लक्षण,बचाव और उपचार आदि पर चर्चा की गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय में इस कार्यक्रम के नोडल/फोकल शिक्षक संजय कुमार सिंह कुमार ने डायरिया के लक्षणों,बचाव एवं उपचार आदि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डायरिया बीमारी में मरीज को उल्टी एवं पतले दस्त की शिकायत होती है। इसमें प्राथमिक उपचार में मरीज को नींबू,पानी और चीनी का घोल बनाकर देना चाहिए और उसका प्राथमिक उपचार करना चाहिए।इसके

साथ ही मरीज को प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर इलाज कराना चाहिए।इस कार्यक्रम में नोडल शिक्षक ने बच्चों को नींबू,पानी और चीनी का घोल बनाकर भी दिखाया।उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस का पाउडर निः शुल्क मिलता है।आप उसको भी पिला सकते हैं।मौके पर शिक्षक विजय कृष्ण त्रिपाठी,उमाशंकर उमेश,प्रभात चन्द्र भूषण,दुर्गा प्रसाद,विनय कुमार सिंह,शत्रुघ्न कुमार एवं राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

कुपोषण से बचाव एवं प्रबंधन से संबंधित संवर्धन कार्यक्रम में विशेषज्ञों की राय:

घर का भोजन करें और स्वस्थ रहें:

जिले को कुपोषण मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल: सिविल सर्जन कुपोषण के खिलाफ किया जा रहा जागरूक: डीपीएम

घर में उपलब्ध भोज्य-पदार्थों से तैयार भोजन करें और स्वस्थ-सुपोषित रहें। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विशेषज्ञों की बातचीत में यह तथ्य उभरी। जिले में बच्चों के कुपोषण से बचाव एवं प्रबंधन से संबंधित संवर्धन के लिए इसका आयोजन किया गया। यह आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित प्रशिक्षण केंद्र सह सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में खानपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा इसे सामुदायिक स्तर तक पहुंचाने पर सहमति बनी। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ डीएन झा, डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीएमएनई अखिलेश कुमार सिंह, राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा समस्तीपुर की ओर से पल्लवी कुमारी एवं अमित कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधक भवेश कुमार, पोषण पुनर्वास केंद्र के नोडल अधिकारी मजहर आलम एवं पोषण विशेषज्ञ रानी कुमारी, पिरामल स्वास्थ्य से मनीष कुमार, राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के डीसी केशव कुणाल सहित मनसाही, हसनगंज, दण्डखोड़ा, प्राणपुर, मनिहारी, अमदाबाद, कदवा एवं सदर प्रखंड से एएनएम एवं बीसीएम के अलावा 48 प्रतिनिधि विशेषज्ञों ने भाग लिया। जिले को कुपोषण मुक्त करने की

दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ डीएन झा ने बताया कि जिन कुपोषित बच्चों में चिकित्सीय जटिलता है, उसे घरेलू स्तर पर तैयार खाद्य समूहों से सुपोषित किया जा सकता है। इसके लिए विभिन्न केंद्रों पर पौष्टिक आहार बनाने की आवश्यकता है। संवर्धन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में कुपोषित बच्चों की पहचान करना, रोकथाम, प्रबंधन तथा बच्चों के भोजन को बेहतर करना है। सामुदायिक देखभाल तथा कुपोषण के प्रबंधन को सशक्त करना है। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित सूचकांकों में अपेक्षित सुधार करना है। सामान्य तौर पर लोगों में कुपोषण के कारणों, पहचान तथा उसके दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी कम होती है।

कुपोषण के खिलाफ किया जा रहा जागरूक : डीपीएम

डीपीएम डॉ किशलय कुमार ने बताया कि सांवर्धन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं को पोषण से संबंधित विषय पर आधारित प्रचार सामग्रियां भी उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि डोर टू डोर भ्रमण या किसी विशेष दिवस के दिन गृह भ्रमण के दौरान इन सामग्रियों के सहयोग से कुपोषण के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 5 सितंबर को कोढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बरारी, फलका, समेली, कुसेला एवं कोढ़ा स्वास्थ्य केंद्र के लागभग 30 प्रतिभागी एवं 6 सितंबर को बारसोई स्थित एएनएम स्कूल परिसर में बारसोई, बलरामपुर एवं आजमनगर के लग्नहव 18 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा।

गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र, एयर फोर्स स्टेशन चांदीनगर में मरून बेरेट औपचारिक परेड का आयोजन

वायु सेना विशेष बल 'गरुड़' कमांडो के प्रशिक्षण के सफल समापन के अवसर पर 03 सितंबर 2022 को गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चांदीनगर में मरून बेरेट औपचारिक परेड का आयोजन किया गया। एयर वाइस मार्शल राकेश सिन्हा एवीएसएम सहायक प्रमुख एयर स्टाफ ऑपरेशंस (अफेन्सिव), वायु सेना मुख्यालय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, उन्होंने परेड की समीक्षा की। गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र के कमांडेंट विंग कमांडर त्रिलोक शर्मा ने मुख्य अतिथि की अगुवानी की।

मुख्य अतिथि ने गरुड़ रेजिमेंटल प्रशिक्षण केन्द्र से सफलतापूर्वक पास होने वाले गरुड़ कमांडो को बधाई दी। युवा कमांडो को संबोधित करते हुए उन्होंने बदलते हुए सुरक्षा परिदृश्य के साथ तालमेल रखने के लिए विशेष बलों के कौशल के प्रशिक्षण और सम्मान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सफल गरुड़ प्रशिक्षुओं को मरून बेरेट, गरुड़ प्रवीणता बैज और विशेष बल टैब प्रदान किए और पास होने वाले मेधावी प्रशिक्षुओं को ट्राफियां प्रदान कीं। एलएसी जोंधले एस. बालासाहेब को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर ट्रॉफी प्रदान की गई।

इस समारोह के एक हिस्से के रूप में 'गरुड़' ने लड़ाकू फायरिंग कौशल, बंधकों को मुक्त कराने, फायरिंग ड्रिल, आक्रमण विस्फोटक, बाधा क्रॉसिंग ड्रिल, दीवार पर चढ़ने, फिसलने, रैपलिंग और सैन्य मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन किया।

मरून बेरेट औपचारिक परेड पास होने वाले युवा गरुड़ के लिए गर्व और उपलब्धि का विशिष्ट क्षण होता है, जो एक बहुत कठिन प्रशिक्षण की समाप्ति, इन कमांडो का युवा विशेष बल संचालकों में परिवर्तन तथा अपने जीवन के मूल्य पर भी इस देश की सेवा करने के लिए कुलीन बल में शामिल होने का प्रतीक है।

नगर पंचायत दिघवारा के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में पोस्टर युद्ध शुरू

दैनिक समाज जागरण

दिघवारा/सरण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। चुनाव की आहट देख कर शपोस्टर वार शुरू। सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा की संभावित तिथि घोषित होने के साथ ही संभावित उम्मीदवारों द्वारा पोस्टर बार शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही उम्मीदवारों के द्वारा जनसंपर्क अभियान भी तेज कर दिया गया। इस दौरान पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में आप कहीं भी घूमेंगे तो कोई ना कोई प्रत्याशी जनता से रूबरू होते आपको मिल ही जाएंगे। उनका जनसंपर्क अभियान काफी तेज हो गया है और वह अभी से ही जनता के बीच अपने लोकलुभावन वादों की बौछार शुरू कर चुके हैं। कोई सड़कों की विकास की बात कर रहा है, कोई राशन कार्ड में छूटे हुए मतदाताओं का नाम जुड़वाने की बात कर रहा है। कोई नल जल का नल पहुंचाने की बात कर रहा है। कोई नाला बनवाने की बात कर रहा है। कोई स्वास्थ्य सुविधा में मदद की बात कर रहा है। तो कोई अन्यान मदद की बात कर रहा है। इन्हीं बातों के बीच उम्मीदवारों द्वारा जनसंपर्क के दौरान अपने अपने दावा मजबूत की जा रही है। जनता के बीच

जनसंपर्क में घूमने के दौरान सभी अपने-अपने उम्मीदवारों का परिचय भी मतदाताओं से कराने में पीछे नहीं हट रहे हैं। उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थक भी अलगझअलग जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। यह चुनाव पूर्व में जारी आरक्षण रोस्टर के हिसाब से हो रहा है जिसके अनुसार दिघवारा नगर पंचायत का मुख्य पार्षद पद जेनरल महिला के लिए आरक्षित है। तो उपाध्यक्ष का पद जेनरल के लिए आरक्षित है। वही वार्ड पार्षदों का पद पूर्व से ही आरक्षण रोस्टर से बंधा हुआ है और उसी के अनुसार उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान भी तेज है। मुख्य पार्षद पद के लिए जनसंपर्क अभियान करने वाले प्रत्याशियों में मुख्य रूप से रश्मि कुमारी, राजकुमारी देवी, नीतू देवी, सुन्दरी कुमारी, अंशु देवी, छठिया देवी आदि प्रमुख उम्मीदवार है। तो उप मुख्य पार्षद पद के लिए संजय राय राजकुमार राय अजय कुमार प्रसाद शब्बीर हुसैन, दुर्वेश अंसारी आदि प्रमुख हैं। वार्ड पार्षदों का कहना क्या वह तो सबसे ज्यादा रेस है।

महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला की तैयारी हेतु बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। प्रखंड के डुमरसन बाजार पर 4 और 5 सितम्बर को मनाए जाने वाले महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेले के मद्देनजर डुमरसन पंचायत के मुखिया बच्चा लाल साह की अध्यक्षता में डुमरसन बाजार पर हुई आयोजन समिति की बैठक में तैयारियों का जायजा लिया गया। इसके पूर्व पिछले सप्ताह मशरक बीडीओ मो आसिफ, थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा की मौजूदगी में झंडा मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव तथा दिशा निर्देश के साथ शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर अमल की सहमति बनी। इस मौके पर अखाड़ों के लाइसेंस धारी सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे। डुमरसन बाजार और डुमरसन मेला में अखाड़ों में रात्रि में होने वाले स्टेज शो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। मेले में भारी भीड़ के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। इसमें छपरा पटना की ओर से आने वाली बड़ी

गाड़ियों को मशरक के महावीर चौंक से ही मलमलिया रोड में रूट बदल लेने तथा गोपालगंज से मुहम्मदपुर होकर छपरा या पटना जाने वाली बड़ी गाड़ियों को लखनपुर गोलम्बर से पानापुर होकर तरैया की ओर रूट बदलने की बात बताई गई। जिस पर सभी की सहमति बनी। मुखिया बच्चा लाल साह ने बताया कि झंडा के मेले का 50 वां वर्ष इस बार मनेगा जिसकी सारी तैयारियां शुरू कर दी गई है। बीडीओ मो आसिफ ने कहा कि त्योहार खुशी लेकर आता है और सभी के बीच प्रेम जगाता है हम सभी को पूरे श्रद्धा और भक्ति से महावीरी झंडा अखाड़ा सम्पन्न कराना है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मेले के मद्देनजर पूरे इलाके में पुलिस बल वर्दी और सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे। भीड़ के मद्देनजर सड़कों पर आवागमन बंद रहेगा। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

तरैया में व्यापार मंडल सहयोग समिति के अध्यक्ष बने ललन

दैनिक समाज जागरण

तरैया (सारण)। तरैया प्रखंड के व्यापार मंडल सहयोग समिति के अध्यक्ष पद पर छह मतों से ललन प्रसाद यादव निर्वाचित घोषित किये गये है। तरैया व्यापार मंडल सहयोग समिति के अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार ललन प्रसाद यादव व किशोर कुमार सिंह बबुआ मैदान में थे। प्रखंड मुख्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को व्यापार मंडल सहयोग समिति का चुनाव प्रारम्भ हुआ। मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के पश्चात मतों की गिनती की गई। जिसमें अध्यक्ष पद के दावेदार ललन प्रसाद यादव को 27 मत मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी किशोर कुमार सिंह को 21 मत मिले। वहीं छह मतों से ललन प्रसाद यादव विजयी घोषित किये गये। वहीं एक मत रद्द हुए थे। मतदान के दौरान कुल 49 मत पड़े थे। वहीं प्रबंधकारणी सदस्य पद पर 13 लोगों ने नामांकन किये थे। जिसमें सात निर्विरोध निर्वाचित हो गये थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललन प्रसाद यादव ने अपनी जीत का श्रेय समिति के सदस्यों को देते हुए कहा कि अध्यक्ष पद पर दूसरी बार निर्वाचित हुए है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री यादव को जनप्रतिनिधियों ने झमाझम बारिश में बधाई देने प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। बारिश में भी जीत के जश्न में गुलाल उड़े तथा एक दूसरे लोगों ने जीत की बधाई दी। बधाई देने वालों में राजद प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व अध्यक्ष बीर बहादुर राय, पूर्व बीडीसी मनोज राय, पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, रामजी रौशन, मुन्ना यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव समेत अन्य लोगों का नाम शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का किया शुभारंभ

पौने चार साल में 6 नए जिले बने, जनता और प्रशासन के बीच की दूरी हुई कम: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सारंगढ़ के खेल भांठा मैदान में आयोजित विशाल समारोह में राज्य के 30 वें जिला सारंगढ़ बिलाईगढ का शुभारंभ किया। उन्होंने नए जिले में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 540 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नए जिले के रूप में अस्तित्व में आने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए पिछले 4 साल में 6 नए जिले बनाए हैं। इससे जनता को काफी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नए जिलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए 540 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। श्री बघेल ने कहा की 72 साल के लगातार संघर्ष के बाद सारंगढ़ अलग जिला बन पाया है। जिले के निर्माण के संघर्ष में कई पीढ़ियो ने योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सारंगढ़ को जिला बनाने में बिलाईगढ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। बिलाईगढ वासियों की सहमति से ही सारंगढ़ जिला बन पाया है। श्री बघेल ने कहा कि सारंगढ़ शुरू से मानव जाति की सभ्यता का केंद्र रहा है। कई शक्तिपीठों के साथ ही बाबा घासीदास जी के प्रति आस्था रखने वालों की बहुलता है। सारंगढ़ का दशहरा उत्सव भी बस्तर दशहरा की तरह विख्यात है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा की कलेक्टर एसपी के बाद अन्य जिला स्तरीय कार्यालय भी जल्द खुलेंगे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा की पिछले 4 सालों में प्रदेश में सर्वांगीण विकास के काम हुए हैं। धान खरीदी के संबंध में की गई

घोषणा पर हम अटल है। हर साल खरीदी मूल्य बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गत 4 साल में धान बेचने वाले किसानों की संख्या 11 लाख बढ़ी है। अब लगभग 26 लाख किसान धान बेच रहे हैं। सरकार की नीति से सभी किसान एवं ग्रामीण खुश हैं। खेतों में फसल लहलहा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 150 करोड़ रुपए की गोबर खरीदी की जा चुकी है। गोबर के बाद अब गोमूत्र की खरीदी भी गोठानो से हो चुकी है। इन सबके असर से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। तेंदूपत्ता की 4 हजार प्रति मानक बोरे में खरीदी के साथ ही 65 प्रकार के लघु वनोपजों की सरकारी खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में पिछले 4 सालों में रोजगार के अवसर बढे हैं। गोठान रोजगार के महत्वपूर्ण केंद्र बने हैं। इन सबके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य बन गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 279 आत्मानंद स्कूल खुल चुके हैं। 422 और नए स्कूल खोलने की कार्ययोजना पर काम चल रही है। अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज भी खोले गए हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए चार साल में 4 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले हैं। हॉट बाजार क्लीनिक के साथ लोगों को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से सस्ती दवाइयां भी मुहैया करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता के जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए मदद करने को हम रेवड़ी बांटना नहीं मानते। लोकतंत्र में यह हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

साइकिल व बाइक की टक्कर में साइकिल सवार घायल

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठी गांव के समीप साइकिल और बाइक के बीच अचानक टक्कर हो जाने से एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर रसूलपुर थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार ने तत्काल मौके पर पहुंच कर गंभीर रूप घायल मनोज सिंह को आसपास के लोगों के सहयोग से पुलिस वाहन से एकमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. गुंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मनोज सिंह को बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। जहां घायल का उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी साइकिल सवार मनोज सिंह बगौड़ा बाजार से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान चपरैठी गांव के समीप अचानक साइकिल सवार और बाइक सवार की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

अन्तजार्तीय विवाह से नाराज पिता ने पुत्र की पिटाई की, प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण

एकमा (सारण)। एकमा प्रखंड के शिवरी मठिया गांव के मनराज महतो की पिटाई उसके परिजनों ने कर दी है। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद के द्वारा किया गया।

बताया गया है कि घर से भागकर मनराज महतो अपने गांव की एक युवती से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद कोर्ट में विवाह कर लिया है। इस अन्तजार्तीय विवाह करने के बाद जब मनराज महतो अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ घर पहुंचा, तो इससे परिजन नाराज हो गये और मनराज की पिटाई कर घर से खदेड़ दिया। घायल मनराज महतो के द्वारा रसूलपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बाढ़ के पानी में डूबने से युवक की मौत

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। मशरक के सेमरी गांव निवासी सोनालाल महतो पिता दशरथ महतो गुरुवार को नासिक में आई बाढ़ के पानी में दहने से गुरुवार को मौत हो गई। शुक्रवार को नासिक में मृत युवक का शव पानी से निकाला गया। जैसे ही नासिक से मृत युवक की तस्वीर शुक्रवार के शाम मशरक के सेमरी में परिजनो के पास पहुंची लोग दहाड़े मार रोने लगे। आसपास के लोग पहुंच परिजनो को सांत्वना देने में जुटे। ग्रामीण मुकेश कुमार सिंह शिक्षक ने बताया की सोनालाल नासिक में एक दशक से रहता था । वहां वह फिटर का काम करता था । पत्नी और दो बच्चे साथ रहते थे।

जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। थाना परिसर में जिलाधिकारी सारण के आदेशानुसार भूमी विवादों के निपटारे को जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद को बारी बारी से सुना। अंचल निरीक्षक महेंद्र राम ने बताया कि आज के जनता दरबार में 3 नया मामला दर्ज कराया गया जिसको जांच-पड़ताल और विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत करने को रजिस्टर्ड कर लिया गया वही पहले से 5 मामले सुनवाई में लंबित थें जिनपर सुनवाई करते हुए 4 का निष्पादन कर दिया गया वही एक को कागजात जांच-पड़ताल के लिए रखा गया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र में भूमी विवादों के निपटारे को हर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है जिसमें थाना क्षेत्र के वैसे जिनको भूमी विवाद हैं वे इसका लाभ उठा सकते हैं।

समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह उर्फ नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि मनी

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। प्रखंड के तरैया निवासी शत्रुघ्न सिंह उर्फ नेता जी की शनिवार को उनके पैतृक आवास पर प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। उनके

पुण्यतिथि पर प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी, वुद्धिजीवी व शिक्षाविदों ने नेताजी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता अमरनाथ सिंह ने पुष्प अर्पित करते हुए नेताजी व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी आजीवन समाज सेवा में लगे रहे। समाज सेवा करते हुए उन्होंने पिछले वर्ष तीन सितंबर को सदा के लिए इस दुनिया से चल बसे थे।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रतीक शेखर, नवलकिशोर सिंह, भृगुनाथ सिंह, बृजकिशोर सिंह, कुणाल सिंह, शिवशंकर शर्मा, सिंहासन तिवारी, मुन्ना बाबा समेत अन्य समाजसेवी शामिल थे।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन का अनिश्चित कालीन धरना शुरू!

विवेक कुमार (संवाददाता)! दिन शनिवार को भारतीय किसान अवध ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर देवामऊ स्थित संजय यादव की बाग में अपनी मांगे पूरी ना किए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन व आवास विकास परिषद के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया संगठन में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना में प्रभावित किसानों को वृंदावन योजना की भांति पांच प्रतिशत विकसित प्लाट दिए जाए उक्त योजना ने निवास करने वालें मुस्लिम भाईयों के लिए कब्रिस्तान जो की पूर्व से ही राजस्व अभिलेखों में दर्ज है उसकी बाउंड्री

कराई जाए उक्त योजना में बने मकान दुकान छोरे जाएं जिन गांवों की भूमि परिषद में ली गई है उनका विकास कराया जाए व बारात घर बनाया जाय जिन किसानों ने समझौता कर मुवाबजा नहीं लिया है उनकी भूमि पर परिषद द्वारा अवैध कब्जा न किया जाए परिषद द्वारा जो दाखिल खारिज कराया गया है उसे निरस्त कर किसानों के नाम किया जाय प्रदर्शन के दौरान किसानों के ऊपर लगाए गए मुकद्दमे वापस लिए जाय जिन जिन गांवों की परिवर्तन रिपोर्ट गलत तरीके से लगाई गई है उसे ठीक किया जाए अंसल एपीआई के जिन किसानों की जमीनें ली है उन किसानों को 10/12 का एरिया का एक एक व्यवसायिक चबूतरा दिया जाय मांझिग्वा तंडहा के गाटा संख्या 172/2 रकबा 0.9950हे0 दूसरा गाटा 244/1 रकबा 0.0820 हे 0 कुल रकबा 1.00770 हे 0 भगीरथ पुत्र स्व0 ले

लेखा से प्रतिवादी नन्हकऊ पुत्र स्व0 मोहन निवासी मिजार्पुर से भूमि का बैनामा निरस्त कराकर कब्जा हटाए जाने की मांग करी और उन्होंने परिषद व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी ना की गई तो वो 21 09 2022 को परिषदीय मुख्यालय का घेराव करेंगे।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 7

आंगनबाड़ी केंद्र का किया गया शुभारम्भ

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

जिला कार्यक्रम अधिकारी अमेठी संतोष श्रीवास्तव एवं ग्राम जनपद अमेठी के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र - सुंदरपुर पर पोषण माह का शुभारंभ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों और अभिभावक को पोषण माह के दौरान संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि 1 से 30 सितंबर तक पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा, इस वर्ष की थीम है महिला व स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा - पोषण भी पढ़ाई भी, लैंगिक संवेदनशीलता जल संरक्षण एवं प्रबंधन, स्थानीय खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन है। पोषण माह की मुख्य गतिविधि में पोषण पंचायत की बैठक, खेल और पढ़ाई, आंगनवाड़ी केंद पर व सामुदायिक भूमि पर पोषण वाटिका का निर्माण, आयुष संग पोषण का आयोजन किया जाएगा। इस पोषण माह के दौरान स्वस्थ बालक/बालिका प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन तथा लंबाई/ऊँचाई ग्रोथ मोनिटरिंग डिवाइस का उपयोग करते हुए किया जाएगा। पोषण माह का क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, जलशक्ति, आयुष विभाग के समन्वय से गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष के 140751 बच्चे है जिनका संभव अभियान के अंतर्गत वजन कराया गया था जिसमें 1736 बच्चे सैम व 5796 बच्चे मैम चिंहित किये गए हैं। जिनका पोषण प्रबंधन भी पोषण माह के अंर्तगत किया जाएगा। जनपद के 1949 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 35935 गर्भवती व धात्री महिलाएं पंजीकृत हैं जिनको पोषण माह के दौरान स्वास्थ्य व पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी व स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर माननीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पोषण अभियान का शुभारंभ कराया जा रहा है। सुन्दपुर आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण वाटिका स्थापना के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी व प्रधान द्वरा संयुक्त रूप से पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अमेठी प्रवीण विश्वकर्मा तथा क्षेत्रीय मुख्य सेविका व ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहे।

छत से कूदे टप्पेबाज की इलाज दौरान मौत

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी गौरीगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में 01 सितम्बर को एक महिला रुपए निकालने गई थी। कैश काउंटर पर भीड़ थी लिहाजा महिला बैंक के ही अंदर बैठ कर अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। उधर कैशियर ने महिला का नाम पुकारा तो एक व्यक्ति काउंटर पर पहुँचकर कैशियर से महिला के नाम वाला पैसा लेने की कोशिश किया। इस पर कैशियर ने महिला को बुलाने की बात कही तो उस व्यक्ति ने महिला की ओर उंगली दिखाते हुए कहा कि मैं उस महिला का पति हूँ जिस पर कैशियर ने उसे 50 हजार रूपए दे दिया। कैशियर के मुताबिक पैसा पाते ही वह व्यक्ति बैंक से बाहर निकल गया। थोड़ी ही देर में महिला अपना पैसा लेने काउंटर पर पहुँची तो कैशियर ने पैसा उसके पति द्वारा लिए जाने की बात बताई जिस पर महिला ने बताया कि उसका पति उसके साथ था ही नहीं।

जब कैशियर ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को महिला को दिखाया तो महिला ने उसे अपना पति नहीं होने की बात बताई। आनन फानन में कैशियर ने बैंक में मौजूद अन्य लोगों को फुटेज दिखाया तो व्यक्ति की पहचान सुल्तानपुर जिले के धम्मौर निवासी दिनेश मिश्रा के रूप में हुई। कैशियर ने तुरंत गौरीगंज पुलिस को सूचना दिया। रात में गौरीगंज और धम्मौर पुलिस ने आरोपी दिनेश मिश्र के घर दबिश दी तो तलाशी के दौरान महिला के नाम पर टप्पेबाजी के 49500 बरामद हो गए।

पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जी. ने बताया कि पुलिस को देखकर भागने के लिए दिनेश मिश्र ने अपने घर की पहली मंजिल की छत पर से छलांग लगा दिया। छत से कूदने के कारण दिनेश मिश्र घायल हो गए। जिस पर पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान दिनेश की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इलाज के दौरान घायल दिनेश मिश्र की मौत हो गई।

उधर मृतक दिनेश मिश्र की पत्नी अनीता मिश्रा ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस ने उनके पति दिनेश को छत से धक्का दे दिया जिससे वो गिर गए। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जी. ने मृतक की पत्नी के आरोप से इनकार करते हुए बताया कि पुलिस छत से कूदे दिनेश को तुरंत अस्पताल ले गई और इलाज कराया तथा पुलिस विधि पूर्वक सीसीटीवी फुटेज में चिन्हीकरण करते हुए कैशियर की तहरीर पर आरोपी को पूँछ-तांछ के लिए लेने गई थी। फिलहाल मृतक के परिजनों का घटना से रो-रो कर बुरा हाल है। 45 वर्षीय मृतक दिनेश मिश्र के कुल चार संतानें हैं जिसमे दो पुत्रियाँ और दो पुत्र शामिल हैं। पूरे परिवार में शोक का माहौल है।

छात्र को मारने के आरोप में शिक्षक हुआ निलंबित

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ ! विकास खंड शिवगढ़के खंड शिक्षा अधिकारी की आख्या पर सहायक शिक्षक अशोक कुमार पांडेय कंपोजिट विद्यालय रैनी सतखरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है सहायक अध्यापक अशोक कुमार पांडेय पर कक्षा चार के छात्र निशिकांत सरोज तथा अंश पटेल को पीठ पर मारने का आरोप है।
जो सहायक अध्यापक की शिक्षक आचरण नियामावली के विरुद्ध कार्य किया गया* अपने दायित्वों कर्तव्यों का निर्वहन नही किया गया तथा साशकीय आदेशों निदेर्शों की अवहेलना किया जाना पाया गया
निलंबन अवधि में सहायक अध्यापक अशोक कुमार पांडेय को वित्तीय नियमो के अनुसार जीवन यापन भत्ता अर्ध वेतन बराबर देय होगी जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने पत्र जारी किया गया है जिनके प्रधान लिपिक हरजिवन लाल के द्वारा प्राप्त हुयी है ।

ए डी ओ पंचायत पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप, आलाधिकारी मौन

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी व्युरोचीफ प्रतापगढ़

जिले के विकास खंड रामपुर संग्रामगढ़ मे पूर्व ए डी ओ पंचायत कमलेश कुमार पांडेय के द्वारा किया गया भ्रष्टाचार उभर कर सामने आ रहा है* अपने पद का दुरूपयोग करते हुए विकास कार्यो मे जमकर धा नली की गयी। इनके द्वारा अपूर्ण कार्यो का भुगतान कर दिया गया लम्बे कार्यकाल तक अपने भ्रष्टाचार की सेवाएं रामपुर संग्रामगढ़ विकास खंड को देते रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश निर्देश को ठेंगा अपने रशूख और पहुँच के दम पर दिखाते रहे हैं सवाल कब तक? अंततः साहब का स्थानांतरण हो ही गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार इनका तबादला बिहार ब्लाक में किया गया है *जहाँ पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है- । एक नमुना रामपुर संग्रामगढ़ विकास खंड में अभी और है * जे ई पांडे इनके द्वारा भी यही कार्य किया जाता है अपूर्ण कार्यो का भुगतान मे इनका भी अहम योगदान रहता है साहब की कलम चले बिना एक रुपया भी पास नही होता है ग्राम आर्रो के जहानाबाद मे बने सामुदायिक सौचालय अपूर्ण कार्य का भुगतान पूर्ण कर दिया गया मात्र सेक्रेटरी राजीव सरोज दोषी नही है कलम तो इन सभी साहबो की चली है ये तो एक नमुना मात्र है इन अधिकारियों के द्वारा और भी बड़े कारनामे किये गए हैंजो जांच से ही उजागर हो सकते हैं लेकिन प्रतापगढ़ में भ्रष्टाचार को फलने फूलने की खुली छूट। है क्यों कि एक टेलीफोन ही अधिकारियो के साथ पांव बुला लेता है सभी अधिकारी मार काट रहे हैं । चोर चोर मौसेरे भाई की कहावत सार्थक कर रहे हैं ।

मदरसे की शिक्षिकाएं भी होगी मातृत्व अवकाश की हकदार

विश्व नाथ त्रिपाठी समाज जागरण संवाददाता प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसे में नियुक्त शिक्षिकाओं को मातृत्व अवकाश देने का फैसला लिया है अब। उन्हें भी सरकारी नौकरियों में कार्यरत महिलाओं की भांति बच्चा होने पर उसकी देखभाल के लिए अवकाश मिलेगा जिसमें पूरा वेतन भी दिया जाएगा प्रतापगढ़ जनपद में कुल १६० मदरसे हैं जिसमें सात मदरसे सरकारी वित्तपोषित यानी सर्किल द्वारा सहायता प्राप्त तथा अन्य आधुनीकरण योजना के तहत हैं इन सदस्यों में केवल वे ही शिक्षिकाओं तथा महिला कर्मचारी पात्र होंगे जो सहायताप्राप्त मदरसों में कार्यरत हैं इसके अलावा सरकार ने इनके स्थानांतरण की भी व्यवस्था की है दोनों के लिए शासनादेश जारी हो चुका है। अब इन कर्मचारियों के फार्म मृतक आश्रित में नौकरी पा सकेंगे तबादले में प्रबंधतंत्र की सहमति आवश्यक होगी यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने दी है ।

मतदान स्थलों के सम्भाजन को लेकर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक।

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी में आज मा. निर्वाचन आयोग के द्वारा ऐसे मतदान केंद्र जहां पर दो से अधिक मतदान स्थल हों तो उनको यथासंभव 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिला मजिस्ट्रेट ए.के.सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मा. निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ऐसे मतदान केंद्रों जहां पर 2 से अधिक मतदेय स्थल हैं उनमें यथासंभव 1500 मतदाता प्रति मतदान स्थल के आधार पर संबंधित विधानसभाओं के उप जिलाधिकारियों द्वारा बूथों का सम्भाजन कर प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं जिसमें 186-अमेठी विधानसभा में वर्तमान मतदेय स्थलों की संख्या 396 है तथा सम्भाजन के उपरांत प्रस्तावित मतदेय स्थलों की संख्या 378 है, 178 तिलोई विधानसभा में वर्तमान में मतदेय स्थलों की संख्या 396 है तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की 387 संख्या है, 184 जगदीशपुर (अ0जा0) विधानसभा में वर्तमान में मतदेय स्थलों की संख्या 352 है तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की संख्या 328 है तथा 185 गौरीगंज विधानसभा में वर्तमान मतदेय स्थलों की संख्या 404 है तथा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की संख्या 389 है, इस प्रकार जनपद के समस्त चारों विधानसभा में कुल 66 मतदान केंद्रों को सम्भाजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनैतिक दलों से प्राप्त सुझाव /आपत्तियों में 185- गौरीगंज में गोदीपुर मतदेय स्थल को भोये में सम्मिलित न किये जाने, मतदान स्थल संख्या 369 बेलखौर स्थान पर गुडुर मतदेय स्थल बनाए जाने, 184- जगदीशपुर मतदेय स्थल संख्या 165- जाफरगंज से पंचायतघर नियावा किए जाने, मतदेय संख्या 165, 166 प्राइमरी पाठशाला जाफर गंज में 166 ग्राम सभा (राजस्व गांव) सराय आलम के मतदाता सम्मिलित हैं जिन्हें 3 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है इसलिए 166 सराय आलम के मतदाता जूनियर हाई स्कूल सराय आलम में नया मतदेय स्थल बनाए जाने मतदेय स्थल बनाये जाने, मतदेय स्थल संख्या 396 प्राथमिक पाठशाला गौतमपुर, 399 प्राइमरी पाठशाला मछरिया के स्थान पर मझगवा के ही प्राइमरी पाठशाला के जगेशरगंज को नया बूथ बनाने, 178 तिलोई मतदेय स्थल संख्या 1 खरावां के मतदाता मतदेय स्थल संख्या 2 पूरे दगपाल में मत का प्रयोग करते हैं तथा खरावां के मतदाता पूरे दगपाल में मत देने जाने जाते हैं इसे संशोधित किए जाने के तथा 185 गौरीगंज के 37, 38 प्राथमिक पाठशाला से हटाकर जूनियर हाई स्कूल भदौर में किए जाने संबंधी आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। बैठक के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, समस्त ईआरओ/एईआरओ सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

दलित युवक ने मारने पीटने का लगाया आरोप

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र के दुवरिया गांव स्थित नदी के पार खेत में पानी लगा कर अपने साथी के साथ लौट रहे दलित युवक को रास्ते में घात लगा कर बैठे कुछ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस घायल को मेडिकल हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया एवं मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। क्षेत्र के दुवरिया निवासी शिवम सरोज पुत्र अमरनाथ व गोविंद कश्यप ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नदी के उस पार खेत में पानी लगा कर लौट रहे थे कि रास्ते में घात लगा कर बैठे सरैया सबल शाह गांव निवासी अनुज सिंह उर्फ छोटू सिंह एवं भारतेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने उसे मारा पीटा एवं जान से मारने की धमकी दी पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस घायल को मेडिकल हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया एवं प्रकरण की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से मिले पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ व्युरोचीफ भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा के नेतृत्व में आज पत्रकारों का एक दल उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी से मिला और उनसे महासंघ के प्रतिनिधिमंडल से मिलने एवं पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देने के लिए समय की मांग की जिस पर माननीय उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष सहमति जताई

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा जी ने बताया कि आज प्रयागराज जनपद के कांटी स्थित एक समारोह में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सदस्यों का एक दल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी से मिला और उन्हें स्वागत उपरांत बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलना चाहता है और पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक मांग पत्र सौंपना चाहता है इसके लिए उप मुख्यमंत्री जी से समय देने की मांग पत्रकारों ने किया जिस पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी ने सहर्ष सहमति जताई और कहा कि हमारी सरकार आप सबके कल्याण हेतु कार्य के लिए कटिबद्ध है आप जब समय चाहेंगे आपको समय मिल जाएगा और मैं तो आपके बीच का हूं आप मुझसे कभी भी मिल सकते हैं श्री ओझा ने बताया कि शीघ्र ही भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें प्रदेश और राष्ट्र के कई पदाधिकारी शामिल रहेंगे, माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी से मिलकर मांग पत्र देगा और पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनसे आग्रह करेगा श्री ओझा ने बताया कि अभी हाल ही में महासंघ की एक मांग पर प्रदेश सरकार ने अपनी सार्थक पहल की है किंतु उसमें जो खामियां हैं उसको दूर करने के लिए प्रदेश सरकार से ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी श्री ओझा ने बताया कि पत्रकारों को पेंशन दिए जाने संबंधी व्यवस्था में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही मिलने की शर्त हटाने के लिए महासंघ पुरजोर पहल करेगा और वह न केवल उपमुख्यमंत्री बल्कि मुख्यमंत्री से भी मिलकर इस संदर्भ में अपनी बात रखेगा शीघ्र ही इसकी रूपरेखा प्रदेश के और राष्ट्र के अन्य पदाधिकारियों को भेजी जाएगी श्री ओझा जी के साथ रूद्र मणि द्विवेदी नागेश कुमार शुक्ल राम शिरोमणि तिवारी राम श्रृंगार शुक्ल प्रतीक शुक्ल सुनील कुमार पाण्डेय सहित कई पत्रकार साथी शामिल रहे

अयोध्या से चित्रकूट तक एक हाई वे और बनेगा : सासद प्रमोद तिवारी

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी व्यूरोचीफ ,प्रतापगढ़

प्रतापगढ़। के विकास पुरुष कहे जाने वाले राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अयोध्या से चित्रकूट वाया घुइसरनाथ हाई वे की सौगात क्षेत्रवासियों को दी रामपुर के अनेहरा में चल रहे कृषि मेले के उद्घाटन अवसर पर जानकारी देते हुते कहा कि पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम अयोध्या व चित्रकूट से कैसे अछूता रह सकता है हमने प्रयास करके एक नये
राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए प्रयास किया वह जल्द ही साकार होगा लोकसभा से पास हो चुका है अब राज्य सभा में भी पास हो जाएगा । यह मार्ग अयोध्या से शुरू हो कर जगदीशपुर, अठेहा, सांगीपुर, बाबाधाम धुइसरनाथ लालगंज,रामपुर बावली,संग्रामगढ़,आलापुर होता हुआ गंगापुर से चित्रकूटधाम पहुंचेगा । हाई वे की घोषित पर लोगों ने तालियां बजाकर अपना उत्साह जाहिर किया ।

छुट्टा जानवर न पकड़े गये तो किसान क्रमिक अनशन करें गे।

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी व्यूरोचीफ प्रतापगढ़

छुट्टा जानवरों से परेशान किसान अब आर-पार की लड़ाई के लिए मन बना लिया है बता दें कि कुंडा। तहसील ब्लाक बिहार में गोशाला तो बहुत बन

चुकी हैं लेकिन उनमें छुट्टा जानवरों के रखने का कोई। पुख्ता इंतजाम न होने के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होती जा रही है किसान फसलों को बचाने के लिए रातों दिन खेत में ही बिताता हे रात अप्रिय घटनाओं के अंदेशे बढ़ जाते है फिर भी वह मजबूरन जान हथेली पर रख कर अपनी फसल की रखवाली करता है भाव निवासी किसान रामराज ,सिया निवासी भूपेन्द्र,चंद्रिका पांडेय आदि अनेक लोगों का आरोप है कि छुट्टा जानवरों की देख देख वह इंतजाम करने वाले अधिकारी गण सुनने के लिए तैयार न हीं है आज समाधान दिवस पर क्षेत्रीय किसानों ने परगना निकाली को आवेदन देकर मांग की है कि अगर एक सप्ताह के अन्दर समस्या का समाधान न हुआ तो किसान १२ सितम्बर से क्रमिक अनशन करेगो मौके पर रामभवन मिश्र संजय मिश्र जयप्रकाश मिश्र तीरथ सिंह छोटा बाबू रामराज शुक्ला देवी शंकर द्विवेदी बंसीलाल सरोज राघवेंद्र मिश्र परमानंद मिश्र कमलेंद्र बहादुर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

नक्सल प्रभावित ग्रामों में पिछले एक महीने से बिजली गुल बैगा आदिवासियों के तरफ अधिकारी नही दे रहे हैं ध्यान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।बैगा आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने के लिए शासन हर संभव प्रयास कर रही है।हर ग्राम में बिजली,पानी,सड़क,शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा लगभग उपलब्ध है।इसी में से एक सुविधा है बिजली की जो हर गांव में पहुंच तो गई है लेकिन बल्ब जलता नही है क्योंकि घटिया केबल लगाने की वजह से जगह जगह फाल्ट हो जाता है जिसको सुधारना शायद अब बिजली विभाग के पास भी नही है,क्योंकि बिजली का केबल लगाने वाले ठेकेदारों ने बिजली विभाग का ठेका लेकर लगभग चूस ही डाला है।शायद इसी का रोना रोकर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते नजर आते है कि अब इसको सुधारने के लिए विभाग के पास फण्ड नही है तो इसमें गलती किसकी,जनता की या ठेकेदार या बिजली विभाग की जो ठेकेदार के द्वारा केबल लगाते समय आंख बंद कर सो रहा था?सभी जगह भ्रष्टाचार की चादर इतनी बड़ी हो गयी है कि इसको ओढ़ने में अधिकारी इतने मस्त है कि उनको किसी की चिंता नही है जैसा की कहावत है कि अपना काम बनता भाड़ में जाये जनता।अब उस बैगा आदिवासियों की क्या गलती है जो इस बारिश के मौसम में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।अन्य समाज के लोग तो अपनी समस्या को लेकर चक्का जाम, आंदोलन, धरना प्रदर्शन आदि कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर अपनी समस्या को सुलझा ही लेते है लेकिन बैगा आदिवासी शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करने के लिए कुछ भी नही कर सकते क्योंकि चक्काजाम, धरना प्रदर्शन से इनका नाता कोसो दूर है।

आधा दर्जन ग्राम अंधेरे में..

बिरसा जनपद पंचायत के अतिनक्सल प्रभावित ग्राम कुंडे कसा, बोन्दारी,उरसेकाल कोहनी मोड़ और कोरका आदि ग्राम पिछले एक महीने से अंधेरे में डूबे है जिसकी सुध लेने वाला कोई नही है।बारिश का मौसम होने से सांप बिच्छू के काटने का डर हमेशा बना रहता है जिससे ग्राम वासी हमेशा भयभीत रहते हैं।हालांकि इसकी जानकारी अधीक्षण यंत्री एम ए कुरेशी के संज्ञान में है जिसपर साहब ने घटिया केबल को जिम्मेदार ठहराया व फण्ड नही है का हवाला देकर इतिश्री कर लिया जो एक गैरजिम्मेदाराना रवैए को दशार्ता है।जब घटिया केबल लगने का कारण पूछा गया तो साहब को जबाब देते नही बना।वही इस मामले पर ग्राम पंचायत मछुरदा की सरपंच झिलसो बाई तिलगाम का कहना है कि एक महीने से ज्यादा हो गया उक्त ग्रामो में बिजली गुल है जिस पर अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं देते।यह अलग बात है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा है कि बिजली हर गांव में भरपूर मिलना चाहिए खासकर नक्सल प्रभावित ग्रामों में क्योंकि हमारे पास बिजली पर्याप्त मात्रा में है लेकिन लगता है सीएम के आदेश को बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी अनसुना कर अपने मे ही मस्त है।अब देखना होगा कि एक महीने से ज्यादा अंधेरे में रहने वाले उक्त ग्रामों में कब बिजली की आपूर्ति बहाल की जाती है।

कानपुर में जारी जूनियर डॉक्टरों की गुंडई ,तीमारदार को पीटा

विवाद के दौरान मूकदर्शक बनी खड़ी रही पुलिस : मौके पर पहुंचे प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के सरकारी अस्पतालों में मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों की गुंडई लगातार जारी है । इसी की पुष्टि करते हुए उन्होंने मामूली से हुए विवाद के बाद एक तीमारदार की बेरहमी से पिटाई कर दी । इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मूकदर्शक बनी खड़ी रही ।सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संजय काला भी मौके पर पहुंचे और हालातों की जानकारी ली उनके मुताबिक तीमारदारों ने महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता की थी जिसके फलस्वरूप ही इस तरह की घटना हुई ।
अवगत कराते चलें कि हैलट अस्पताल में या घटना पहली नहीं है । जूनियर डॉक्टरों द्वारा यहां आए दिन तीमारदारों के साथ इस तरह की घटनाएं अंजाम की जाती रहती हैं प्राप्त विवरण के मुताबिक नौबस्ता ईनर निवासी 39 वर्षीय आनंद श्रीवास्तव पत्नी शालिनी के साथ बिल्हौर से घर आ रहे थे। संतुलन बिगड़ने से शालिनी बाइक से गिर गईं। डिवाइडर से सिर टकराने से गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिल्हौर ले गए, जहां से हैलट के लिए रेफर कर दिया। आनंद ने पनकी निवासी रिश्तेदार मनु को फोन करके एलएलआर अस्पताल बुला लिया। उनके पहुंचने से पहले ही मनु अपने स्वजन के साथ पहुंच गए। एंबुलेंस से घायल शालिनी को उतारकर सीधे इमरजेंसी के अंदर ले गए।
मनु ने बताया कि जहां महिला जूनियर डाक्टर से सिर से बहते खून रोकने के लिए टांका लगाने का आग्रह करने लगे। उसका आरोप है कि डाक्टर ने टांका लगाने के बजाय तीन पर्चियां पकड़ाते हुए न्यू क्वालिटी मेडिकल स्टोर से सामान लाने के लिए कहने लगीं। इमरजेंसी में टांका लगाने का धागा न होने की बात पूछते ही डाक्टर भड़क गई और साथियों को बुलाकर गाली-गलौज करने लगी। इस बीच जब मनु ने विरोध किया तो जेआर, सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी व नर्स मिलकर बेरहमी से पीटने लगे। भागने का प्रयास किया तो दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।
आरोप है कि इस दौरान स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी रही बाद में सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय काला भी मौके पर पहुंचे और हालातों की जानकारी उनके मुताबिक मरीज के तीमारदारों ने चिकित्सक के साथ अभद्रता की थी जिसके चलते ही या घटना हुई ।

शासकीय स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में दी गयी एक्सपायरी दवा,परिजनों ने किया हंगामा

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में कितनी लापरवाही होती है इसकी बानगी मोहगांव के स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिली जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला फार्मेसिस्ट द्वारा एक मरीज को एक्सपायरी हो चुकी दवाई को दिया गया जिससे इलाज कराने पहुंचे मरीज को भारी नुकसान हो सकता था लेकिन परिजनों और बुद्धजीवियों के हस्तक्षेप से फार्मासिस्ट ने मरीज को दूसरी दवाई देकर मामले को संभाला।इस मामले की जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में लाया गया जिसको गंभीरता से लेते हुए बीएमओ ने फार्मासिस्ट को चेतावनी देते हुए फटकार लगाई कि भविष्य में ऐसी गलती न हो अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

छात्र की पिटाई पर अभिभावकों ने किया हंगामा

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढः बाबागंज के पूरेझाऊ गांव स्थित एक इंटर कॉलेज में रुमतीपुर आजाद नगर के युवक पढ़ते हैं। दो दिन पहले किसी बात को लेकर शिक्षक ने एक छात्र को पीट दिया। छात्र ने मामले की शिकायत अभिभावकों से की। बुधवार को दोपहर में अभिभावक विद्यालय पहुंच गए। मामले को लेकर शिक्षकों से विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर अभिभावक विद्यालय में हंगामा करने लगे। बात बढ़ते देख विद्यालय के एक शिक्षक ने पुलिस को खबर दी। थाने से पुलिस पहुंची तो काफी प्रयास के बाद मामला शांत हुआ। छात्र की पिटाई के मामले को लेकर चर्चा रही। एसओ प्रमोद सिंह का कहना है कि विद्यालय में हंगामे की खबर मिलने पर दो दरोगा और सिपाहियों को भेजा गया था। दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया गया। किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 8

देर रात प्रतियोगिता में अहमद, प्रियांशु , एजे राज ने लहराया परचम

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट
राजकुमार भगत (पाकुड़)

प्रोनीता पाकुड़। सार्वजनिक गणेश पूजा समिति रेलवे मैदान पाकुड़ में आयोजित 24वें गणपति महोत्सव के तीसरे दिवस नृत्य प्रतियोगिता का आयोजना किया गया जिसमे में 30 टीमों ने अपनी जगह बनाई।अंतिम महा मुकाबले में 15 प्रतिभागी सफल रहे । बरहमपुर के दीपनिशा बसाक व रामपुरहाट के शिवाजी सिंह ने इस रोमांचक मुकाबले का निर्णय दिया।जूनियर टीम के अंतिम मुकाबले में प्रथम अमन अहमद द्वितीय प्रियांशु सरकार तृतीय हर्षिता मध्यान्ह रहे वहीं सीनियर में प्रथम स्थान प्रोनीता भास्कर द्वितीय सुरजो तथा तृतीय प्रेरणा प्रभा रही । ब्रेट के मुकाबले में प्रथम एजे राज द्वितीय सुमन दिया तथा तृतीय संजीव और रोशन सरदार ने बाजी मारी । वही ग्रुप के महा मुकाबले में प्रथम स्टेप अप डांस क्रु द्वितीय ब्लैकस्टोन तथा तृतीय स्थान पर बी तू गैलेक्सी ने कब्जा जमाया। मध्य रात्रि तक चले इस प्रतियोगिता में शामिल सफल प्रतिभागियों को नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा अनुग्राहित प्रसाद साह विवेकानंद तिवारी सीताराम सिंह समिति के संरक्षक संजय ओझा संस्थापक हिसाबी राय विजय कुमार राय अनिकेत गोस्वामी अशोक प्रसाद तन्मय पोद्दार अजीत मंडल द्वारा पुरस्कृत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कोषाध्यक्ष विमल कुमार तिवारी चंदन विद्यार्थी मोनी सिंह रंजीत राम बादल साहा राहुल तिवारी राज चौधरी भक्ति पूजन प्रसाद बिट्टू राय लाल्टू भौमिक अभिनाश पंडित बूबाई रजत ओम प्रकाश नाथ गौतम कुमार नितिन मंडल संजय मंडल सहित अन्य सभी कार्यकताओं ने सक्रिय सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शनिवार को जिला साख समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आहूत की गई।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
अभिषेक तिवारी पाकुड़

पाकुड़ उपायुक्त की अध्यक्षता में सीडी रैशियो, पीएम किसान योजना, केसीसी ऋण, एग्रीकल्चर, डेरी, मत्स्य ऋण, पीएमईजीपी ऋण, पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई , पीएमजेजेबीवाई , एपीवाई, एफएलसी कैंप, जेएसएलपीएस द्वारा गठित एसएचजी ऋण कौशल विकास योजना अंतर्गत आरसेटी के कार्यों की भी समीक्षा की गई। केसीसी ऋण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवेदनों पर अब तक शाखाओं द्वारा स्वीकृत किए गए आवेदन शाखाओं द्वारा रद्द या लौटाए गए आवेदन एवं स्वीकृति हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने बैंकवार पोर्टल से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केसीसी, मत्स्य, एसएचजी आदि द्वारा निर्गत किए गए सभी की जानकारी ली। जहां रद्द किए गए आवेदनों की समीक्षा करते हुए , बैंकवार लंबित आवेदनों का कारण जाना । बैठक में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि जितने भी बैंकों में लंबित कार्य है उसको 15 दिनों के अंदर पूर्ण निष्पादन करें। इस सप्ताह में आप सभी कम्युनिकेट कर जो आवेदन लंबित है, लाभुकों की उसे जल्द पूर्ण करें।
मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी, आरबीआई एजीएम नवीन आदर्श, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मनोज कुमार, नाबार्ड आरएम नेयाज इशरत, जिला उद्योग महाप्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी के.के.भारती, जिला मत्स्य पदाधिकारी रचना निश्चल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री प्रवीण मिश्रा, आरसेटी के डायरेक्टर एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया स्थित सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया (पाकुड़) प्रखंड कार्यालय पाकुड़िया स्थित सभागार भवन में शनिवार को बैठक कर प्रखंड में संचालित सभी विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीडीओ कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, दीदी बाड़ी योजना,मनरेगा योजना सहित अन्य योजनाओं की सभी पंचायत के पंचायतवार समीक्षा की गई । प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी नई एवं पुराने प्रधानमंत्री आवास एवं आंगनवाड़ी भवन अधूरे पड़ें योजनाओं को अभिलंब पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। अधूरे पड़े पी .एम. आवासों एवं आंगनबाडी इसके अलावे बिरसा हरित ग्राम योजना,नाडेप,सोख्ता गढ्ढा,मनरेगा योजनाओं सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाते हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का सख्त निर्देश दिया । इस अवसर पर बीपीओ जगदीश पंडित, बीपीआरओ त्रिदीप कुमार शील,कनीय अभियंता , सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता एवं सभी पंचायत के मुखिया तथा पंचायत सचिव , सेवक मौजूद थे।

जागरूकता रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट-
मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया(पाकुड़): राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शनिवार को प्रखंड परिसर से जागरुकता रैली निकाली गई।जागरुकता रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले कुमार ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य पुरे प्रखंड को कुपोषण से आजाद करते हुए सुपोषित बनाना है। इस रैली में सेविकाओं एवं तेजस्विनी क्लब की सी.सी. द्वारा पोषण आधारित स्लोगन के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। जो पिएगा दूध खिरसा, वो बनेगा वीर बिरसा। पोषण को अपनाएंगे, कुपोषण दूर भगाएंगे आदि नारो के साथ रैली प्रखंड परिसर से पाकुड़िया बाजार होते हुए पुनः प्रखंड प्रांगण पहुंची। इस रैली का संचालन तेजस्विनी परियोजना प्रखंड समन्वयक आकाश भगत,महिला पर्यवेक्षिका अगाथा हांसदा, सीसीसी गिनिता सोरेन,सीसीसी संध्या भारती, सीसीसी प्रेरणा कुमारी,सीसीसी मोनिका हांसदा, सीसीसी रूबिया खातून, सीसीसी रिया घोष, सीसीसी मामपी दास, सीसीसी इंदु सरिता टुडू, सीसीसी मनीषा मुर्मू, सीसीसी सुष्मिता यादव और सभी युवा उत्प्रेरक एवम किशोरियों एवम युवातियां तथा साथ में आगनवाड़ी सेविका भी मौजूद थीं

जेएसएलपीएस के द्वारा कालाजार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता बिक्की सन्याल (अमड़ापाड़ा)

अमड़ापाड़ाः- प्रखंड जेएसएलपीएस कार्यालय में जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रदीप कुमार बीपीओ राजेश कुमार बीएपी नीरज प्रसाद, सी.सी परितोष तिवारी, श्याम बास्की एवं जयप्रकाश पहड़िया एवं पीसीआई के रीजनल मोबलाइजेशन कोडिनेटर अनीश अंसारी के साथ बैठक हुई।जिसमें कालाजार जागरूकता मोबाइल मेला से संबंधित क्षेत्र में लोगों को जेएसएलपीएस स्मार्ट दीदी द्वारा जागरूक किया जा रहा है। अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के अब तक कालाजार अति प्रभावित कुल 16 गांव है। जहां जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों एवं दीदियों के द्वारा एलईडी दिखाकर इन सभी गांव में लोगों के बीच जागरूक किया जा रहा है, साथ ही स्कूल के बच्चों में क्विज प्रतियोगिता कर पुरस्कार वितरण किया जा रहा है। साथ ही गांव के लोगों को भी पुरस्कृत कर गांव के लोगों में भी कालाजार से बचाव से संबंधित जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान स्मार्ट दीदी सखी की अनीता बास्की एवं मोनू मालतो द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी में मेगा हेल्थ कैंप का उद्घाटन डीसी ने किया जिला के लिए वरदान साबित होगा मेगा हेल्थ कैंप: डीसी

पीवीटीजी के परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी:- डीसी मंच का संचालन डीएस डॉक्टर अमित कुमार ने किया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
अभिषेक तिवारी

सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी में शुक्रवार को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर व सिविल सर्जन मंटू कुमार टेकरीवाल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि जिले में 12,000 पीवीटीजी परिवार है। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा एक महीने से डोर टू डोर जाकर स्क्रीनिंग किया जा रहा है। स्क्रीनिंग करके वैसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है जिन लोगों को आगे का इलाज का जरूरत है। आज फर्स्ट स्टेज में 4000 परिवारों को स्क्रीनिंग करने के बाद 200 लोगों ऐसे मिले हैं जिनका आगे का इलाज करने का जरूरत है। ऐसे लोगों को आज इस कैंप में लाया गया है ताकि जो टेस्ट का जरूरत है जो किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि मेगा हेल्थ शिविर में गोंडा से आए हुए विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का उपचार करेंगे। गंभीर बीमारियों के मरीजों की आगे की चिकित्सा के लिए भी इंतजाम किये जायेंगे। जिले में इस तरह के कैंप आयोजित होते रहेंगे ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। वहीं उपायुक्त ने सदर अस्पताल में आई ओपीडी एवं सर्जरी ओपीडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि आज सदर अस्पताल में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सदर अस्पताल में बहुत सारे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। इस मेगा हेल्थ कैंप में गोंडा से आए हुए विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का उपचार करेंगे। आपलोग अच्छे तरह से इलाज करवाएं एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाएं। इस कैंप में विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, पाकुड़ बीडीओ मो० शफीक आलम, पाकुड़ एमओआईसी डॉ० के.के.सिंह, एएसीएमओ डॉ अरविंद कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार, डीपीसी चंद्रशेखर कुमार, डीडीएम प्रताप कुमार, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे

क्रेसर मशीन में चोरी करते पकड़े गए तीन लोग,केस दर्ज

दैनिक समाचार जागरण रिपोर्ट
सतनाम सिंह

पाकुड़ पीपलजोरी में आज इशाक सेख के क्रेशर मशीन में इंजन घर के बगल स्टोर रूम से तीन लोग क्रेशर मशीन के चोरी करने के चक्कर मैं पकड़े गए,सघन मंडल जो खुटापाड़ा के निवासी है,सघन मंडल इशाक सेख जानकीनगर वाले के यहां क्रेशर मशीन की देखभाल करते है,सुबह नहाने और नाश्ता करने अपने घर खुटापाड़ा गए थे,करीब 11 बजे सुबह वापस लोट कर जब मशीन आए तो देखा की उनके केसर मशीन के स्टोर रूम का दरवाजा टूटा पड़ा है,और बाहर क्रेशर का लोहे का पार्ट्स रखा पड़ा है,अंदर झांकने पर देखा की तीन लोग अंदर मै से मशीन का समान इकट्ठा कर बोरे में भर रहे थे,आस पास के लोगों को इकट्ठा कर तीनो चोर को पकड़ा और मालपहाड़ी थाना को इस बाबत सूचित किया गया,सूचना पाते ही तुरंत मालपहाड़ी थाना प्रभारी विजय कुमार मौके पर पहुंच कर तीनो चोर को हिरासत मैं लेकर मालपहाड़ी थाना पहुंचे,तीनों चोर जो सोनू अंसारी(19) पिता इनुश अंसारी,सद्दाम अंसारी(20) पिता समीम अंसारी और तीसरा मासू अख्तर (24) पिता मंसूर अंसारी सभी पाकुड़ प्यादपुर नालपोखर के निवासी है।मालपहाड़ी थाना प्रभारी विजय कुमार ने तीनो पर थाना कांड संख्या 202/22 दिनांक 03/09/2022 धारा 379/411/34क्दउ के तहत केस दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में पाकुड़ कारा को सुपुर्द किया गया है।

तीन दिवसीय फुटबॉल का आयोजन आज से सहरकोल में

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह (पाकुड़)

पाकुड़ आज शहरकोल पंचायत के अंतर्गत ग्राम दुगार्पुर में शांति संग क्लब द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कई पंचायत की टीम ले रही है हिस्सा, मुख्य अथिति के रूप में शहरकोल पंचायत के युवा मुखिया श्री बिकास गोंड ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के खेल का शुभारंभ किया । मुखिया जी ने कहा खेल से हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है एवं खेल के माध्यम से आप सभी अपना कैरियर भी बना सकते है। दोनों टीमें अच्छे से खेले,मुखिया ने कहा की फोटबॉल खेल हम आदिवासियों के लिए एक पूजा के समान है,फुटबॉल खेल को हम लोग अपने दिल में स्थान देते है, सब टीमों को मेरी तरफ से शुभकामनाएं है,बढ़िया खेले नाम कमाएं।

पाकुड़ प्यादापुर यात्री सेठ कूड़ा घर बना एवं जर्जर की स्थिति में

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट
अविनाश मंडल पाकुड़

पाकुड़ के मालपहाड़ी रोड प्यादापुर पंचायत में यात्री सेठ जर्जर होती जा रही है, और भवन में चारों तरफ कचरा भर गया है, भवन का हाल बहुत ही दयनीय है,भवन में यात्रियों से वातार्लाप के दौरान उन्होंने बताया की यहां हम लोग बैठकर अपनी बस का इंतजार करते हैं, इसी कूड़े के ढेर के बीच और भवन बहुत पुराना हो गया है, भवन कब गिर जाए कोई ठीक नहीं है डर सा भी लगता है, लेकिन मजबूरी है धूप से बारिश से बचने के लिए हमें इस कचरे के ढेर में ही बस का इंतजार करना पड़ता है' यात्री इसी गंदगी के बीच बैठकर बस का इंतजार करते हैं, एक तरफ हमारे प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान चला रहे हैं, लेकिन यहां भवन के अंदर में ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है, और कूड़े का अंबार भी लगा हुआ है जिससे यात्रियों को बहुत कठिनाई झेलनी पड़ती है इस यात्री सेठ पर किसी अधिकारी पदाधिकारी का ध्यान क्यों नहीं पड़ता है, जब हमने प्यादापुर पंचायत मुखिया से दूरभाषा में बात की तो उन्होंने बताया कि अभी हम नए दो 3 महीना पहले ही मुखिया बने हैं और हमें इस बात की जानकारी नहीं थी हम इस भवन के लिए साफ सफाई और मरम्मति का काम करवाएंगे

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की पहली "नाइट स्काई सैंक्चुअरी" लद्दाख में स्थापित की जाएगी; लद्दाख के हनले में इस प्रस्तावित डार्क स्काई रिजर्व की स्थापना का कार्य 3 महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा; इससे देश में एस्ट्रो (खगोल) पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने एक विशिष्ट और अपनी तरह की पहली पहल के तहत लद्दाख में भारत की पहली "नाइट स्काई सैंक्चुअरी" स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस सैंक्चुअरी की स्थापना का कार्य अगले तीन महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।
यह प्रस्तावित डार्क स्काई रिजर्व चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य के हिस्से के रूप में लद्दाख के हनले में स्थापित किया जाएगा। इससे देश में एस्ट्रो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह ऑप्टिकल, इन्फ्रा-रेड और गामा-रे टेलिस्कोप के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे स्थलों में से एक होगा।
यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लद्दाख के उपराज्यपाल श्री आर. के. माथुर के साथ मुलाकात करने के बाद दी। श्री माथुर ने आज डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ मुलाकात की थी।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि केन्द्र शासित प्रशासन लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) लेह और भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) के बीच डार्क स्पेस रिजर्व की स्थापना के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद करने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सभी हितधारक संयुक्त रूप से अवांछित प्रकाश प्रदूषण और रोशनी से रात्रिकालीन आकाश के संरक्षण की दिशा में कार्य करेंगे, जो वैज्ञानिक अवलोकनों और प्राकृतिक आकाश की स्थिति के लिए एक गंभीर खतरा है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि हनले इस परियोजना के लिए सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह लद्दाख के सबसे ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित है और किसी भी प्रकार की मानवीय बाधाओं से दूर है और यहां पूरे साल आसमान साफ रहता है और शुष्क मौसम की स्थिति मौजूद रहती है।
उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान, चेन्नई के वैज्ञानिकों और अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सीएलआरआई की एक क्षेत्रीय शाखा स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए इस वर्ष के अंत तक लद्दाख का दौरा करेगा, क्योंकि यह केन्द्र शासित प्रदेश चमड़ा अनुसंधान और उद्योग के लिए जानवरों की व्यापक किस्मों के मामले में बहुत समृद्ध है, जिससे जानवरों की खाल से प्राप्त होने वाले उत्पादों की जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि लद्दाख के चरथांग में 4 लाख से अधिक जानवर हैं जिनमें मुख्य रूप से पश्मीना बकरियां शामिल हैं। इसके अलावा यहां भेड़ और याक भी पाए जाते हैं। उन्होंने प्रसिद्ध पश्मीना बकरियों के उपचार के लिए लेह और कारगिल में दो-दो प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए सीएसआईआर की सराहना की।
डॉ. जितेंद्र सिंह ने "लेह बेरी" के वाणिज्यिक वृक्षारोपण को शुरू करने का निर्णय लेने के लिए लद्दाख प्रशासन की सराहना की, जो पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय हो रहा है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) "लेह बेरी" को बढ़ावा दे रही है जो ठंडे रेगिस्तान का एक विशेष खाद्य उत्पाद है और व्यापक उद्यमिता के साथ-साथ स्वयं-आजीविका का भी साधन है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 2018 की लद्दाख यात्रा के दृष्टिकोण के अनुसार, स्थानीय उद्यमियों को जैम, जूस, हर्बल चाय, विटामिन सी पूरक, स्वास्थ्य पेय, क्रीम, तेल, साबुन जैसे पूर्ण रूपेण जैविक तरीके से बनें लगभग 100 से अधिक उत्पादों की खेती, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से लाभकारी रोजगार प्रदान किया जाएगा। श्री माथुर ने बताया कि 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर तीन औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती इस वसंत ऋतु में शुरू हो जाएगी। इसमें "संजीवनी बूटी" भी शामिल है, जिसे स्थानीय रूप से "सोला" के रूप में जाना जाता है, इस औषधि में बहुत अधिक जीवन रक्षक और चिकित्सीय गुण विद्यमान होते हैं। डॉ. जितेंद्र सिंह ने लद्दाख के उपराज्यपाल को बताया कि अगले वर्ष से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, लद्दाख शिक्षा मेले के लिए एक अलग और विशाल मंडप की स्थापना करेगा, जो एक वार्षिक सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग युवाओं की रोजगार योग्यता पर विशेष ध्यान देने के साथ सही विषयों के चयन, छात्रवृत्ति, करियर मार्गदर्शन, कौशल विकास और शिक्षुता में सक्रिय रूप से भाग लेगा।

आयुर्वेद के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान को समर्थन प्रदान करने हेतु केन्द्रीय आयुवेर्दीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस) का स्पार्क कार्यक्रम

केन्द्रीय आयुवेर्दीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने मान्यता प्राप्त आयुर्वेद कॉलेजों में अध्ययन कर रहे आयुर्वेद (बीएएमएस) के छात्रों के लिए स्टूडेंटशिप प्रोग्राम फॉर आयुर्वेद रिसर्च केन (स्पार्क) विकसित करके देश के उज्ज्वल युवा प्रतिभाओं के अनुसंधान संबंधी प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक अनूठी पहल की है।
भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में विशेष सचिव श्री प्रमोद कुमार पाठक और भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के अध्यक्ष वैद्य जयंत यशवंत देवपुजारी ने प्रोफेसर संजीव शर्मा, निदेशकद्वसह- प्रभारी कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर तथा प्रोफेसर आर.एन. आचार्य, महानिदेशक, सीसीआरएएस, डॉ. सुलोचना भट्ट, निदेशक, सीएआरआई, बेंगलुरु, डॉ. एम.एम.राव, निदेशक, सीएआरआई, भुवनेश्वर और केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर के अनुसंधान अधिकारियों की उपस्थिति में 2 सितंबर, 2022 को आयोजित एक कार्यक्रम में इस फेलोशिप योजना और इसके एप्लिकेशन पोर्टल का शुभारंभ किया।
सीसीआरएएस के प्रयासों की सराहना करते हुए, विशेष सचिव ने कहा, द्वसीसीआरएएस ने हाल के दिनों में, विशेष रूप से कोविड-महामारी के दौरान कई सराहनीय पहल की है। परिषद ने न सिर्फ आयुष-64 जैसे लोकप्रिय फॉमूर्लेशन विकसित किए हैं, बल्कि इसे 18 फॉमूर्लेशन और प्रौद्योगिकियों को विकसित करने का श्रेय भी जाता है। उन्होंने कहा, द्वमुझे विश्वास है कि परिषद द्वारा विकसित स्पार्क कार्यक्रम युवा छात्रों के नवीन विचारों को सहायता प्रदान करेगा और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देगा द्व
सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रोफेसर रबीनारायण आचार्य ने कहा, द्वआयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सीसीआरएएस ने नागरिकों की सेवा के लिए कई तरह की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को विकसित व कार्यान्वित किया है द्व स्पार्क सहित सीसीआरएएस की हालिया पहलों के बारे में विस्तार से बताते हुए, महानिदेशक ने कहा, द्वदेश के भीतर और बाहर आईआईटी, आईसीएमआर, आईसीएआर, जेएनयू, बीएचयू, एम्स तथा और अन्य विश्वविद्यालयों जैसे प्रमुख शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों के साथ सार्थक सहयोग विकसित करके परिषद ने आयुर्वेद और संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान की गतिविधियों में तेजी लाई है द्व प्रोफेसर आचार्य ने कहा, "स्पार्क कार्यक्रम मुख्य रूप से छात्रों में अनुसंधान संबंधी कौशल विकसित करने में मदद करने और उनके शोध के विचारों को आगे सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बारे में बोलते हुए, महानिदेशक ने बताया कि परिषद वर्तमान में रोमानिया, जर्मनी, इजराइल, अमेरिका, कनाडा और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख शोध संस्थानों के सहयोग से विभिन्न अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है। प्रोफेसर आचार्य ने यह भी कहा, द्वदुनिया भर में आयुर्वेद शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के लिए आयुष मंत्रालय के प्रयासों में पूरक बनने के उद्देश्य से, परिषद ने दुनिया भर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी की है और 11 देशों में आयुर्वेद पीठ की स्थापना की है। स्पार्क कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सीसीआरएएस के सहायक निदेशक (आयुर्वेद) डॉ. आदर्श कुमार ने बताया कि द्वस्पार्कद्ब का उद्देश्य देश भर के आयुर्वेद कॉलेजों में नामांकित युवा स्नातक छात्रों के शोध संबंधी विचारों का समर्थन करना है। स्पार्क के लिए आवेदन प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। डॉ. आदर्श ने कहा, द्वइच्छुक उम्मीदवारों को स्पार्क पोर्टल के माध्यम से अपना शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। प्रख्यात विशेषज्ञों एवं समीक्षकों द्वारा इन प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस फेलोशिप के तहत चयनित शोधार्थी को 50,000 रुपये की वित्तीय सहायता की पेशकश की जाएगी। शुरू में प्रत्येक सत्र में कुल 100 सीटें होंगी और विस्तृत विवरण इस कार्यक्रम के पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

देवघर, झारखंड,अंधरीगादर पंचायत के दिघिरिया गांव में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की तरफ से 5 सेविका

दैनिक समाज जागरण देवघर,अरविन्द यादव

देवघर, झारखंड,अंधरीगादर पंचायत के दिघिरिया गांव में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की तरफ से 5 सेविका उम्मीदवारों की संख्या में एक की चयन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कहना था, सरकार के निर्देश अनुसार चयन किया जायगा,जो, सबसे ज्यादा पढ़ी लिखी और अधिक जानकारी हो उसी का चयन किया जायगा।
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ने कविता देवी के कागजात को सही ठहराते हुए सेविका पद के लिए योग्य बताया. जिसका वहां उपस्थित लोगों ने विरोध किया,लगभग एक घंटे तक हंगामा होने के कारण सेविका चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया, इसके बाद पत्रकार से रूबरू होने के बाद उन्होंने बताया कि कविता देवी को चयन किया गया है।

पोषण माह के तहत निकाली जागरूकता रैली।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट बिक्की सन्याल (अमड़ापाड़ा)

अमड़ापाड़ा :- अमड़ापाड़ा में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से जागरुकता रैली निकाली गई । जागरुकता रैली को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य पुरे प्रखंड को कुपोषण से आजाद करते हुए सुपोषित बनाना है । इस रैली में प्रखण्ड की सेविका, सहायिका एवं तेजस्विनी क्लब की ओर से क्षेत्रीय समन्वयक नरेश कुमार मंडल, देवेंन साहा एवं सी. सी उषा हेमबर, मीरू सोरेन, सेनेहलता, उर्मिला बास्की द्वारा पोषण आधारित स्लोगन के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। जो पिएगा दूध खिरसा, वो बनेगा झारखंड का वीर बिरसा, पोषण को अपनाएंगे कुपोषण दूर भगाएंगे आदि नारो के साथ रैली प्रखंड परिसर से मुख्य बाजार चोक होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची। इस रैली का संचालन महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी ने की एवं इस रैली में सैकड़ों सेविकाएं सहित तेजस्विनी के कर्मी उपस्थित थे।

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 9

संक्षिप्त न्यूज

बाइक पर हाथ रखने के छात्र की बेरहमी से पिटाई करने वाला शिक्षक निलंबित

शिक्षा क्षेत्र नगरा का मामला: छात्र की मां की तहरीर पर पुलिस ने भी दर्ज किया शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : शिक्षा क्षेत्र नगरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रनऊपुर के सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन शर्मा को बीएसए मनिराम सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस शिक्षक ने अपने स्कूल के एक बालक की बड़ी बेरहमी से पिटाई किया था कारण कि बालक ने उनकी बाइक पर अपना हाथ रख दिया था। बीएसए ने यह कार्रवाई खंड शिक्षा अधिकारी की जांच आख्या के आधार पर आरटीई

एक्ट के तहत की है।

शनिवार को गांव के सैकड़ों लोगों ने बच्चे को लेकर विद्यालय में तालाबंदी कर गेट पर धरना देना शुरू कर दिया। भीमपुरा नं. 2 अंतर्गत कौवापार निवासी विवेक कुमार (11) पुत्र अरविंद कुमार शिक्षा क्षेत्र नगरा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रनऊपुर में कक्षा 6 का छात्र है। बतौर विवेक, शुक्रवार को वह स्कूल में लंच होने के दौरान विद्यालय के ही एक शिक्षक की बाइक पर हाथ रखकर खड़ा था। उसी दौरान वह 'मास्साब' पहुंचे और उसे पीटते हुए एक कमरे में लेकर चले गए। आरोप है कि मानवता को ताक पर रखकर शिक्षक ने उसे लोहे की रॉड और डंडे से पीटा। उसके बाद एक कमरे में बंद कर दिये। इस दौरान छात्र के शरीर पर लगे चोट पर मरहम लगाकर छुट्टी होने तक कमरे में बंद रखा गया। फिर, जब सभी बच्चे घर चले गए तो उसे छोड़ा गया। घर पहुंचे बेटे के शरीर पर चोट का निशान देख मां ने विवेक से पूछा तो वह आपबीती सुनाया। इससे परिजनों का आक्रोश सातवें आसमान पर चढ़ गया। मामले में छात्र की मां कोशिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उधर, प्रकरण संज्ञान में आते ही बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई। घटना की जांच करने पहुंचे एबीएसए ने शिक्षक को दोषी पाये जाने पर निलंबन की संस्तुति कर रिपोर्ट बीएसए को भेजी थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। वहीं, उधर छात्र की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड पर हुई जमकर खरीददारी

फूड कोर्ट में सिक्किम और आसाम के व्यंजनों की रही धूम

नोएडा सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड पर शनिवार को महिलाओं एवं युवतियों की खासी भीड़ देखने

को मिली। इस अवसर पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं फूड कोर्ट में आसाम तथा सिक्किम के व्यंजनों का भी लोगों ने स्वाद चखा। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलेपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर

एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन के नौवें दिन शनिवार को लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की तथा मेले का लुत्फ उठाया। यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। आसाम के गन्ने तथा चमड़े के

बने उत्पादों ने महिलाओं एवं युवतियों को खासा लुभा रखा है। इनमें पर्स बैग तथा कैप शामिल हैं। वहीं आसाम की कॉटन तथा सिल्क से निर्मित साड़ी दुपट्टे तथा गमछे भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। साथ ही घर की सजावट के उत्पाद भी लोगों को पसंद आ रहे हैं।` लोगों को यहां अरुणाचल के हैंडिक्राफ्ट, ऑरामेंटस, लकडी तथा बेंम्बू, हैंडलूम, कारपेट, आसाम की चाय,अचार, हाथ से बनाए गए खिलोने, सिल्क का सामान परपंरागत गहने खासे पसंद आ रहे हैं। साथ ही सिक्किम के उनी कारपेट, पेंटिंग, आभूषण तथा ऑगैनिक खाने का सामान नार्थ ईस्ट के स्थानिय (वाजिब) दामों में यहां उपलब्ध हैं।

इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान फूड कोर्ट में नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान के स्टाल भी उपलब्ध हैं। जिसमें आसाम टी, मसाला टी, आसामी बर्गर, आसामी मोमोज तथा आसाम के अन्य प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। यहां सिक्किम के व्यंजनों में पूनी भाजी, पूड़ी भाजी तथा अन्य स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त यहां स्वादिष्ट चाट, गोलगप्पे, पाव भाजी तथा मशहूर छोले भटूरे उपलब्ध हैं।

टैंपो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, पांच बच्चों समेत 10 घायल

-सड़क दुर्घटना
-बांसडीह पांडेय पोखरा स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुई दुर्घटना
-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह के व्यवस्था की खुली पोल

कृष्ण कुमार पांडेय

बांसडीह (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के बांसडीह मनियर मार्ग पर सतपोखर पेट्रोल पंप के पास शनिवार की सुबह टेम्पो और बाइक की जोरदार भिड़ंत हुई। टक्कर में पांच बच्चों सहित 10 लोग घायल हो गये। दुर्घटना में स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध व्यवस्था की भी पोल खुल गयी।

सड़क हादसे की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घायलों की चीख पुकार सुन आस पास के लोगों ने उन्हें समुदायिक स्वास्थ केंद्र बांसडीह पहुंचाया, जहां फर्श पर घायलों को लिटाक एक फार्मासिस्ट के सहारे घायलों का इलाज शुरू

हुआ। कुछ देर बाद पहुंचे आयुष चिकित्सक डॉ विनोद सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बांसडीह कस्बे के पाण्डेय पोखरा स्थित पेट्रोल पम्प के आगे भारी बारिश में मनियर से आ रही सवारियों से भरी टेम्पो व बांसडीह की तरफ से जा रही बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में बांसडीह पढ़ने के लिए आ रहे छः बच्चों के अलावा तीन महिलाएं, एक पुरूष व बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बाइक सवार कृष्ण कुमार (22) व नीरज कुमार (20) निवासी बड़सरी जागीर थाना मनियर तथा टेम्पो सवार निशु वर्मा (12) पुत्री बृजेश वर्मा निवासी गौरी शाहपुर, शीला देवी (30) पत्नी शंकर दयाल, सोनी देवी (30) पत्नी जय प्रकाश निवासी मनियर को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वही, राज मौर्य (10) पुत्र सुभाष मौर्य, आरती देवी पत्नी मनोज थाना सहतवार, बादल (11) पुत्र मनोज थाना सहतवार, भरत (62) पुत्र स्व भीरुग निवासी थाना सहतवार, पुरुषोत्तम (11) पुत्र सुगन राजभर निवासी धसका थाना मनियर को प्रथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घायल सभी बच्चे मनियर से आ रही टेम्पो में बांसडीह स्थित एक निजी नवोदय कोचिंग पढ़ने के लिये आ रहे थे। वही टेम्पो सवार महिलाएं मनियर से बांसडीह आ रही थी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पर कुल चार चिकित्सकों में डॉ दिनेश सिंह, डॉ संजय वर्मा, डॉक्टर वीर बहादुर एवं डॉ अतुल की तैनाती है।विभागीय लापरवाही से मौके पर इनमें से कोई चिकित्सक घायलों के इलाज के लिये मौजूद नहीं था। घटना के बाद पता चला कि इस चिकित्सालय में घायलों के लिए कोई बेड की व्यवस्था नही है। सभी घायल इधर उधर फर्श पर तड़पते रहे।

यमुना एक्सप्रेस-वे से 20 फीट नीचे गिरी तेज रफ्तार बीएमडब्लू, टुकड़ों में मिला ड्राइवर का शव।

(हरेश उपाध्याय) ग्रेटर नोएडाःग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार बीएमडब्लू स्पोर्ट्स कार यमुना एक्सप्रेस-वे से 20 फीट नीचे जा गिरी।हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस को उसका शव कई टुकड़ों में मिला है। वहीं,एक अन्य युवक इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसका कैलाश अस्पताल में इलाज चल रहा है।यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है।शनिवार की सुबह एक बीएमडब्लू स्पोर्ट्स कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे से नीचे जा गिरी। जिसमें ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक अन्य शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना थाना दनकौर क्षेत्र के गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास की है।जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब 8 बजकर 30 मिनटर पर हरियाणा को रहने वाला भरत अपने दोस्त गौरव के साथ बीएमडब्लू स्पोर्ट्स कार से आगरा की ओर यमुना एक्सप्रेस-वे से जा रहो था। कार अभी गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर यमुना एक्सप्रेस-वे से 20 फीट नीचे जा गिरी।इस हादसे में 20 साल के भरत की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि उसका दोस्त गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कैलाश अस्पताल में घायल का उपचार जारी है।

दिल्ली में नशेड़ी महिला ने बाइक सवार को कार से उड़ाया, युवक की मौके पर ही मौत

(हरेश उपाध्याय) पूर्वी दिल्लीः- कार चला रही महिला गाजियाबाद के इंदिरापुरम की रहने वाली है और हादसे के समय वह शराब के नशे में धुत थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ कल्याणपुरी थाने में आईपीसी और एमवी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 28 वर्षीय एक बाइके सवार की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार एक महिला चला रही थी और हादसे के समय उसने शराब पी हुई थी। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना की सूचना कल्याणपुरी थाने में शुक्रवार रात 10 बजकर 39 मिनट पर दी गई थी।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम पूर्वी विनोद नगर में दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मौके पर पहुंची।जहां उसे एक क्षतिग्रस्त बाइक और एक वैगनआर कार मिलीं। प्रथम

दृष्टया पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची कि कार ने बाइक को टक्कर मारी और जिससे बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।डीसीपी (ईस्ट) प्रियंका कश्यप ने कहा कि बाइक सवार को तुरंते पटपड़गंज के मैक्स अस्पताल ले जाया गया।जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान शकरपुर के रहने वाले अभिषेक कपूर के रूप में हुई है।

सिसोदिया ने लोनी चौक पर अंडरपास निर्माण तथा नंद-नगरी व गगन सिनेमा जंक्शन पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए 341.2 करोड़ रुपए की मंजूरी दी

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- केजरीवाल सरकार ने लोनी चौक पर अंडरपास का निर्माण तथा नंद-नगरी व गगन सिनेमा जंक्शन पर फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दे दी है इस बाबत उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी की बैठक में 341.2 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दीपीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उत्तरी पूर्वी दिल्ली में लोनी चौक पर अंडरपास के निर्माण तथा नंद-नगरी व गगन सिनेमा जंक्शन पर फ्लाईओवर के निर्माण के साथ सिग्नेचर ब्रिज से भोपुरा चौक के बीच 10 किलोमीटर का पूरा रोड सिग्नल फ्री हो जाएगो यानि की कोई वाहन एक बार सिग्नेचर ब्रिज पर आता है तो बिना किसी सिग्नल पर रुके वह सीधे भोपुरा पहुँच पाएगो अभी यह रास्ता तय करने में वाहनों को 25-30 मिनट का समय लगता है लेकिन इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने पर यह समय आधा रह जाएगो सिसोदिया ने कहा कि मंगल पाण्डेय मार्ग उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के सबसे प्रमुख सड़कों में से एक है और यह करावल नगर, घोंडा, मुस्तफाबाद, गोकलपुरी, नंद नगरी विधानसभा की

सैकड़ों कॉलोनियों को उत्तरी दिल्ली से जोड़ने का काम करता है इस कारण इस पूरे रोड स्ट्रेच पर ट्रैफिक का बहुत ज्यादा लोड होता है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में दिल्ली सरकार विभिन्न परियोजनाओं के जरिए इस रोड स्ट्रेच पर यातायात को सुगम बनाने का काम कर रही है भजनपुरा से यमुना विहार के बीच बन रहा 1.4 किमी लम्बाई का डबल डेकर फ्लाईओवर भी इस रोड पर यातायात को सुगम बनाने की दिशा एक महत्वपूर्ण परियोजना हैइससे रोजाना उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के लाखों लोगों को फायदा मिलेगा व उनका समय बचेगोलोनी चौक उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के सबसे व्यस्ततम चौराहों में से एक है पीक आवर यहां से हर घंटे हजारों की संख्या में वाहन उत्तर प्रदेश से दिल्ली की तथा दिल्ली से उत्तर प्रदेश की ओर जाते है ऐसे में यहां आरटीओ से ईस्ट ऑफ लोनी रोड के बीच बहुत ज्यादा ट्रैफिक होता है लोगों को इस ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा लोनी चौक पर आरटीओ से दुगार्पुरी की दिशा में एक अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है इससे लोगों को जाम से निजात मिलेगी व समय की बचत होगी

मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी 15सितंबर तक करें आवेदन

समाज जागरण

नोएडा जिला अधिकारी के निदेर्शों के क्रम में सहायक निदेशक मत्स्य रविंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की गाइड लाइंस में शासन द्वारा आंशिक संशोधन कर दिया गया है एवं वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न उप योजनाओं/घटकों के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को 15.09.2022 तक बढ़ा दिया गया है। आवेदकों को परियोजना से सम्बन्धित सभी वैधानिक अनुमतियाँ प्राप्त कर परियोजना प्रस्ताव के साथ देना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर उपलब्ध मत्स्य समृद्धि फार्म के साथ अपना फोटो, आधार कार्ड, निर्धारित प्रारूप पर 100/-रुपए के स्टाम्प पर नोटरी प्रमाण-पत्र, भूमि सम्बन्धी अभिलेख आदि अपलोड करना होगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में बॉयोफ्लॉक पाण्ड निर्माण के 04 यूनिट, मोटर साइकिल विद् आइस बाक्स के 26, साइकिल विद आइस बाक्स के 24 बैक यार्ड आर0ए0एस0 के 30, जिन्दा मछली विकय केन्द्र के 07,कियोस्क निर्माण के 08, 100 क्यूनिक मीटर क्षमता के आर0ए0एस0 के 20 एवं 6 टैंक क्षमता के मध्यम आर0ए0एस0 का 01 यूनिट लक्ष्य प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक योजना का लाभ उठाने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट पर एवं मत्स्य विभाग के कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, गौतमबुद्धनगर कमरा नं0 305, 306 विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

प्रोत्साहन योजना के तहत जिलाधिकारी ने 3 मल्टी प्लेक्स को दिया अनुदान

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला मनोरंजन कर अधिकारी जे पी चन्द ने जानकारी देते हुये बताया कि जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद के तीन मल्टीप्लेक्स को अनुदान का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के जिन तीन मल्टी प्लेक्स को अनुदान दिया गया है, उसमें लॉजिक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया नोएडा, एम एस एक्स मल्टीप्लेक्स ग्रेटर नोएडा सम्मलित है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत लाजिक्स पीवीआर को 6,37,60,436.00 रुपए, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया को 4,29,04,983.00 रुपए एवं एम एस एक्स को 33,55,327.00 रुपए की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की गई। उक्त अवसर पर उपस्थित मल्टीप्लस के प्रति निधिगणों ने बड़ी सरलता से किए गए इस कार्य के लिए जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। इससे सिनेमा उद्योग को बहुत बड़ा संबल प्राप्त होगा और मल्टीप्लेक्स खोलने को प्रोत्साहन मिलेगा।

आंगनबाड़ी केंद्र की लचर प्रणाली से पुष्टाहार लाभार्थी परेशान

नगराम लखनऊ ब्लॉक के खुजौली ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की लापरवाही के चलते पुष्टाहार लाभार्थी काफी परेशान है जिसके चलते का पुष्टाहार लाभार्थियों ने अपनी आपबीती संवाददाता को बताया गत दिवस पुष्टाहार लाभार्थी पूनम राज रानी आदि ने बताया कि 3 माह से पुष्टाहार नहीं प्राप्त हुआ है वही आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्य करती की अनुपस्थिति रहती है सहायिका ही आंगनबाड़ी केंद्र के सारे कार्य करती है और बच्चों को शिक्षा देने का कार्य भी करती है जहां भारत में ग्रामीणों को और बच्चों को देखभाल करने हेतु प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों में भूख और कुपोषण से निपटने के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के भाग के रूप में 1975 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया जहां आंगनवाड़ी केंद्र भारतीय ग्रामों में बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है वहीं प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा कर ब्लॉक के कुछ केंद्रों में लापरवाही इस कदर बढ़ती जा रही है कि मिलने वाला लाभार्थियों को पुष्टाहार 3 महीने तक वितरण नहीं किया जाता है जिसके चलते ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है

सहकारिता भवन लखनऊ में हर्षोल्लास से मनाया गया व्यापारी दिवस

गोसाईगंज लखनऊ सहकारिता भवन लखनऊ में व्यापारी दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि संसदीय कार्य, वित्त, चिकित्सा कैबिनेट मंत्री तथा लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया उपस्थित रहे तथा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप बंसल जी द्वारा व्यापारी हितों की बात उठाई गई व कई अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री फुरकान राइन ने उपस्थित मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत

किया

डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

मुख्य अतिथि डीएम खीरी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी लखीमपुर खीरी --- तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सदर श्रीमती श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरो को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, कृषि 06, नगर निकाय 03, आपूर्ति 04, अन्य के 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव अब देखेंगे प्रभारी महाप्रबंधक का भी काम

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव को नई जिम्मेदारी मिली है वह अपने कामों के साथ अब प्रभारी महाप्रबंधक का कार्य भी करेंगे इस सिलसिले में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमनदीप डुली ने आदेश जारी कर कहा है कि कालूराम वर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है।

खबर का असर

प्रधान संघ अध्यक्ष सहित प्रधानों ने की थी मलौली मार्ग जर्जर की शिकायत कार्य प्रारंभ

गोसाईगंज लखनऊ राजधानी के कस्बा गोसाईगंज मालोलीपुलिया से रानीखेड़ा होते हुए किसान पथ मार्ग जोड़ता है जिस पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे होने की खबर गत माह समाज जागरण अखबार में विस्तृत रूप से खबर छपी थी जिसमें प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू ने उक्त मार्ग के संबंध में प्रशासन को अवगत कराया था जिस पर प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों ने खबर को संज्ञान में लेते हुए उक्त मार्ग पर गड्ढा बंदी का कार्य प्रारंभ है बताते चलें कि उक्त मार्ग पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन कर रही जनता को भारी मशक्कत झेलनी पड़ रही थी जिसमें कहीं-कहीं चौराहे पर जानलेवा गड्ढे भी हो गए थे बरसात में मैं जल भराव हो जाने के चलते आवागमन कर रही जनता को गड्ढों में गिरकर चोटिल होना आम बात हो गया था क्षेत्रीय जनता एवं राहगीरों की समस्याओं को संज्ञान में रखते हुए मीसा निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू प्रधान संघ अध्यक्ष गोसाईगंज सहित प्रधान

धर्मेंद्र कुमार जगरूप मोहम्मद साद प्रधान उमेश प्रधान सर्वेश कुमार दीपक कुमार अतर सिंह धनराज अमित कुमार एडवोकेट सहित क्षेत्र के प्रधानों ने प्रशासन को इस मार्ग की समस्या को अखबार के माध्यम से अवगत कराया जिस पर खबर को संज्ञान में लेते हुए उक्त मार्ग पर कार्य जोर-शोर से प्रारंभ हो गया है

एक महीना बीतने के बाद भी गायब किशोरी का पुलिस नही लगा पाई कोई सुराग

पुत्री वियोग में तड़फ रहे पिता ने वीड़ियो जारी कर लगाई फरियाद

समाज जागरण/ ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर खीरी- निघासन कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली पुलिस चौकी पढुआ का मामला करीब एक महीने पूर्व सुनील कुमार की पुत्री मुस्कान रस्तोगी उम्र (16) वर्ष की गायब हो जाने की एफआईआर दिनांक 22/7/2022 निघासन कोतवाली मे दर्ज कराई थी जिसका अभी तक कोई सूराग नहीं लगा है।जहां सूबे की योगी सरकार महिलाओं के प्रति संजीदा है तो वहीं लखीमपुर खीरी जिले की निघासन कोतवाली पुलिस महिला संबंधित अपराधों में बेपरवाह है, एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी गायब नाबालिग किशीरी को पुलिस अभी तक बरामद नही कर सकी है,गायब किशोरी का पिता अपनी लाडली बेटी की तलाश में दर दर भटकने को मजबूर है और वीडियो जारी कर आत्मदाह करने की बात कही है मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का भी गम्भीर आरोप लगाया है।

दरअसल कोतवाली इलाके के पढुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार नाम के एक शख्स ने बताया कि उसकी बेटी 22 जुलाई से गायब है उसने आरोपियों के खिलाफ थाने में जाकर नामजद एफआईआर दर्ज करवाई थी घटना को एक महीना से भी ज्यादा समय बीत चुका है पुलिस उसकी बेटी को नही खोज पाई है आरोपी उसे बराबर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं, शिकायत वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी भी दे रहे हैं पुलिस आरोपियों पर कार्यवाई नही कर रही है अगर उसे इंसाफ नही मिला तो वह डीएम बंगले के सामने जाकर आत्मदाह कर लेगा ऐसी बात सुनील कुमार ने विडियो के द्वारा बताया

क्या कहते हैं जिम्मेदार

निघासन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आरोपी और गायब किशोरी के परिजन रिश्तेदार हैं , परिजन पुलिस को कोई क्लू नही दे रहे हैं पुलिस खुद क्लू पैदा कर गायब किशोरी की बरामदगी का प्रयास कर रही है और जल्द ही किशोरी गायब करने वाला शख्स पुलिस के गिरफ्त में होगा

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:11 AM Page 10

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सदस्यता नवीनीकरण अभियान चलाया गया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद सपा नेता व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मोहम्मद फैसल ने नगर के मछली बाजार स्थित सिटी सेंटर मार्केट कॉम्प्लेक्स में सदस्यता नवीनीकरण अभियान के तहत कैंप लगाया।जिसमे सैकड़ों लोगों ने सदस्यता नवीनीकरण कराई। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद फैसल ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर पार्टी का सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है, जिसमें पार्टी को मजबूत करने के लिए वह तन मन धन से लगे हुए हैं। पार्टी के सदस्य नवीनीकरण अभियान में लोगों ने अपना नवीनीकरण कराया।इस मौके पर हाजी फैसल ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है ,और नजीबाबाद विशेष तौर से समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है ।लोगों में सदस्यता नवीनीकरण अभियान के लिए भारी जोश है ।और जागरूकता है जो खुद आकर कैंप में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करा रहे हैं।इस अवसर मास्टर साबिर,फईम अहमद,गुफरान अहमद,साजिद बिल्डर,फरीद अहमद,अशरफ अल्वी, मोहम्मद अरशद,नदीम अंसारी,नौशाद अहमद,मोंटी साबरी,हाजी फुरकान अहमद,तसलीम चौधरी सहित काफी संख्या में लोग रहे मौजूद।

धार्मिक शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत समकालीन विज्ञान से जुड़े छात्रों का कार्यक्रम काबिले तारीफ

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना: धार्मिक शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज मस्जिद दक्खाना मोहल्ला सराय मीर नगीना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कारी मुहम्मद रईस साहब ने की।कार्यक्रम की श-रूआत कारी मुहम्मद तैय्यबा द्वारा पवित्र कुरान के पाठ के साथ हुई और नात रसूल मुहम्मद अरहम द्वारा प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद अबरार कासमी उस्ताद मदरसा कासमिया ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि जिस प्रकार स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों ने इस्लामी शिक्षाओं से दूरी बना ली है, इस अवसर पर मुफ्ती मुहम्मद हुज़ैफा रशीदी ने समकालीन विज्ञान पढ़ाया। प्रिय छात्रों को जोड़ना काम किया सराहनीय है और इस तरह के कार्यक्रम हर मस्जिद में होने चाहिए, मुफ्ती ने प्रिय छात्रों के कार्यक्रम को सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ये बच्चे अपने घरों के अंदर एक धार्मिक माहौल बनाएंगे, जबकि स्थिति ऐसी है, लोग नृत्य की रस्मों के साथ स्थानों पर जाते हैं। ऐसे अवसर पर इतनी बड़ी संख्या में छात्रों और जनता की उपस्थिति निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। और मुफ्ती हुजैफा और उनके साथी ईश्वर के प्रति उनकी सच्ची भक्ति का परिणाम हैं। राष्ट्रपति ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया और प्रिय छात्रों को उनके सफल कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी, और अंत में मुफ्ती मुहम्मद हुजैफा रशीदी ने अपने मेहमानों को धन्यवाद दिया।

प्रेम सम्बन्ध को लेकर मुँह में कपड़ा ठूंसकर नव युवक की हत्या कर शव पेंड़ पर लटकाया, सनसनीखेज बारदात से गांव में मचा हड़कंप।

संवाददाता समाज जागरण

शीशगढ़। जिला बरेली की तहसील मीरगंज के गाँव जियानगला निबासी 22 वर्षीय नवयुवक की शुक्रवार की रात्रि मुँह में कपड़ा ठूंसकर हत्या कर शब गांव कुतुकपुर के रिटायर शिक्षक के आम के बाग में रस्सी के सहारे पेंड़ से लटका दिया।धान के खेत मे पानी लगाने पहुंचे किसान ने बाग में शव लटका देख ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर शव को सील कर पी एम को भेज दिया। उधर मृतक के पिता ने गाँव के दूसरे समुदाय की लड़की से मृतक के प्रेम संवन्धो को लेकर प्रेमिका के परिजनों पर हत्या कर शव पेंड़ पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपों की जाँच करने तथा पी एम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की बात कही है।उधर पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही करने से नाराज ग्रामीणों ने जियानगला के पास शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग पर ट्रक खड़ा कर जाम लगा दिया और हाथों में लाठी डंडे लेकर पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाकर हंगामा किया। मृतक सुनील कुमार 22 वर्ष पुत्र आशाराम निवासी ग्राम जिया नगला की शुक्रवार की रात्रि मुँह में कपड़ा ठूंसकर हत्या कर शव गाँव से कुछ दूरी पर कुतकपुर निवासी रिटायर्ड शिक्षक चिंता मणि के आम के बाग में रस्सी के सहारे पेंड़ पर लटका दिया। शनिवार की सुवह धान के खेत मे पानी लगाने पहुंचे किसान रामधुन ने शव पेंड़ पर लटका देख ग्राम प्रधान कुतुकपुर नरेश गंगवार को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान नरेश गंगवार की सूचना पर इंस्पेक्टर अजय पाल सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के द्वारा शव शिनाख्त सुनील कुमार पुत्र आशाराम निबासी जियानगला के रूप में होने पर उसके परिजनों को सूचना दी।साथ ही रस्सी के सहारे लटके शव को नीचे उतारा।सुनील की हत्या की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।सूचना पर मृतक के परिजन मोके पर पहुंचे तो देखा कि मृतक सुनील कुमार



के मुँह में कपड़ा ठूंसा हुआ और दोनों हाथ रस्सी से बंधे हुए थे और सर व आंखों पर गमछा बंधा हुआ था। जिन्होंने सुनील कुमार की हत्या किए जाने पर दूसरे समुदाय की लड़की से मृतक के प्रेम संवन्धो को लेकर लड़की के परिजनों पर हत्या कर शव पेंड़ पर लटकाने का आरोप लगाकर थाना में तहरीर दी है। मृतक के पिता आशाराम ने वताया कि उनके बेटे का 3 माह पूर्व गाँव के ही इसरार अहमद पुत्र निसार अहमद की पुत्री के साथ प्रेम प्रसंग के चलते झगड़ा हो गया था। जिसका ग्राम प्रधान ने बैठक कर फैसला भी करा दिया था। इसी बात को लेकर इसरार अहमद के परिवार के लोग उससे रंजिश मानने लगे थे, तथा उसी दिन से बोल चाल भी बंद थी। शुक्रवार की रात में उनका बेटा रात में घर में सोया था। जिसको 11बजे तक घर में सोते हुए देखा गया था। उसके बाद उसका शव बाग में आम के पेंड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला है। इसरार अहमद ने अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मिलकर इसी रंजिश में मुंह मे कपड़ा ठूंसकर हत्या कर शव पेंड़ से लटका दिया है। पुलिस को सौपी बेटे की मौत से पूर्व की आडियो। मृतक सुनील के पिता ने पुलिस को गाँव के एक व्हाट्सएप्प ग्रुप की आडियो भी दी है। आडियो शुक्रवार रात एक बजे मृतक के मोबाइल से आई है।आडियो में मृतक को कुछ लोग पीट रहे हैं। मृतक प्राणों की भीख मांगते हुए छोड़ने की गुहार लगाते हुए कह रहा है कि फैसला ग्राम प्रधान ने कराया था,तो मुझे क्यों मार रहे हो। ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर किया हंगामा,तव हुई रिपोर्ट दर्ज। पुलिस द्वारा हत्या आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाथों में डंडा लेकर गांव जिया नगला के पास शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग पर तिरछा ट्रक खड़ा कर रोड जाम कर दिया और पुलिस बिरोधी नारेबाजी कर हंगामा करने लगे।मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर अजय पाल सिंह से भीड़ कब्जे नहीं आने पर सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना पर सी ओ बहेड़ी डॉ तेजवीर सिंह,एस डी एम मीरगंज व शाही,शेरगढ़ बहेड़ी सहित 3 थानों की पुलिस व पीए सी मौके पर पहुंच गई।सभी अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया और तहरीर के आधार पर इसरार अहमद,अबरार अहमद,स-रफराज अहमद निबासी जिया नगला व फजल यासीन ,गुड्डू आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी जल्द गिरफ्तारी करने का अस्वाशन दिया। तव कहीं जाकर ग्रामीण माने और 1 बजे से लगा जाम 3 बजे खुला। जाम में वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। जाम खुलने पर लोगो ने राहत की सांस ली। सी ओ बहेड़ी डॉ तेजवीर सिंह ने वताया कि शव को पी एम को भेज दिया है। आरोपों की जाँच की जा रही है,पी एम रिपोर्ट के आधार पर जाँच कर अग्रिम कार्यवाही होगी।

नारायण इंटर कॉलेज दयालवाला में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का किया आयोजन

जसवीर सिंह (समाज जागरण)

मंडावर /दयालवाला में स्थित नारायण इंटर कॉलेज में आज स्काउट गाइड के अंतर्गत सोपान परीक्षण शिविर का प्रारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ विद्यालय के प्रबंधक गणेश ठाकुर व अखिलेश द्वारा प्रारंभ किया,और आज प्रथम दिवस पर एस एस परिहार लीडर ट्रेनर स्काउट ने स्काउट टोलो का विवरण, नियम, प्रतिज्ञा सिद्धांत की जानकारी दी गई, पुष्पा चौहान जिला परीक्षण आयुष गाइड व रस्सी की भी जानकारी और बांया हाथ मिलाने का महत्त्व आदि की जानकारी दी गई आज के इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य ललित कुमार, सहायक अध्यापक ऋषिपाल, लक्ष्मीचंद, कुमारी ममता आदि का सहयोग रहा और आज प्रथम दिवस में स्काउट और गाइड में भारी उत्साह देखने को मिला।

चुनाव आयोग की तरफ से ना कोई अधिसूचना ना तारीखों का ऐलान मगर धौरा टांडा में प्रत्याशियों का जनसंपर्क जोरों पर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

धौरा टांडा नगर पंचायत का होगा 6 जनवरी को कार्यकाल समाप्त

धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली) नगर निकाय चुनाव की अब बारी है राजनीतिक विशेषज्ञों का यह कहना है कि सत्ता पक्ष के लिए उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव सेमीफाइनल से कम नहीं है क्यों के 2024 के प्रारंभ में ही लोकसभा चुनाव होंगे उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य है जहां से लोकसभा चुनाव की विभिन्न राजनीतिक दलों की दशा और दिशा तय करता है उसी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों ने निकाय चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं पक्ष, विपक्ष के नेता लगातार हर जिले के दौरे पर हैं जहां सत्ता पक्ष के अपनी लोकलुभावन जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान कर रहे हैं तो वहीं विपक्ष सरकार की कार्यशैली आम जनमानस की अनदेखी कानून व्यवस्था बेरोजगारी महंगाई का मुद्दा बनाकर जमकर बार कर रहे हैं इन सबके बीच उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग ने ना तो कोई चुनाव की अधिसूचना जारी की है ना कोई तारीखों का ऐलान ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार व आयोग के सरकारी स्तर से कोई धमाकेदार तैयारी शुरू नहीं हुई है फिर भी बरेली जनपद की बड़ी नगर पंचायत में शुमार धौरा टांडा में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है संभावित उम्मीदवार लगातार जन संपर्क बनाए हुए हैं अभी हाल ही में तिरंगा यात्रा में जमकर शक्ति प्रदर्शन कर लोगों को अपनी ओर मोड़ने का प्रयास किया गया वैसे तो नगर पंचायत धौरा टांडा का कार्यकाल 6 जनवरी 2023 को समाप्त होगा उससे उम्मीद लगाई जा सकती है कि चुनाव कहीं जनवरी से मार्च के बीच में हो, वेसे दिसंबर में चुनाव होने की संभावना भी लग रही है

धौरा टांडा में लगा फ्री मेडिकल कैंप दवा लेने वालों की उमड़ी भीड़

समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

मैक्स अस्पताल के सौजन्य से व युवा नेता वार्ड नंबर चार के सभासद पद के उम्मीदवार मोहम्मद साहिल के तत्वाधान में आयोजित किया गया कैंप, 1281रोगियों को दी गई दवाएं

धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली)-नगर पंचायत धौरा टांडा के वार्ड नंबर 4 के सभासद पद के उम्मीदवार युवा जुझारू नेता मोहम्मद साहिल के नेतृत्व में वार्ड के तलैया मोहल्ला चौक में मैक्स अस्पताल अभयपुर केशोपुर बरेली के सौजन्य से निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्पेशलिस्ट डाक्टरों ने 1281 रोगियों को देख कर परामर्श दिया दवाएं मुफ्त में दी जांच भी की गई इलाज हेतु अस्पताल के मेडिकल कार्ड दिए गए जिसमें गरीबों व मध्यवर्गीय परिवारों के इलाज हेतु सुविधाएं देने की जानकारी दी गई फ्री मेडिकल

कैंप में भारी भीड़ उमड़ी कैंप से गरीबों ,महिलाओं को काफी राहत मिली इस अवसर पर मैक्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ अली अहमद ने कहा कि स्वस्थ भारत का निर्माण करना हमारा कर्तव्य है इसलिए हम इस प्रकार के फ्री मेडिकल कैंपों का आयोजन का निर्धनों महिलाओं बच्चों की की जांच कर फ्री दवाइयां देने का कार्य करेंगे जिससे हमारा समाज निरोग हो सके और समाज सेवा जारी रहे इस अवसर पर डॉक्टर वसीम, सलीम अहमद, नसीम अहमद, युवा नेता मोहम्मद अमजद उर्फ अन्ना,फैसल मलिक, मोहम्मद अनाम, अब्दुल कयूम, मोहम्मद, मोहम्मद अहमद ,मुजीब उर रहमान, अता उर रहमान, अंजार अहमद, मोहम्मद चांद फलक, शाहिद चौधरी,तौसीफ अहमद अंसारी, फारूक अहमद,भूरा अंसारी, मो हस्सान, जहीर अहमद , नदीम अहमद,इमरान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और अपनी ओर से सेवाएं देते रहे

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में डीएम ,एसएसपी ने सुनी समस्याए

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बरेली -आज संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने जन समस्याएं सुनी शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों के मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों का तत्काल में निष्पक्ष न्यायोचित विधिक रूप से निस्तारण सुनिश्चित करें आदेश उन्होंने अपने अधीनस्थों को दिया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर कुमार धर्मेंद्र सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार कानूनगो लेखपाल सहित अन्य अधिकारी लेखपाल व कर्मी उपस्थित रहे

15 साल बाद बननी शुरू हुई नूरी नगर को जोड़ने वाली सड़क

बिजनौरः आगामी 3 सितंबर को मुख्यमंत्री कर सकते है संभावित दौरा

कार्य शुरू हो गया है सड़क 15 साल बाद बन रही है।मालिक भाई मेडिकल से कब्रिस्तान की सड़क पुलिया तक खराब थी। यह सड़क 15 साल पहले बनी थी। चार-पांच साल बाद ही सड़क खराब होनी शुरू हो गई थी। दस साल से हालत बहुत खराब थी। वार्ड के लोग लगातार सड़क बनाने की मांग कर रहे थे। वार्ड नंबर 21 के सभासद मोहम्मद आजम ने नगर पालिका में सड़क का प्रस्ताव रखा और प्रस्ताव पास हो गया अब जाकर इस सड़क पर निर्माण चालू कराया गया इसके बाद यहां सड़क का निर्माण शुरू हुआ। लगभग 8 लाख की लागत से यह इंटरलॉक रोड बन रहा है। क्षेत्र के लोगों में सड़क के बनने से खुशीहै। 15 साल से चली आ रही थी यह मांग सगीर अहमद अफजाल अहमद अन्य लोगों का कहना है कि हम लोग 15 साल से सड़क बनवाने की मांग कर रहे थे। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों की समस्या हल हुई सगीर अहमद गाड़ी वालों का कहना है कि इस मार्ग की गंदगी लंबे समय बाद दूर हुई है। अब लोगों को राहत महसूस हो रही है। हम पांच साल से प्रयास में थेः वार्ड नंबर 21 के सभासद मोहम्मद आजम का कहना है कि उनके वार्ड में यह खराब सड़क थी। पांच साल से लगातार प्रयास कर रहे थे।

पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय बरेली द्वारा चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम के क्रम में, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय बरेली श्रीमान पुलिस अधीक्षक अपराध बरेली व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नवाबगंज महोदय के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा के कुशल नेतृत्व में थाना भोजीपुरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.09.2022 को मुखबिर की सूचना पर मा0 न्यायालय के जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने वाले अभियुक्त रामकुमार यादव पुत्र चुन्नीलाल निवासी ग्राम भगवन्तापुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को मय एक अदद नाजायज चाकू के साथ ग्राम बैकुण्ठापुर से समय 06.30 बजे गिरफ्तार किया गया । बरामदगी एक अदद चाकू नाजायज व मा0 न्यायालय के जिला बदर के आदेश के उल्लंघन के आधार पर मु0अ0स0 453/2022 धारा 4/25 **A.ACT** तथा मु0अ0सं0 454/2022 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधि0 1970 बनाम रामकुमार उपरोक्त पंजीकृत किये गये । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हल्द्वानी में इंजन से कटकर गिरधरपुर के युवक की मौत

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बहेड़ी। इंजन की चपेट में आकर क्षेत्र के एक युवक की मौत हो गई। जैसे ही युवक की मौत की खबर उसके घर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक तहसील बहेड़ी के ग्राम गिरधरपुर निवासी समीर पुत्र पप्पू (25 वर्ष) उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहकर फर्नीचर का काम करता था। बृहस्पतिवार को वह हल्द्वानी में रेलवे ट्रैक पर बैठा था। इसी दौरान खाली इंजन ट्रैक पर आ गया और समीर को इंजन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से नाराज आधा दर्जन किसान गले में रस्सी डालकर पहुंचे समाधान दिवस मचा हड़कंप चकबंदी विभाग पर गंभीर आरोप

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर तहसील मैं शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था गांव ईसमपुर डांडा के आधा दर्जन किसान गले में रस्सी का फंदा डालकर समाधान दिवस पहुंच गए। जहां अधिकारियों के किसानों गले में रस्सी का फंदा पड़ा देख होश उड़ गए। समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद सुन रहे एसडीएम रामकेश सिंह, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने चकबंदी सीओ कानूनगो लेखपाल को फटकार लगाते हुए किसानों की समस्या का निस्तारण करने का सख्त निर्देश दिया। मगर किसानों ने गले से रस्सी का फंदा नहीं निकाला। उप जिलाधिकारी के सामने ईसमपुर के ग्रामीणों ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग के अधिकारी उनकी भूमि की सही नाप नहीं कर रहे हैं। जो लोग दबंग एवं पैसे वाले हैं उनसे पैसे लेकर अधिकारियों ने नक्शा से

अधिक चक बना दिए।चकबंदी विभाग के लोग पुलिस को लेकर मौके पर जाते हैं और बिना नाप तोल किये ही वापस आ जाते हैं व ग्रामीणों से पुलिस को रुपये दिलाते है। उसके बाद भी किसी समस्या का समाधान नहीं होता है। कहा कि यदि हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो हमको कुछ भी करने को मजबूर होना पड़ेगा। गुन्नौर के उप जिला अधिकारी रामकेश धामा ने बताया की चकबंदी विभाग द्वारा गांव इसनपुर में चेक बनाए हैं कई जगह नक्शा से अधीक्षक बना दिए गए हैं जिस संबंध में कई लोगों पर एफ आई आर कराई गई है। किसानों द्वारा लगाए गए चकबंदी विभाग पर रुपए लेकर चेक काटने के आरोप में उप जिला अधिकारी चकबंदी विभाग का बचाव करते नजर आए उप जिला अधिकारी ने कहा किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार तक निस्तारण करा दिया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रधानाचार्य को सौंपा मांग पत्र

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने साहू जैन डिग्री कॉलेज में एक मांग पत्र प्रधानाचार्य जी को सौंपा जिसमें सत्र 2021- 22 में हुई परीक्षा में साहू जैन डिग्री कॉलेज में जूलॉजी,के मिस्ट्री और बोटनी के कुछ छात्र छात्राओं का रिजल्ट अधूरा रह गया है जिसमें छात्र-छात्राओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसमें कालेज प्रशासन की गलती रही है उसी के साथ साथ 2022- 23 में नवीन प्रवेश के लिए पूर्णता पारदर्शिता बरती जाए तथा प्रवेश के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची कैटेगरी स्वरूप उपलब्ध कराई जाए कॉलेज के अंदर किसी भी तरह का फर्जी प्रवेश नहीं किया जाए।अभिषेक त्यागी ने बताया कि अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद विद्यालय के अंदर आंदोलन करने को बाध्य रहेगा ।विद्यार्थी परिषद कॉलेज प्रांगण,विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं के बीच में छात्र हित में कार्य करता रहता है इसी को देखते हुए विद्यार्थी परिषद ने एक मांग पत्र प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र देने वालों में अभिषेक त्यागी प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन, तहसील संयोजक अनमोल चौहान, तहसील सह संयोजक अभिनव चौधरी, नगर मंत्री विनायक गुप्ता, नगर सह मंत्री सानू त्यागी ,उत्सव चौधरी,सत्यम चौधरी, राघव साहू जैन डिग्री कॉलेज मंत्री, गौरव, आयुष, आदि रहे।

सीखो और कमाओ स्कीम मे छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किए गए

दैनिक समाज जागरण फारुक अंसारी

अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत मदर टेरेसा जन कल्याण समिति के चांदपुर सेंटर पर सीखो और कमाओ कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। चाँदपुर, नगर में मदर टेरेसा जन कल्याण समिति ने चांदपुर सेंटर पर सीखो और कमाओ कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें एमएलटी मे-डिकल लेबोरेटरी टीचिंग कोर्स का प्रशिक्षण पूरा होने पर छात्र छात्राओं को भारत सरकार की तरफ से प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायिका श्रीमती कमलेश सैनी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नौशाद हुसैन, केंद्र के संस्थापक श्री दिलशाद अहमद, मदन पाल, सुरेंद्र शर्मा, नदीम अहमद, महजबी जहां, नौशाद मलिक, सलोनी आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मुखबिर की सूचना से पुलिस को मिली बड़ी सफलता

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

किरतपुर -पुलिस के हत्थे चढ़ा बाईक चोर ग्रोह। ग्रोह के आठ आरोपी गिरफ्तार तथा दो फरार। अपराधियों के पास है अवैध शस्त्र हुए बरामद। उचित कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर भेजा जेल।

किरतपुर /पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अप्पर पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार को मुखबिर की सूचना के आधार

पर नगर में स्थित अमन कॉलोनी मै बने मकान की पुलिस ने घेराबंदी कर चोरी की तेहिस बाइको के साथ साथ 8 शातिर अपराधी एवं चार नाजायज तमंचे साथ ही चार जिंदा कारतूस व चार अदद नाजायज चाकू बरामद किये। जबकि दो अभियुक्त मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। जिन की गिरफ्त के लिए अधिकारी नजीबाबाद स्वस्थ में एक टीम का गठन किया गया है। जल्द से जल्द दोनों शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायगा। बाइक चोर ग्रहों में गिरफ्तार होने वाले अपराधी सूरज पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम नंदपुर थाना किरतपुर, निखिल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम शाहपुर रतन थाना किरतपुर, रोबिन पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम शाहपुर रतन थाना किरतपुर, शुभम पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम टांडा माईदास थाना नगीना, रितिक पुत्र भरत सिंह निवासी मोहल्ला बुड्ढी थाना किरतपुर, गौतम पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम शाहपुर रतन थाना किरतपुर, मोहित पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम कलसिया थाना खानपुर, कृष्ण पाल पुत्र सुलेखचंद्र निवासी ग्राम कलसिया थाना खानपुर को गिरफ्तार किया गया। शातिर अपराधियों पर पूर्व में भी अलग-अलग थानो पर मुकदमे दर्ज है। नजीबाबाद क्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने उचित कार्रवाई करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया सभी नामित अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांकः 03-09-2022 को बीआरसी धामपुर पर हुआ। इस क्विज प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों से 115 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक के विज्ञान विषय के ए आर पी नवनीत कुमार के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिया परवीन, रेहान अंसारी, सृष्टि, दिव्या चौहान, रोहिणी रानी, सुहानी, अंशिका, सोनू कुमार, वंशिका चौहान, पिंकी रानी रहे। इन बच्चों को मेडल तथा पुरस्कार राशि और जिला स्तर पर मॉडल बनाने हेतु नगद धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर शौराज सिंह ने की । कार्यक्रम *खंड शिक्षा अधिकारी श्री नगेंद्र कुमार जी के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लक्ष्य वीर सिंह, मुकेश कुमार, नीरजा चौहान, वंदना सिसोदिया, प्रवेश कुमारी अभिषेक भारद्वाज, लक्ष्मण सिंह, सत्यवीर सिंह, हिटलर सिंह, सुबोध, सुनीता, बृजमोहन आदि का सहयोग रहा।

मांगों को लेकर धरने पर बैठे एलआईसी एजेंट

दैनिक समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बहेड़ी। एलआईसी की वर्षगांठ पर विभिन्न मांगों को लेकर तमाम एजेंट हड़ताल पर बैठ गए। एजेंटों ने आई आर डी ए द्वारा कमीशन कम किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बीमा कराने में एजेंट काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है लेकिन इसके बावजूद उसका कमीशन कम कर दिया गया। यहां फोरलेन बाई पास मार्ग किनारे बनी एलआईसी शाखा परिसर में एलआईसी एजेंट आई आर डी ए द्वारा कमीशन कम किए जाने, लोन और लेट किश्त पर अधिक ब्याज लेने आदि मुद्दों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार किया जाए। इस मौके पर अभिकर्ता एसोसिएशन के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, शाखा अध्यक्ष दीपाली, सचिव भूपेंद्र गंगवार, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, संयोजक जमुना प्रसाद गंगवार, अकील अहमद, अब्दुल रहीम, सीताराम राठौर, सेवाराम गंगवार विष्णु दत्त द्विगपाल सहित दर्जनों अभिकर्ता मौजूद

राष्ट्रीय प्रेस क्लब की मासिक मीटिंग कार्यालय पर संपन्न

दैनिक समाज जागरण फारुक अंसारी

चाँदपुर ,आज दिनांक 03/09/2022 दिन शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस क्लब चाँदपुर की मासिक मीटिंग इफ्तेखार चौधरी की अध्यक्षता इरफान अंसारी के संचालन में संगठन के कार्यालय पर संपन्न हुई मीटिंग में संगठन की मजबूती पर बल देने व संगठन का विस्तार करते हुए नए साथी सैफुद्दीन को सदस्यता ग्रहण कराई गई संगठन के बोर्ड, कार्यालय के उद्घाटन को लेकर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल शर्मा, इफ्तेखार चौधरी, इरफान अंसारी, आफाक अहमद, नईम परवेज, मोहम्मद शाहिद , ललित मोहन कौशिक, प्रदीप, फैसल शेख, मोहम्मद हनीफ, ठाकुर हर्षित आर्य सैफुद्दीन, आदि दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

शराब तस्करीः बैरिया पुलिस ने फिर पकड़ा तस्करी को बिहार जा रही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप

-हरियाणा में बिक्री के लिए निर्मित 355 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार हैट्रिक मारते हुये पुनः गैर प्रान्त निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब तस्करी कर बिहार ले जा रहे दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से बरामद 355 लीटर अवैध हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब व ब्रेजा कार के अलावा 2420 रुपये नकद व दो मोबाईल तथा दो नाजायज तमंचा व तीन कारतूस भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी धर्मबीर सिंह ने बताया कि बैरिया चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान एक ब्रेजा कार (सुजुकी) वाहन नं.एच 32 , 7447 को नटराज पेट्रोल पंप सोनबरसा के पास रोककर जांच किया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालक राशिद मलिक पुत्र अनवर मलिक निवासी जगदीशपुर थाना राई जनपद सोनीपत हरियाणा व बिजेंद्र पुत्र महा सिंह निवासी विकास नगर ककरोइ रोड चौकी 23 सेक्टर थाना सिटी जनपद सोनीपत हरियाणा को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली। वाहन की डिग्गी में रखे 03 बैग में अंग्रेजी शराब की 355 बोतल, इम्पीरियल ब्लू शराब बरामद की गयी। पुलिस द्वारा अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मैं इस कार्य में बहुत दिनों से लगे हैं। इस रास्ते से कई बार शराब लेकर बिहार गये थे। इस रास्ते हरियाणा निर्मित शराब को बिहार ले जाकर अधिक मुनाफा पर बेचते थे परंतु आज किस्मत खराब होने की वजह से पकड़ लिए गए। पुलिस ने धारा 60 (1)/63/72 आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट में पाबंद कर अभियुक्तों को चालान न्यायालय कर दिया।

पंचायत को सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए जागरूकता बैठक

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : एक्शन एड यूनिसेफ द्वारा संचालित नई पहल परियोजना अंतर्गत ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति, एसएमसी एवं पंचायत को सक्रिय एवं सशक्त बनाने हेतु जागरूकता बैठक का आयोजन क्षेत्र के नारायनपाली गांव के पंचायत भवन पर किया गया। जिसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एक्शन एड यूनिसेफ मोहम्मद एजाज ने उपस्थित लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुद्दों पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम बाल संरक्षण समिति एवं पंचायती राज के मनोनीत सदस्य के रोल एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की। तथा सभी के जन सहयोग से जनपद बलिया को बाल श्रम बाल विवाह व बाल तस्करी मुक्त बनाने हेतु सभी का सहयोग उपस्थित जनों से मांगा। इसी क्रम में जिले स्तर से श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलिया, महिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग से पुलिस बाल कल्याण अधिकारी, जिला तकनीकी सलाहकार यूनिसेफ व श्रम विभाग द्वारा संचालित नया सवेरा योजना से, चाइल्ड लाइन, शिक्षा विभाग , ग्राम प्रधान एवं ग्राम प्रधान के मनोनीत सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी, पुलिस विभाग से बाल कल्याण अधिकारी, जिला तकनीकी सलाहकार यूनीसेफ आदि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ने अपने-अपने विभाग की सामाजिक सुरक्षा व योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिसमें मुख्य रुप से बाल श्रमिक विद्या योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा सामान्य योजना,श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर- 1098, 112, आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान एवं जन सहयोग के माध्यम से 60 परसेंट मजदूर परिवार, जरूरत मंद बच्चों की पहचान कर, श्रम विभाग एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं में जोड़ने हेतु आवेदन कराया गया। बच्चों के संरक्षण पर सरकार विभिन्न प्रकार से कार्य कर रही है जिसमें एक्शन एड द्वारा संचालित नई पहल परियोजना, श्रम विभाग एवं यूनिसेफ द्वारा संचालित नया सवेरा योजना, जो कि बाल श्रम बाल विवाह एवं बाल तस्करी मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम कर जन-जन को जागरूक करना एवं जरूरतमंद परिवार एवं बच्चों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उन सभी को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आशा यादव, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव अध्यक्ष महिला आरक्षी आरती देवी , रिशेष पांडेय, सितारा सिद्दीकी,निकिता सिंह,पूनम राजभर,रितु सिंह,शिक्षक गण, ग्राम पंचायत सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एक्शन एड नई पहल ,बलिया एजाज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक की समाप्ति की गई।

नगर पंचायत रतसर में गणेश प्रतिमा विसर्जन का निकला भव्य जुलूस

जुनैद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : गणेश महोत्सव के तहत शनिवार को कस्बा सहित ग्रामीण अंचलो में विसर्जन जुलूस निकाला गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस नगर पंचायत के मुख्य मार्गो पर भ्रमण करता हुआ बोका भगत के पोखरे के तट पर पहुंचा। जुलूस के साथ श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। जुलूस में गणपति देवा के गीतों पर भक्त झूमते नजर आए। यहां गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ गीतों के बीच भक्तों ने गजानन का पूजन-अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बोका भगत के पोखरे पर प्रतिमाओं का विसर्जन उमंग व उल्लास के साथ किया गया। गांधी आश्रम चौराहे से सभी प्रतिमाएं एक साथ दक्षिणी चट्टी, पकड़ी तर, पंचायत भवन में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर निकाला गया। पुलिस और पीएसी के साथ ही अर्ध सैनिक बलों के जवान भी मुस्तैद थे। सीओ प्रीति त्रिपाठी, एसओ गड़वार राज कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह जुलूस के साथ सुरक्षा में चल रहे थे। कार्यक्रम के आयोजक पिंटू गुप्ता, सुनील सोनी, मृत्युन्जय गुप्ता, निपू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

भारतीय जीवन बीमा निगम का उद्देश्य है समाज का चतुर्दिक विकास

वर्षगांठ पर भ्रमणः कंपनी ने सनबीम स्कूल में बच्चों के बीच रखा अपना उद्देश्य, किया जागरूक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना की 66वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर वह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर जागरूकता फैलाने और सामाजिक विकास को गतिशील बनाने में अपना योगदान दे रहा है। इसी क्रम में आज भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा- बलिया की टीम जिले के एक प्रतिष्ठित विद्यालय "सनबीम स्कूल" अगरसंडा में पहुंची, जहां उसने स्कूल के बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए। इनमें कला और क्वीज प्रतियोगिताएं शामिल थी। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सहभागी सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य को दर्शाते हुए, निगम के शाखा प्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम का एक उद्देश्य समाज का सर्वांगीण विकास भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने सरकार की शिक्षा योजनाओं में अपनी पूंजी का एक हिस्सा निवेशित किया है। निगम का मन्तव्य है कि आगे चलकर ये सभी बच्चे एक बेहतर नागरिक बन सकें। स्कूल के निदेशक अरुण सिंह ने भारतीय जीवन बीमा निगम का आभार व्यक्त किया कि उनकी पहल से बच्चों के बीच एक सकारात्मक माहौल पैदा हो रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्या अर्पिता सिंह ने भी एलआईसी के इस प्रयास के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इससे पहले स्कूल के निदेशक ने एलआईसी बलिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से विष्णु कुमार, अंकिता श्रीवास्तव, शालिनी मिश्रा, अमृता गुप्ता, निमेष गौतम, अंकित ओझा, रामजी तिवारी, शम्भू कुमार और चिंटू कुमार सहित कुछ अन्य लोग भी उपस्थित थे।

पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सुबह 10:30 बजे मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई

सुनील राघव/दैनिक समाज जागरण बहजोई दैनिक समाज जागरण बहजोई । पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सुबह 10:30 बजे मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई जहां पारिवारिक मसलों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निपटाने का भरपूर प्रयास किया गया जिसमें 37 पत्रावलीयों को सुनकर 8 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया इसमें 2 परिवारों को मिलाया गया एक पत्रावाली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई तथा 5 पत्रावलीयो न्यायालय में विचाराधीन अथवा अन्य कारणों से निरस्त की गई इस अवसर महिला थाना प्रभारी इस्पेक्टर पूनम आनंद , एसआई सुशील कुमार शर्मा,कांस्टेबल अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट पूनम अरोरा, नूतन चौधरी एवं कांस्टेबल नूतन विपुल यादव ,शहजाद मलिक, आदि लोग उपस्थित रहे।

15 दिनों के अन्दर विद्यालय के डाटा को आरटीई पोर्टल पर करें अपलोड : जिलाधिकारी

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक, जिलाधिकारी ने दिए कई ठोस निर्देश

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा 1 पूर्व प्राथमिक कक्षा में संबंधित कक्षा की कुल क्षमता की 25% की सीमा तक प्रवेश कराए जाने हेतु जागरूक करने एवं उक्त विद्यालयों का डेटा ऑनलाइन आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत कराए जाने हेतु जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यो/प्रबंधकों की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक (सामु.सह.) नूरुल हुदा द्वारा विभाग के इस महत्वाकांक्षी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा यह बताया गया कि 1163 मान्यता प्राप्त विद्यालयों ने ही अपने विद्यालय का ब्यौरा आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं कराया है जो कि खेदजनक है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा गैर सहायतित निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रबंधकों को यह निर्देश दिया गया कि 15 दिन के अंदर अपने विद्यालय का वांछित डेटा आरटीई पोर्टल पर 15 दिन के अन्दर अपलोड करा दें अन्यथा छूटे हुए विद्यालयों की सूची बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय। आरकेमिशन सागरपाली, सिटी कॉन्वेंट स्कूल सहतवार एवं गोपाल जी विद्यालय रेवती ने विगत वर्षों के छात्र प्रतिपूर्ति एवं विद्यालय अनुदान की धनराशि न मिलने का मुद्दा उठाया। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया को यह निर्देश दिया की कार्यालयी अभिलेख के आधार पर उक्त विद्यालयों के छात्र प्रतिपूर्ति एवं विद्यालय अनुदान की वांछित धनराशि की मांगपत्र शासन को प्रेषित करें। इस बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह एवम खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार झा, लोकेश कुमार मिश्रा, हिमांशु कुमार मिश्रा, रत्न शंकर पांडेय, माधवेन्द्र पांडेय, डीसी शिवसौरभ गुप्ता, एआरपी अब्दुल अव्वल, बब्बन यादव आदि उपस्थित रहे।

राजकीय बालिका इंटर कालेजः सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

जिला महिला चिकित्सालय की अधिक्षिका ने विस्तार से बीमारी के बाबत बताया

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ

दैनिक समाज जागरण बलिया : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेव प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव सर्वेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इण्टर कालेज में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में डा0 सुमिता सिन्हा ने सर्वाइकल कैंसर की विस्तार से जानकारी दी कि यह कैंसर एचपीवी18, एचपीवी16 वायरस के जरिये फैलता है। इसमें ज्यादातर 30 से 45 आयु वर्ग की महिलाएं प्रभावित होती हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बदबूदार गन्दे पानी का स्त्राव, असामान्य रक्त स्त्राव एवं गर्भाशय ग्रीवा के स्थान पर दर्द इसके प्रमुख कारण है। इससे बचाव के लिये वैक्सीन लगवाने की भी जानकारी दी। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया न्यायाधीश/सचिव सर्वेश कुमार मिश्र द्वारा बताया गया कि सर्वाइकल एक प्रकार का कैंसर है, जो गर्भाशय कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि की वजह से होता है। इस घातक बिमारी से एकमात्र बचाव जागरूकता है। महिलायें जागरूक होकर ही स्वस्थ एवं सेहतमंद जिन्दगी जी सकती है। सचिव वहां उपस्थित प्रतिभागी महिलायें एवं छात्राओं से अपेक्षा किये कि वे झिझक छोड़े और यदि कोई लक्षण महसूस हो तो तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें और जिला चिकित्सालय बलिया में उसे दिखायें। सफाई का विशेष ध्यान रखे, धूम्रपान से बचे व अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये स्वास्थ्यवर्धक आहार एवं व्यायाम आदि पर जोर दिया जाहिए। इस विधिक जागरूकता शिविर में सर्वेश कुमार मिश्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया, डा0 विरेन्द्र कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया, डा0 सुमिता सिन्हा मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय बलिया, डा0 एस0के0 तिवारी, रमेश सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया, अलका पाण्डेय प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज बलिया, विपिन सिंह कोतवाल, अन्य शिक्षिकागण, छात्राएं एवं विद्यालय के कर्मचारीगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर (बलिया) : स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने एक एक प्रार्थना पत्रों को देखकर उसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को सौंप दिया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा है की फरियादियों की समस्याओं को गुणवत्ता पूर्वक समय समय का ध्यान रखते हुए उसका निस्तारण कराएं अगर इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

निस्तारण में समय व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने के लिए निर्देश

बांसडीह तहसील में जनता की समस्याओं से रुबरु हुई जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सभी तहसीलों में हुआ। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल में बांसडीह तहसील में जनता की फरियाद सुनी और समयांतर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हम सब की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। शिकायती पत्र आने के बाद उसके प्रति गंभीर हो जाएं और पूरी रूचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाएं। पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ या निस्तारण सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

युवा कार्यकारिणी का गठन

रितेश पांडेय बने अधिकार सेना बलिया युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने अपनी भी कार्यकारिणी का किया विस्तार

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

बलिया : अधिकार सेना बलिया के जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में युवा अधिकार सेना, बलिया की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में कुल 6 सदस्य रखे गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने विस्तार पर मुहर लगा दिया है। रितेश पाण्डेय (एमआर) को युवा अधिकार सेना बलिया का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ महबूब आलम तथा इंजिनियर अंकित गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अंकित गुप्ता को महामंत्री तथा कमलेश चौरसिया को मंत्री बनाया गया है। अखिलेश तिवारी को युवा अधिकार सेना का प्रवक्ता बनाया गया है।

जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार

जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अमित कुमार गुप्ता को महामंत्री, नीरज पाण्डेय को संगठन मंत्री तथा दिनेश कुमार गिरि को मंत्री बनाया गया है। त्रिवेणी सिंह को बैरिया विधानसभा का महासचिव बनाया गया है।

वर्षों से भगोड़े फरार अभियुक्त को गड़वार पुलिस ने वाराणसी से दबोचा

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण गड़वार (बलिया) : स्थानीय थाना द्वारा वर्षों से भगोड़ा घोषित फरार अभियुक्त को वाराणसी से थाना गड़वार की गठित पुलिस टीम द्वारा पकड़ने में सफलता मिली है। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह सूचना प्राप्त हुई कि वाराणसी जनपद के लाट भैरों सरैया थाना जैतपुरा निवासी कमरुद्दीन पुत्र स्व.रशीद शाह जो कि गड़वार थाने द्वारा वर्षों पूर्व ही भगोड़ा घोषित कर दिया गया है वाराणसी में है। इस सूचना पर विश्वास करके एक पुलिस टीम गठित की गई थी। जो वाराणसी जाकर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर थाने पर 8/20एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने दिलाई सपा के सदस्यता

आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा.(बलिया) : चिलकहर के पूर्व विधायक वरिष्ठ सपा नेता राम इकबाल सिंह के आवास पर शनिवार को सपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। 150 लोगों को सपार की सदस्यता दिलाई गई। चिलकहर के पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने कहा कि मेरे आवास पर सिर्फ मेरे गांव के ही लोग लगभग डेढ़ सौ लोगों का समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाया गया है। रसड़ा विधानसभा में गांव गांव जाकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर यादव, सपा नेता सिद्धार्थ सिंह, प्रधान हरेराम, पूर्व प्रधान हरिंदर यादव, पूर्व प्रधान राधेश्याम यादव, अरविंद कुमार सिंह उर्फ (टुनटुन) सिंह, जय नाथ सिंह, संतोष सिंह, सुरेश सिंह, मनु पाल, मकुंदन सिंह, सुजीत सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

धर्म कार्य

श्री मद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के समापन पर पांच सितम्बर को

-आयोजक गण द्वारा होगा विशाल भण्डारे का आयोजन

जुनैद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : कस्बा क्षेत्र के कोड़रा गांव स्थित श्री परमहंस आश्रम शिवमन्दिर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कथा वाचक बाल संत द्वारा श्री मद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर सोमवार को भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनाम बाबा व संत बालक दास ने बताया कि रविवार को दोपहर से रामनाम संकीर्तन अष्टयाम शुरू होगा। सोमवार को हवन-पूजन एवं भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया है। वहीं रात्रि में यूपी एवं बिहार के कलाकारों द्वारा भक्तिगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। दूर-दराज से आए संत- मनीषियों को यथार्थ गीता की पुस्तक एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। संत द्वय ने कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्रीय लोगों को आने का आह्वान करते हुए सफल बनाने की अपील की है।

प्राकृतिक आपदा

घाघरा नदी ने भी शुरू किया तबाही मचाने का दौर

तटवर्ती गांव के लोग सुरक्षित जगह की तलाश में इधर उधर भटकते दिखे

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : गंगा में आई बाढ़ की तबाही से अभी निजात भी नहीं मिली इधर घाघरा ने भी तबाही मचाना शुरू कर दिया। सरयू नदी एक बार फिर बढ़ाव पर जाने लगी है। नदी का जल स्तर चांदपुर गेज पर बृहस्पतिवार की शाम से शुक्रवार की सुबह तक लगभग डेढ़ सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव पर दर्ज की गयी। डीएसपी हेड पर भी नदी के बढ़ाव की सूचना मिल रही है उतरी दियरांचल गोपाल नगर ,मानगढ़, शिवाल मठिया, वशिष्ठ नगर वासियों में घाघरा के बढ़ाव से खासी बेचैनी देखी जा रही है। तटवर्ती गांव के लोग सुरक्षित जगह की तलाश में इधर उधर भटकते भी देखे गये। दियरांचल वासी घाघरा के कटान से पूर्व में भी अपना बहुत कुछ खोए हैं। इस इलाके के लोगों का प्रमुख काम व आय का स्त्रोत खेती ही है। तमाम दुश्वारियां झेलकर भी दियरांचलवासी यहां रहकर प्रकृति से लड़कर अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घाघरा के अचानक बढ़ाव पर होने की सूचना से तटवर्ती इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।

दैनिक समाज जागरण संभल । विकासखंड पंवासा के ग्राम पंवासा में चिरौली मार्ग पर क्षेत्र पंचायत द्वारा खरंजा निर्माण पर मार्ग में ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा हटाया जा रहा है ।

पंवासा चिरौली मार्ग पर लगभग 100 मीटर का खरंजा क्षेत्र पंचायत द्वारा सीसी टाइल्स द्वारा कराया जा रहा है। बीच बस्ती में कुछ लोगों द्वारा सरकारी मार्ग पर काफी समय से कब्जा कर रखा है। अब जब सीसी टाइल्स खरंजा का नंबर आया तो मोहल्ले के लोगों ने अवैध कब्जे का विरोध करते हुए। उसे खाली कराने को लेकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। व अवैध कब्जे वालों के विरुद्ध पवासा पुलिस चौकी पर तहरीर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चौकी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची व ग्राम प्रधान पति विनोद को मौके पर बुलाकर अवैध कब्जे को जेसीबी से तुड़वा कर कब्जा मुक्त कराया व रास्ते में आ रहे 2 अशोक के पेड़ों को जेसीबी से उखड़वाकर जूनियर हाई स्कूल पवासा में लगवा दिया। तब कहीं जाकर विवाद शांत हुआ।

बयान

पवासा चिरौली मार्ग पर सीसी टाइल्स से निर्माण कार्य चल रहा था। कुछ लोगों ने मार्ग के ऊपर चबूतरे बना रखे थे। जिन्हें जेसीबी की मदद से तुड़वाकर मार्ग साफ करा दिया गया है अब कोई विवाद नहीं है ।
विनोद दिवाकर (प्रधान पति पवासा)

25 july 2022 - Copy:Layout 1 9/4/2022 3:12 AM Page 12

मधुसूदन दास आदर्श इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने सिंगल एवं डबल में मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

पैलानी/बांदा/ मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जसपुरा के मधुसूदन दास आदर्श इंटर कॉलेज की दो छात्राओं ने सिंगल एवं डबल में मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया है।जिनको आज शनिवार को इंटर कॉलेज के प्रबंधक की ओर से प्रधानाचार्य रामलखन पटेल तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्य अमर सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।बता दें कि विद्यालय की अनुराधा पांडे तथा प्रतिभा देवी ने तीन दिन पहले महोबा में आयोजित मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंडल में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय की दोनों छात्राओं को आज विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।वही विद्यालय के अध्यापकों ने मेडल व मोमेंट प्रदान किया।वही दूसरी ओर प्रधानाचार्य रामलखन पटेल तथा खेल अध्यापक सुरेंद्र सिंह परिहार तथा अन्य अध्यापकों के द्वारा दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं से उन्हें प्रेरणा लेने की बात कही।दोनों छात्रायें 21 सितबंर से हो रही अयोध्या में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चित्रकूट धाम मंडल का प्रतिनिधित्व करेगी।

बांदा में महाराणा प्रताप चौक पर समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा में सुंदरीकरण का कार्य जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है इसी क्रम में आज शहर का प्रमुख चौराहा महाराणा प्रताप चौक जिसका सुंदरीकरण और चौड़ीकरण का कार्य किया जाना है। इसलिये महाराणा प्रताप चौक पर पीडब्ल्यूडी की सड़क की परिधि पर स्थित समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया है। हालांकि अभी तक इसके विरोध में इस तरह की कोई आवाज नहीं आई है। क्योंकि समाजवादी पार्टी का कार्यालय पहले ही शहर के बिजली खेड़ा इलाके में चला गया था। पुलिस उपाधीक्षक नगर राकेश सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है इसमें पीडब्ल्यूडी की सड़क पर की परिधि में एक पुराना समाजवादी पार्टी का कार्यालय था जिसको की बुल्डोजर से गिरा दिया गया है उन्होंने य भी बताया कि इससे पूर्व यह नगर पालिका की चुंगी हुआ करती थी।

बांदा संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा जनपद में संपूर्ण समाधान दिवस का माह के प्रथम शनिवार को किया जाता है आयोजन जिसमें फरियादियों के द्वारा पहुंच कर अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित दिया जा रहा शिकायती पत्र जिसमें विभागीय अधिकारियों ने पहुंचकर लोगों की सुनी समस्याएं और समस्याओं का निपटारा करने का किया जा रहा प्रयास

पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत का है जहां पर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का शनिवार को किया गया आयोजन जिसमें नगर मजिस्ट्रेट बांदा की अध्यक्षता में किया गया संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी रावेंद्र सिंह तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार व सीओ सत्य प्रकाश शर्मा सहित मौजूद रहे सभी विभाग विभागीय अधिकारी जिसमें कुल 124 फरियादियों की सुनी गई समस्याएं और समस्याओं को सुनकर 14 फरियादियों की की गई मौके पर समस्याओं का निस्तारण

बाढ़ ने बढ़ाया संक्रामक रोगों का खतरा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बादा

नदियां छोड़ गई मलबा, अब संक्रामक रोगों का खतरा

स्वास्थ्य विभाग की टीमें बांट रहीं क्लोरीन टैबलेट व ओआरएस

43 बाढ़ चौकियों में 7103 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

बांदा। सीमावर्ती मध्य प्रदेश की घाटियों में बारिश कम होने के बाद नदी किनारे बसे गांवों में भरा पानी कम हो रहा है। जलस्तर कम होने से लोगों को बाढ़ के कहर से राहत की सांस मिली है, लेकिन मुसीबतों का ये नया सैलाब उनके लिए कई परेशानियां लेकर आया है। बाढ़ गांवों में मलबा छोड़ गई है, जो संक्रामक रोगों का खतरा है। स्वास्थ्य टीमें 7103 लोगों की जांच दवाइयां इत्यादि दे चुकी हैं। इसके अलावा क्लोरीन की टैबलेट व ओआरएस के पैकेट बांट रहे हैं।

नदियों के उफनाने से बड़ोखर, जसपुरा, तिंदवारी, कमासिन व बबेरू ब्लाक के गांवों में पानी भर गया था। नदियों का जलस्तर कम होने से गांवों का पानी उतर गया है, लेकिन सैलाब का मलबा अभी गांवों में भरा है। ऊपर से तेज धूप हो रही है। दलदल में मच्छर भी पनपने लगे हैं। ऐसे में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि जल भराव की वजह से मरीज नहीं आ पा रहे थे। इसके लिए 43 बाढ़ चौकियां बनाकर उन्हें स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया जा रहा है। 7103 लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है।

महामारी विशेषज्ञ डा. प्रसून खरे ने बताया कि बाढ़ कम होने के बाद संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए गांवों में क्लोरीन की टैबलेट बांटी जा रही है। ग्रामीण अपने घरों की सफाई में इस क्लोरीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह संक्रमण बीमारियों को रोकने में काफी मददगार साबित होता है। अभी तक 16,660 टैबलेट का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा 10,842 ओआरएस के पैकेट भी दिए गए हैं।

भूसे में फंगस लगने का खतरा

बांदा। बाढ़ग्रस्त गांवों में जलभराव के चलते हरे चारे की फसल खराब हो गई है। चरागाह भी तबाह हो गए हैं। ऐसे में पशु भूसे के सहारे हो गए हैं। बाढ़ग्रस्त गांवों में पशुओं को भूसा देने में सावधानी बरतने की जरूरत है। जलभराव से भूसे में फंगस लग जाता है। पशुओं को किसी हाल में फंगसयुक्त भूसा नहीं देना है। नहीं तो पशुओं की सेहत खराब हो जाएगी।

नटराज मंच पर तीन दिवसीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन

सरफराज अंसारी/दैनिक समाज जागरण चंदौसी

दैनिक समाज जागरण चंदौसी । मेला गणेश चौथ के आयोजन में धन्वंतरि फार्मेसी द्वारा स्व० आशुतोष मिश्रा की स्मृति में मेले के नटराज मंच पर तीन दिवसीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दूसरे दिन सेमी फाइनल 6 राउंड में सम्पन्न हुआ। राउंड में डबल धुन राउण्ड, भागमभाग राउण्ड, स्थाई-अंतरा राउण्ड, डाइलाग राउण्ड, एक कलाकार तीन गीत राउंड और डबल शब्द राउण्ड रहे। जिसमें नगर चन्दौसी के 8 विद्यालयों एस एम डिग्री कॉलेज, सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, एस एम इंटर कॉलेज, एस एम लॉ कॉलेज, मॉडल पब्लिक एडुकेशन कॉलेज, एफ आर इंटर कॉलेज और मॉडल लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परवाने-अफसाने-मस्ताने-दीवाने टीम के रूप में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मेला मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय एवं मेला स्वागताध्यक्ष विनय सर्राफ ने फीता काटकर किया। मंच संचालन राशिद खान, प्रभात कृष्णा, रुपाली श्रीवास्तव ने तथा निर्णायक लोकेन्द्र शर्मा, ए के सिंह ने किया।

प्रतियोगिता के प्रारम्भ में राशिद खान और रुपाली ने युगल गीत गया- मेरा दिल भी जाना बेकरार हो न जाये रब करे तुझको भी प्यार हो जाये,

मस्त नजरों से अल्ला बचाये,

इस दौरान प्रायोजक प्रायोजक- मधु मिश्रा पत्नी परितोष मिश्रा पुत्र प्रथा मिश्रा पुत्री तथा मेला परिषद से संगीता भार्गव, प्रजीत लालू, सतेन्द्र मामा, मेजर शशिकांत गुप्ता, शुभम अग्रवाल, मुकेश ब्रेड, प्रफुल्ल कुमार, सौरभ कान्त शर्मा आदि रहे।

विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके अनुपालन में किए गए कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा, / प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रेदश शासन श्री एल0 वेंकटेश्वर लू ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विगत माह में मंत्रिमण्डल समूह के द्वारा किये गये निरीक्षण के समय दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा उसके अनुपालन में किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी जिम्मेदारी व गम्भीरता के साथ योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाये तथा पात्र लाभार्थियों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में सुधार हेतु कार्य करें।

बैठक में प्रमुख सचिव ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार जो कार्य दिये गये हैं, उनमें किसी प्रकार की देरी नही होनी चाहिए। यदि किसी कार्य में देरी होने के कारण उसकी लगात में बढोत्तरी होती है तो सम्बन्धित अधिकारी/संस्था के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कौन सा कार्य किस तिथि तक पूर्ण होना है तथा कितना कार्य अवशेष बचा है उसका चार्ट बनाकर रिपोर्ट प्रंस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जल-जीवन-मिशन के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजना से ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी नमामि गंगे को निमार्णाधीन परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने के साथ गुणवत्ता युक्त कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि इस योजना में किसी प्रकार की गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित ठेकेदार व अधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि निमार्णाधीन समस्त कार्यों में प्रमाणित ऐजेन्सी से ही गुणवत्ता युक्त निर्माण सामाग्री लेकर ही कार्य कराया जाए। यदि किसी कार्यदायी संस्था गुणवत्ता युक्त सामाग्री का प्रयोग नही किया जाता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के राशन कोटेदार, श्रम विभाग व जन सुविधा केन्द्रों के सहयोग से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जायें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउण्ड व सी0टी0स्कैन की सुविधा के साथ बेहतर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अपात्र राशन कार्डों को जो सर्वे के दौरान मिले हैं, उनको हटाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के सभी सामुदायिक शौचालयों को संचालित रखने के साथ ग्राम पंचायत सचिवालय में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिलाये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

प्रमुख सचिव लू ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को समयबद्धता,प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामों को विवाद रहित बनाने के लिए पूरी पारिदर्शिता व ईमानदारी के साथ चक पैमाइस, अतिक्रमण व आपसी बटवारा आदि के कार्यों को सम्बन्धित लेखपाल व चकबन्दी लेखपाल मिलकर गॉव के संभ्रान्त लोंगो के समक्ष पैमाइस कराकर विवादों का निस्तारण करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित अवधि में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिलिंग की रिकवरी को बढाया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशालाओं में वर्षा से गौवंश के बचाव हेतु जल निकासी व खडंजा लगाये जाने के कार्य में देरी होने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने बिना सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित रेंजर का भी स्पष्टीकरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जो शिक्षक समय से स्कूल नही आते हैं उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें और जिन स्कूलों में अध्यापकों की कमी हैं वहां पर अध्यापकों की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।

उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि भू माफियाओं को चिन्हित करें, अवैध शराब की बिक्री न हो इसके लिए अभियान चलाकर पकडा जाए। अवैध टैम्पो/टैक्सी स्टैण्ड का संचालन नही होने पाये। उन्होंने नगर पालिका ई0ओ0 को निर्देशित किया कि अवैध अतिक्रमण/सड़क सुरक्षा व आवागमन को सुगम बनाने हेतु सड़क के किनारे कोई भी सामान न रखने दिया जाए इसके लिए सम्बन्धितउ व्यापार मण्डल के सदस्य के प्रतिनिधियों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण किया जाए। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 और पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल मैनेजमेन्ट के साथ बैठक कर पार्किंग की सम्बन्धित स्कूल व उपयुक्त स्थल पर व्यवस्था करायें। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गॉवों में चकबन्दी तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित जो मांमले है उसका निस्तारण करायें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि जनपद में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी आधार प्रमाणीकरण शत-प्रतिशत कर लाभार्थियों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जनपद में प्राकृतिक खेती को बढावा दिये जाने पर जोर देते हुए व्यापक स्तर पर इस हेतु किसानों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना एवं पी0एम0आवास योजना, पोषाहार वितरण, पंजीकृत श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं से लाभ दिलाये जाने व श्रमिक पंजीकरण बढाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलाधिकारी कराये जा रहे नवेली-बुन्देली कन्या जन्मोत्सव के कार्य की प्रशंसा की।

बैठक में जिलाधिकारी अनुराग पटेल, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रंकाश मौर्या, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री उमाकान्त त्रिपाठी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री एम0पी0सिंह सहित अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रजत सॉई, नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

गुन्नौर के झोलाछाप डॉक्टर के नोडल अधिकारी पर ग्रामीण ने लगाया गंभीर आरोप झोलाछाप से रुपयों के लेन-देन का वीडियो वायरल

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर तहसील गुन्नौर क्षेत्र में जनपद संभल के जिला अधिकारी मनीष बंसल द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसने के लिए गुन्नौर क्षेत्र से गुन्नौर चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनमोहन शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारी पर शनिवार को छापेमारी के दौरान गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

थाना रजपुरा क्षेत्र के गवा में पंजीकृत अस्पताल का शटर बंद करा दिया गया तो वही अवैध रूप से चल रहे राणा जी अस्पताल पर नोडल अधिकारी खासे मेहरबान दिखे। मीडिया से फोन द्वारा जानकारी लेने पर मनमोहन शर्मा ने बताया कि राणा जी अस्पताल का पंजीकरण नहीं है फिर भी गुन्नौर के पत्रकार ने अपना अस्पताल बता कर कार्यवाही नहीं करने दी। शनिवार को ही नोडल अधिकारी थाना धनारी क्षेत्र के गांव भीरावटी पहुंचे जहां विपिन पुत्र विनोद कुमार द्वारा जिला अधिकारी से अमित क्लीनिक की शिकायत की गई थी उक्त शिकायत पर शिकायतकर्ता का आरोप है की नोडल अधिकारी ने डॉक्टर से सांठगांठ कर ली जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है। वीडियो वायरल होने की सूचना से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना यह है कि जनपद संभल के तेजतर्रार एवं इमानदार छवि के जिला अधिकारी मनीष बंसल क्या कार्रवाई कराते हैं।

एलआईजी सेक्टर 99 में लगाए गए ई कचरा डस्टबिन आरएलजी व एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से गेट नंबर 2 पर ई -कचरा डस्टबिन लगाए गए हैं ! !जिसमे खराब व गैर जरूरी उपकरणों को डाल सकते है ! !ई -कचरा में विभन्न तरीके के खराब उपकरण जैसे चार्जर, कंप्यूटर, लैपटॉप, घड़ी, एसी और टीवी इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक चीजें जिनका समुचित निस्तारण न करने से पर्यावरण को हानि पहुंचती है.. साथ ही साथ इन उपकरणों का दुरुपयोग करने की भी संभावना बनी रहती है..आप सीधा आरएलजी या एचसीएल को ई कचरा दे सकते है..जिस कचरे की जो धनराशि होगी वो मिल जाएगी वहां के निवासी जितेन्द्र कुमार राजपूत ने जानकारी दी कि ई डस्टबिन लगने से सोसाइटी के लोगों में बहुत उत्साह है नोएडा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आप सभी सहयोग करे

अधिक जानकारी के लिए दिए गए टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे!! 18004190431, 18002031460

कांग्रेस से इस्तीफे के बाद आजाद की जम्मू में पहली रैली, करेंगे नई पार्टी की घोषणा, तैयारियां पूरी



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी ने शनिवार को बताया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद जम्मू में आजाद की पहली जनसभा की तैयारियां पूरी हो चुकी है. वह अपनी पार्टी की पहली इकाई स्थापित करेंगे.कांग्रेस से करीब पांच दशक पुराना नाता तोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद रविवार को जम्मू से नयी राजनीतिक पारी की शुरूआत करेंगे. वह अपनी पार्टी की पहली इकाई स्थापित करेंगे. जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी ने शनिवार को बताया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद जम्मू में आजाद की पहली जनसभा की तैयारियां पूरी हो चुकी है. पूर्व मंत्री जी.एम.सरूरी ने बताया कि रविवार की सुबह दिल्ली से जम्मू आने पर आजाद का भव्य स्वागत किया जाएगा और वह जुलूस के रूप में सैनिक कॉलोनी स्थित जनसभा स्थल तक पहुंचेंगे. गौरतलब है कि सरूरी उन नेताओं में हैं जिन्होंने आजाद के समर्थन में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है. संभावना है कि 73 वर्षीय आजाद इस जनसभा में अपनी राजनीतिक पार्टी गठित करने की घोषणा करेंगे

आजाद के समर्थन में पूर्व उप मुख्यमंत्री, आठ पूर्व मंत्री, एक पूर्व सांसद, नौ विधायक और बड़ी संख्या में पंचायती राज संस्थान के सदस्यों, नगर निकाय पार्षदों और जमीनी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है. आजाद के स्वागत में जम्मू हवाई अड्डे से जनसभा स्थल तक जाने वाली सड़क पर और सतवारी चौक पर होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं. जनसभा स्थल पर करीब 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है. सरूरी पिछले एक सप्ताह से जनसभा की तैयारियों में व्यस्त थे. उन्होंने कहा, ह्यजिन लोगों ने आजाद के समर्थन में इस्तीफा दिया है, वे सभी जनसभा में मौजूद रहेंगे

उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब तीन हजार आजाद समर्थकों ने जनसभा में शामिल होने की इच्छा जताई है. उन्होंने कहा, ह्यइतनी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे लोगों को प्रबंधन करना मुश्किल है. इसलिए हमने एक व्यवस्था की है, नए शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करने के लिए आजाद के समर्थन में उनसे हाथ उठाने को कहेंगे.

उन्होंने कहा कि विभिन्न पार्टियों के लोग भी हमारे संपर्क में है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में आजाद के पक्ष में समर्थन की सुनामी आएगी. सरूरी ने कहा, ह्यलोगों ने मुख्यमंत्री काल (नवंबर 2005 से जुलाई 2008) में आजाद को परखा है और बेसब्री से उनकी अगले मुख्यमंत्री के तौर पर वापसी का इंतजार कर रहे हैं.ह्ण उन्होंने कहा कि आजाद नीत पार्टी जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक मानचित्र पर अगले विधानसभा चुनाव से पहले वास्तविकता होगी. जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम 25 नवंबर तक संपन्न होने के बाद विधानसभा चुनाव कराए जाने की उम्मीद है.

(इनपुट- एजेंसी)

विधि – विधान से माताओं ने किया संतान सप्तमी या सातें संतान व्रत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बादा

आज के दिन का व्रत अर्थात सातों संतान का व्रत सभी माताओं के लिए बहुत अहम होता है। यह व्रत माताओं द्वारा संतान प्राप्ति तथा उनकी रक्षा के उद्देश्य से किया जाता हैं। ऐसा माना जाता है कि संतान सप्तमी के व्रत के प्रभाव से संतान के समस्त दुःख, परेशानीयों का निवारण होता है।

उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में भी महिलाओं द्वारा संतान प्राप्ति एवं संतान की सुरक्षा एवं रक्षा के लिए विधि विधान के साथ पूजा संपन्न की। यह व्रत स्त्रियाँ पुत्र प्राप्ति की इच्छा हेतु करती हैं। इस व्रत को विधि विधान के साथ करने से संतान के समस्त दुःख, परेशानियों का निवारण होता है तथा संतान की सुरक्षा का भाव लिये स्त्रियाँ इस व्रत को पुरे विधि विधान के साथ करती हैं। यह व्रत महिलाए एवं पुरुष अर्थात माता पिता दोनों मिलकर संतान के सुख के लिए रखते हैं। पूजा के पश्चात कथा सुनने का महत्व सभी हिन्दू व्रत में मिलता हैं। संतान सप्तमी व्रत की कथा पति पत्नी के साथ मिलकर सुनने से यह और अधिक प्रभावशाली माना जाता हैं। इस व्रत के उल्लेख के अंतर्गत माना जाता है कि श्री कृष्ण ने युधिष्ठिर के सामने किया था। यह व्रत करने का महत्व लोमेश ऋषि ने उनके माता पिता (देवकी वसुदेव) को बताया था। माता देवकी के पुत्रो को कंस ने मार दिया था, जिस कारण माता पिता के जीवन पर संतान शोक का भार था, जिससे उभरने के लिए उन्हें संतान सप्तमी व्रत करने के लिए कहा गया।

ग्रामसभाओं पर कार्यरत मनरेगा रोजगार सेवको ने ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के आगे जमकर नारे बाजी की

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह रजपुरा

रजपुरा विकासखंड क्षेत्र के ग्रामो मे ग्रामसभाओं पर कार्यरत मनरेगा रोजगार सेवको ने ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के आगे जमकर नारे बाजी की-: खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया रजपुरा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम रोजगार सेवकों का आरोप है

कि हम लोगों का लगभग 5 माह से मानदेय नहीं दिया गया है जिसके लिखित में प्रार्थना पत्र हम खंड विकास अधिकारी रजपुरा शिवप्रताप सिंह,एवं जिला के आला अधिकारियों को भी दे चुके हैं। उसके बावजूद भी हम लोगों का मानदेय नहीं मिला है जिस समस्या से संबंधित शिकायत पत्र खंड विकास अधिकारी को दी जाती है तो वह अभद्र व्यवहार के साथ हम लोगों के साथ बाज आते हैं कई बार उन्होंने हमारे साथ अभद्र व्यवहार किया है।

इन्हीं सब चीजों से आहत होकर आज हमने ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन जाहिर किया ।

अगर हमारी मांग नहीं मानी जाएगीं तो दिनांक 05 / 09/2022 से अनिश्चितकालीन धरना ब्लॉक परिसर में देंगे।इस मौके पर ब्लॉक में कार्यरत तमाम रोजगार सेवक मौजूद रहे सुरेश यादव, ओमपाल सिंह, सुगड़ पाल सिंह,, धारा सिंह, दीपचंद, शिवराज सिंह, राजकुमार, मुकेश शर्मा, प्रेमपालसिंह, ढगपाल, नेम पाल, तीरथ, अविंद्र, कृष्ण कुमार,राम निवास, मौजूद रहे। जब इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि मुझे रजपुरा ब्लाक में एक माह हुआ है ।

टेक्निकल कमी के कारण इन लोगों का मानदेय नहीं मिल पा रहा है

हमने अपने आला अधिकारियों को अवगत करा दिया है जैसे ही टेक्निकल समस्या का समाधान हो जाएगा इनका मानदेय मिल जाएगा हमने किसी रोजगार सेवक के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया।

जनपद संभल से महंगाई पर हल्ला बोल रैली

पंकज राघव ब्यूरो संभल/दैनिक समाज जागरण

दिनांक 4 सितंबर 2022 को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ता जनपद संभल से महंगाई पर हल्ला बोल रैली रामलीला मैदान दिल्ली को बसो व निजी वाहनों से सुबह 5:00 बजे चंदौसी मोहम्मदपुर टांडा सिरसी सम्भल बहजोई गुन्नौर असमोली आदि से प्रस्थान करेंगे

जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते आज आम जनमानस महंगाई की मार झेल रहा है जिसकी जिम्मेदार मोदी सरकार है क्योंकि मोदी सरकार केवल उद्योगपतियों की सरकार बन कर रह गई है किसानों मजदूरों और देश के युवाओं के साथ लगातार मोदी सरकार के द्वारा नए-नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं गोवंशीय पशुओं के द्वारा किसानों की फसलों को नष्ट किया जा रहा है और गोवंशीय पशु आवारा सड़कों पर घूम रहे हैं जिले से लेकर प्रदेश व केंद्र सरकार के द्वारा झूठ बोलने का काम किया जा रहा है और झूठा प्रचार किया जा रहा है देश में नफरत का माहौल बनाया जा रहा है एक तरफ देश के प्रधानमंत्री महिलाओं को सशक्त बनाने की बात करते हैं तो दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी की सरकार द्वारा बलात्कार के दोषियों को रिहा किया जाता है और फूल मालाओं से स्वागत किया जाता है